दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — घुंघरू की छमछम और तबले की थाप...

4 अभिव्यक्ति — दूर की कौड़ी है विपक्ष की एकता...

9 मनोरंजन/व्यापार — अनन्या पांडे ने रीक्रिएट किया डीडीएलजे...

11 खेल — रोहित और मंधाना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर...

www.navpradesh.com रायपुर, बुधवार 15 जनवरी, 2020, माघ कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-331 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बदलाव की बयार पूरे वेग से बह रही है। देश वाकई तेजी से बदल रहा है। महंगाई लगातार परवान चढ़ रही है लेकिन कोई उफ नहीं कर रहा है। लगता है सबकी क्रय शक्ति बढ़ गई है। अभी भी प्याज बड़े मजे से 60 रूपए किलो की दर पर बिक रहा है। हरी साग सब्जियां भी प्याज को कड़ी टक्कर दे रही है। खुदरा मुद्रा स्फीती अपनी लक्ष्मण रेखा पार कर चुकी है। एक माह के दौरान खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत से बढ़ कर 7.35 प्रतिशत हो गई है। ये महंगाई रूपी पतंग पता नहीं और कितनी ऊंची उड़ान भरेगी।

एक स्कूल ऐसा भी, सिर्फ छह बच्चों को पढ़ा रहे दो शिक्षक

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। प्रदेश के एक प्राथमिक स्कूल की बेहद रोचक व चौंका देने वाली अपनी ही कहानी है। कक्षाएं उतनी ही हैं, जितनी की एक सामान्य प्राथमिक सकूल में होती है। यानी पहली से पांचवीं तक। शिक्षकों की कमी भी नहीं है। इसके बावजूद भी तमाम ऐसे कारण व विसंगतियां मौजूद हैं जो इस स्कूल को सबसे जुदा बना देते हैं। बात हो रही है दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्यान ब्लॉक की लखारास ग्राम पंचायत के पंडेमपारा स्थित प्राथमिक स्कूल की। यहां छह बच्चों को दो-दो शिक्षक पढ़ा रहे हैं। जी हां, पांच कक्षाओं के इस स्कूल में सिर्फ छह बच्चों का ही दाखिला हुआ है। तुर्रा ये कि छह के छह एक ही कक्षा वो भी पहली में दाखिल हैं। यानी अन्य चार कक्षाओं में न ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दंतेवाड़ा के कटेकल्याण ब्लॉक पंडेमपारा प्राथमिक स्कूल में सिर्फ छह बच्चे, सभी के सभी पहली में

स्कूल का खुद का भवन भी नहीं पर दो शिक्षक कर रहे ड्यूटी

स्कूल का भवन भी नहीं, लग रहा आंगनबाड़ी में

पंडेमपारा का स्कूल इसलिए भी खास है क्योंकि इसका अपना पूरी तरह बना भवन नहीं है। स्कूल के शिक्षक पंकज व जितेंद्र खुद इस बात को बताते हैं। दोनों ने बताया कि आधा-अधूरा दिख रहा भवन स्कूल का है जो वर्षों से निर्माण कार्य पूरा होने की बांट जोह रहा है। स्कूल भवन के अभाव में अब छह बच्चों को गांव की आंगनबाड़ी में पढ़ाया जा रहा है।

स्कूल से पांच गुना ज्यादा बच्चे आंगनबाड़ी में

स्कूल में जितने बच्चे पढ़ रहे हैं, उससे 5 गुना अधिक बच्चे बच्चे तो आंगनबाड़ी में दर्ज हैं। जिनकी संख्या 31 है। ऐसे में लोगों कहना है कि प्रशासन को इस मामले पर संज्ञान लेत हुए स्कूल को या तो मर्ज कर देना चाहिए या फिर यहां बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए पर बड़े स्तर पर प्रयास करने चाहिए। पर फिलहाल ऐसा कुछ होता दिखाई नहीं दे रहा है।

सीएए प्रदर्शन: कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फटकारा

पाकिस्तान में नहीं है जामा मस्जिद

कोर्ट ने कहा- ऐसा कहीं नहीं लिखा कि धार्मिक जगह से नहीं किया जा सकता प्रदर्शन

नई दिल्ली ए.। भीम आर्मी नेता चंद्रशेखर की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिल्ली की अदालत ने पुलिस को फटकार लगाई। तीस हजारी कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि जामा मस्जिद के सामने शांतिपूर्वक प्रदर्शन होने देने में उन्हें दिक्कत क्या थी। कोर्ट में पाकिस्तान तक का जिक्र आया। कोर्ट ने आगे भीम आर्मी के नेता चंद्रशेखर को उभरता नेता भी कहा। दरअसल, जामा मस्जिद पर नागरिकता संशोधन कानून को लेकर प्रदर्शन के चलते चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें वहां प्रदर्शन की इजाजत नहीं थी। इस प्रदर्शन के बीच दरियागंज में हिंसा भी हुई थी।

पाकिस्तान में नहीं है जामा मस्जिद: कोर्ट

कोर्ट ने पुलिस से पूछा कि कौन से कानून में लिखा है कि धार्मिक स्थान के बाहर प्रदर्शन नहीं किया जा सकता? आगे कहा गया कि लोग शांति से कहीं भी प्रदर्शन कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा, 'लोग शांति से कहीं भी प्रदर्शन कर सकते हैं। जामा मस्जिद पाकिस्तान में नहीं है जो वहां प्रदर्शन नहीं करने दिया जाए। शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन तो पाकिस्तान में भी होने दिया जाता है।' ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ भीम आर्मी नेता चंद्रशेखर की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फटकारा

■ चंद्रशेखर को जामा मस्जिद पर सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करने पर गिरफ्तार किया गया था

केरल पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (वार्ता)। केरल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) की संवैधानिक वैधता को उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को चुनौती दी। किसी राज्य सरकार की ओर से केंद्र के इस कानून के खिलाफदायर यह पहली याचिका है। याचिका में पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) संशोधन नियम 2015 और विदेशी (संशोधन) आदेश 2015 को भी चुनौती दी गई है जिसने पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान से उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों के प्रवास को नियमित कर दिया है ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उत्तरी कश्मीर में भारी हिमस्खलन

4 जवान शहीद

■ पिछले 48 घंटे कई हिमस्खलन, कई जवानों को बचाव दल ने बचाया

श्रीनगर (वार्ता)। भारी बर्फबारी की मार झेल रहे उत्तरी कश्मीर में पिछले 48 घंटे कई हिमस्खलन में कुल 4 जवान शहीद हो गए हैं। सैन्य सूत्रों बताया कि माछिल सेक्टर में सेना की एक चौकी पर हुए हिमस्खलन में तीन सैनिकों की जान चली गई जबकि एक लापता है। उन्होंने बताया कि एक अन्य जवान को बचा लिया गया है। लापता जवान की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान जारी है। उधर, नौगाम सेक्टर में बीएसएफके 4 जवान बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए जिसमें तीन को बचा लिया गया है जबकि एक शहीद हो गया है।

सेना के सूत्रों ने बताया कि माछिल सेक्टर में 3 जवान शहीद हुए हैं। बताया जा रहा है कि इलाके में बर्फीला तूफान आया था जिसमें ये जवान दब गए और उनकी मौत हो गई। इलाके से कई जवानों को बचाया गया है। लापता जवान की तलाश जारी है।

बांदीपोरा जिले में भी हिमस्खलन

उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में भी सोमवार को हिमस्खलन की घटना हुई थी, जिसके कारण कुछ मकानों को नुकसान हुआ था। ऐवलॉन्च की घटना में फंसे 5 लोगों को सेना और प्रशासन की टीमों ने रेस्क्यू किया था। इससे पहले लेह में जांस्कर नदी पर बर्फ के ऊपर पानी बहने के बाद, चादर ट्रेक पर 41 ट्रेकर फंस गए थे जिन्हें बचा लिया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ने भी खराब मौसम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

12 से 14 जनवरी के बीच अब हर साल होगा युवा महोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। अब हर वर्ष 12 जनवरी से 14 जनवरी के बीच तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में यह ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने युवा महोत्सव के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 500 रुपए के इनसेंटिव का ऐलान भी किया। समापन समारोह के बाद मुख्यमंत्री ने युवाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान उनके साथ सेल्फी लेने युवाओं की भीड़ उमड़ी।

(विस्तृत समाचार पेज 3 पर)

राजीव हत्याकांड: जांच रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया असंतोष

नयी दिल्ली (वार्ता)। सीबीआई ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्या मामले में मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में जांच संबंधी स्थिति रिपोर्ट पेश की, जिसपर उसने असंतोष व्यक्त किया। सीबीआई ने बेल्ट बम की जांच के संबंध में न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की पीठ के समक्ष स्थिति रिपोर्ट पेश की। संबंधित जांच में एक दोषी एजी पेरारिवलन भी शामिल है।

नडेला ने सीएए पर जताया दुख, बीजेपी की लेखी का कटाक्ष, 'साक्षरों को शिक्षित होने की जरूरत'

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के बयान पर बीजेपी सांसद मीनाक्षी लेखी ने मंगलवार को तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह इस बात का सटीक उदाहरण है कि साक्षरों को शिक्षित होने की आवश्यकता है। सीएए पर 'बजफीड' के एक सवाल पर नडेला ने कहा कि भारत में जो कुछ हो रहा है वह काफी दुखी करने वाला है। नडेला ने कहा कि वह देश (भारत) में एक बांग्लादेशी प्रवासी को करोड़ों डॉलर की टेक कंपनी बनाने में मदद करते देखना या इंफोसिस का सीईओ बनते देखना पसंद करेंगे।

नडेला की इस टिप्पणी पर नई दिल्ली से लोकसभा सांसद लेखी ने कहा कि साक्षर लोगों को कैसे शिक्षित होने की जरूरत है, यह उसका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

12 लाख रु. लेकर डीएसपी देविंदर ने की थी आतंकियों को दिल्ली पहुंचाने की डील

नई दिल्ली ए.। जम्मू-कश्मीर के गिरफ्तार डीएसपी देविंदर सिंह ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। देविंदर ने पूछताछ में बताया है कि उसने 12 लाख में आतंकियों को दिल्ली पहुंचाने की डील की थी। आईजी विजय कुमार ने बताया कि देविंदर ने पहले आतंकियं को जम्मू पहुंचाया फिर उन्हें चंडीगढ़ पहुंचाना था जहां से आंतकी दिल्ली पहुंचते। खुफिया सूत्रों ने बताया कि आतंकियों की योजना गणतंत्र दिवस पर हमला करने की थी।

सुरंग पार कराता था देविंदर!

एक पुलिस अधिकारी ने सूत्रों को बताया कि शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि देविंदर सिंह आतंकियों से पैसे लेकर उन्हें बनिहाल सुरंग पार कराता था। इस बार भी 12 लाख रुपये में डील हुई थी। वह खुद गाड़ी में इसलिए बैठा था ताकि कोई पुलिस अधिकारी को वाहन में बैठा देखकर न रोकेगा न टोकेगा। जांच में पता चला कि नवीद बाबू ने ये पैसे न सिर्फ रास्ता पार कराने बल्कि जम्मू में शेल्टर देने के लिए भी दिए थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि कम से कम पांच बार डीएसपी ने आतंकियों को बनिहाल सुरंग पार कराने और जम्मू में शेल्टर देने के बदले पैसे वसूले हैं।

इस बीच इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए को सौंप दी गई है। इस बात को जांच के दायरे में रखा गया है कि कहीं आतंकी दिल्ली में 26 जनवरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निर्भया: सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों की क्यूरेटिव पिटिशन खारिज की

दया याचिका बाकी

■ मुकेश और विनय की याचिका खारिज

■ पांच जजों की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद सुनाया फैसला

■ 22 जनवरी को निर्भया के दोषियों को दी जानी है फांसी

नई दिल्ली (वार्ता)। निर्भया के दोषियों के लिए फांसी से बचने का कोर्ट का रास्ता अब बंद हो गया है। विनय शर्मा और मुकेश सिंह की क्यूरेटिव पिटिशन सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दिया। पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा 22 जनवरी को फांसी देने का डेथ वॉरंट जारी होने के बाद दोनों दोषियों ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

विनय ने याचिका में दी थीं ये दलीलें

निर्भया के गुनहगार विनय ने अपनी क्यूरेटिव पिटिशन में अपनी युवावस्था का हवाला देते हुए कहा था कि कोर्ट ने इस पहलू को त्रुटिवश अस्वीकार कर दिया है। याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितयों, उसके बीमार माता-पिता सहित परिवार के आश्रितों और जेल में उसके अच्छे आचरण और उसमें सुधार की गुंजाइश के बिंदुओं पर पर्याप्त विचार नहीं किया गया है और जिसकी वजह से उसके साथ न्याय नहीं हुआ।

क्यूरेटिव पिटिशन खारिज होने के बाद राष्ट्रपति के सामने दया याचिका दायर किए जाने का प्रावधान है। राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद-72 एवं राज्यपाल अनुच्छेद-161 के तहत दया याचिका पर सुनवाई करते हैं। इस दौरान राष्ट्रपति गृह मंत्रालय से रिपोर्ट मांगते हैं। मंत्रालय अपनी सिफारिश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संसद में जो कहा जाना चाहिए था, नहीं कहा गया, इसलिए लोग सड़कों पर हैं

सीएए प्रदर्शन पर अदालत ने कहा

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की एक अदालत ने भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के खिलाफकोई सबूत नहीं दिखा पाने को लेकर मंगलवार को दिल्ली पुलिस की खिंचाई की और कहा कि लोग सड़कों पर इसलिए हैं क्योंकि जो चीजें संसद के अंदर कही जानी चाहिए थी, वे नहीं कही गईं।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कामिनी लाऊ ने कहा कि दिल्ली पुलिस ऐसे बर्ताव कर रही है जैसे कि जामा मस्जिद पाकिस्तान है और यदि ऐसा है तो भी कोई भी व्यक्ति वहां शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सकता है। न्यायाधीश ने कहा कि पाकिस्तान एक समय अविभाजित भारत का हिस्सा था।

अदालत की टिप्पणी आजाद की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान आयी। आजाद को पुरानी दिल्ली के दरियागंज में सीएए विरोधी प्रदर्शन से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने कहा, 'संसद के अंदर जो बातें कही जानी चाहिए थीं, वे नहीं कही गयीं। यही वजह है कि लोग सड़कों पर उतर गये हैं। हमें अपना विचार व्यक्त करने का पूरा हक है लेकिन हम देश को नष्ट नहीं कर सकते।'

अदालत ने कहा, 'आप ऐसे बर्ताव कर रहे हैं जैसे जामा मस्जिद पाकिस्तान हो और यदि वह पाकिस्तान है तो भी आप वहां जा सकते हैं और प्रदर्शन कर सकते हैं। पाकिस्तान अविभाजित भारत का हिस्सा था।' अदालत ने पुलिस के जांच अधिकारी से उन सारे सबूतों को पेश करने को कहा जो दर्शाते हों कि आजाद जामा मस्जिद में सभा को कथित रूप से भड़काऊ भाषण दे रहे थे। जांच अधिकारी से ऐसा कानून भी बताने को कहा गया जिससे पता चले कि सभा असंवैधानिक थी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख बुधवार तय की।

सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा कि उसके पास सबूत के तौर पर बस सभा की ड्रोन तस्वीरें हैं, अन्य कोई रिकार्डिंग नहीं है। इस पर न्यायाधीश ने कहा, 'क्या आप सोचते हैं कि दिल्ली पुलिस इतनी पिछड़ी है कि उसके पास किसी चीज की रिकार्डिंग करने के यंत्र नहीं हैं?' अदालत ने कहा, 'मुझे कुछ ऐसी चीज या कानून दिखाइए जो ऐसी सभा को रोकता हो... हिंसा कहां हुई? कौन कहता है कि आप प्रदर्शन नहीं कर सकते... क्या आपने संविधान पढ़ा है।

चंद्रशेखर की जमानत अर्जी पर कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फटकारा, कहा- जामा मस्जिद पाकिस्तान में नहीं

नई दिल्ली(ए.)। नागरिकता संशोधन कानून पर दिल्ली के दरियागंज में प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने पुलिस को फटकार लगाई।

पब्लिक प्रोसिक्यूटर की तरफ से चंद्रशेखर आजाद की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि गया कि उसने सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए हिंसा भड़काई थी, लेकिन तीस हजारी सेशन कोर्ट की जज कामिनी लौ ने कहा कि इसमें उसके खिलाफ कोई हिंसा की बात नहीं है।

लौ ने सवाल उठाया कि क्या प्रदर्शन और धरना गलत है। इसके साथ ही, उन्होंने पब्लिक प्रॉसिक्यूटर को यह याद दिलाया कि प्रदर्शन एक संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने यहां तक पूछा कि उन्होंने संविधान को पढ़ा होगा।

लाइव लॉ वेबसाइट के मुताबिक, जज ने पब्लिक प्रसिक्यूटर से कहा- आप ऐसे बर्ताव कर रहे हैं जैसे जामा मस्जिद पाकिस्तान में है। अगर यह पाकिस्तान में होता तो आप वहां जाकर प्रदर्शन कर सकते थे।

नोएडा : पुलिस कमिश्नर के आने से पहले पुलिस दफ्तर में जलाई गई फाइलें

ग्रेटर नोएडा। नोएडा में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होने और नए पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के ग्रेटर नोएडा पुलिस मुख्यालय में कार्यभार लेने से पहले बड़ी खबर सामने आई है। पुलिस मुख्यालय की कुछ फाइल और कागजात जलाए गए हैं। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ये रद्दी और बेकार कागजात थे, जो कूड़े में जलाए गए हैं। पुलिस कमिश्नर की आमद से पहले ग्रेटर नोएडा स्थित पुलिस ऑफिस में कागजों को जलाए जाने से पुलिस पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। जले दस्तावेजों की जो तस्वीर सामने आई हैं, वह गैंगस्टर और गुंडा एक्ट की जलती दिखी हैं। अब सवाल उठ रहा है आखिर क्यों फाइलें जलाई गई हैं। ये दस्तावेज दफ्तर के पीछे जलाए गए हैं। कुछ चश्मदीदों ने कहा कि कुछ जांच रिपोर्ट जलाई गई हैं। इन्हें जलाने का मकसद पुलिस अधिकारी बता नहीं रहे हैं। सवाल है कि आखिर किसके कहने पर फाइलें जलाई गई हैं।

स्पोर्ट्स इवेंट में स्कूली छात्र के सिर के अंदर घुसा भाला, डेढ़ घंटे की सर्जरी के बाद निकला

कोलकाता। 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोय'- यह कहावत भले ही पुरानी हो गई हो लेकिन पश्चिम बंगाल के एक स्कूल में इसका सीधा-सीधा उदाहरण देखने को मिला। छठी क्लास में पढ़ने वाले एक बच्चे के सिर में भाला घुस गया लेकिन उसकी जान बच गई। डॉक्टरों ने सर्जरी कर सिर से भाला निकाल दिया। हालांकि, इसके बाद उसका आधा शरीर पैरलाइज हो गया है और अब उसके ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। हावड़ा के श्यामपुर में नयन चंद्र विद्यापीठ स्कूल में स्पोर्ट्स डे का इवेंट चल रहा था जिसमें एक स्कूली छात्र की जान बाल-बाल बच गई। छठी क्लास में पढ़ने वाला सौरजीत बेरा स्पोर्ट्स इवेंट में पार्ट ले रहा था। इवेंट में जैवलिन थ्रो भी चल रहा था। इसी दौरान एक नुकीला जैवलिन सौरजीत के सिर में लग गया। सीधे सिर में लगे भाले को देखकर सबके होश उड़ गए।

कर्नाटक में PMC जैसा मामला, राघवेंद्र को-ऑपरेटिव बैंक पर RBI ने लगाई पाबंदियां

नई दिल्ली। पंजाब ऐंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक के बाद अब रिजर्व बैंक ने एक और सहकारी बैंक पर अपना शिकंजा कस दिया है। बेंगलुरु स्थित श्री गुरु राघवेंद्र सहकारी बैंक पर RBI ने कई तरह की पाबंदियां लगा दी हैं। बैंक के ग्राहक खाते से सिर्फ35 हजार रुपये निकाल सकेंगे। यह बैंक अगले छह महीने तक रिजर्व बैंक की अनुमति के बिना न तो कोई नया लोन दे सकता है और न कोई निवेश कर सकता है।

डीएसपी, खान होते तो संघ हंगामा करता : अधीर

- जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी देविंदर सिंह की गिरफ्तारी को कांग्रेस ने सांप्रदायिक रंग दे दिया है
- कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अगर डीएसपी का नाम देविंदर खान होता तो कुछ और प्रतिक्रिया आती

नई दिल्ली(ए.)। जम्मू-कश्मीर पुलिस की ऐंटी-हाइजैकिंग यूनिट के डीएसपी देविंदर सिंह की आतंकवादियों के साथ संबंधों के खुलासे पर जारी बहस को लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने नया मोड़ दे दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के साथ गिरफ्तार डीएसपी का नाम देविंदर सिंह की जगह देविंदर खान होता तो सोशल मीडिया पर आरएसएस की ट्रोल आर्मी हंगामा बरपा देती।

पुलवामा हमले का राग अलाप

चौधरी ने आगे लिखा, 'घाटी की सुरक्षा में सामने आ चुकी खोट ने हमें हैरान कर दिया है। ऐसे में हम छोटे-छोटे मुद्दों पर सतर्क और बड़े गंभीर मुद्दों पर शांत नहीं रह सकते।' अपने आखिरी ट्वीट में उन्होंने पुलवामा अटैक की नए सिरे से जांच की मांग उठाई। उन्होंने लिखा, 'अब यह सवाल निश्चित तौर पर उठेगा कि पुलवामा की विभत्स घटना के पीछे असली गुनहगार कौन थे, इस पर नए सिरे से विचार की जरूरत है।' 14 फरवरी, 2019 को कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षा बलों के काफिले पर हमला हुआ था।

उन्होंने कहा कि अब पुलवामा हमले की भयावह घटना के पीछे असल में किसका हाथ था, इसकी भी दोबारा जांच जरूरी है। उधर, कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने गिरफ्तार डीएसपी को महज मोहरा बताते हुए गृह मंत्री और प्रधानमंत्री से पूछा है कि असली साजिशकर्ता कौन है?

सांप्रदायिक रंग देकर साधा RSS पर निशाना

कांग्रेस सांसद ने डीएसपी की गिरफ्तारी से हुए खुलासे से संबंधित एक के बाद एक तीन ट्वीट किए। पहले ट्वीट में उन्होंने आरएसएस पर निशाना साधते हुए लिखा, 'देविंदर सिंह की जगह देविंदर खान होता तो आरएसएस के ट्रोल रेजिमेंट की प्रतिक्रिया ज्यादा कठोर और मुखर होती।' उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों की आलोचना रंग, संप्रदाय और धर्म देखे बिना होनी चाहिए।

अधीर रंजन के बयान पर बीजेपी आग बबूला कहा- कांग्रेस का पाकिस्तान से है कनेक्शन

नई दिल्ली(ए.)। आतंकियों की मदद में गिरफ्तार जम्मू-कश्मीर के डीएसपी देविंदर सिंह पर बीजेपी और कांग्रेस में जुबानी जंग शुरू हो गई है। बीजेपी ने आज कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि देश की इस सबसे पुरानी पार्टी का पाकिस्तान के साथ कुछ न कुछ कनेक्शन जरूर है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के डीएसपी देविंदर सिंह की गिरफ्तारी में धर्म ढूंढने पर करारा प्रहार हुए बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस ने वही किया है जिसमें वह निपुण है, भारत के ऊपर हमला और पाकिस्तान को बचाने की कोशिश।

कांग्रेस ने धर्म भी ढूंढ लिया': बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, 'आव देखा न ताव, कांग्रेस ने धर्म ढूंढ लिया है। आतंकवाद पर धर्म की राजनीतिक करना कांग्रेस की राजनीतिक तरीका रहा है। भगवा आतंकवाद, हिंदू आतंकवाद जैसे शब्द कांग्रेस ने ही गढ़े हैं। सोनिया गांधी के इशारे पर यह सब हो रहा है।'

उन्होंने कहा, 'कुछ तो गड़बड़ है, कुछ तो कनेक्शन पाकिस्तान के साथ है। वरना, बार-बार वही जुबान पाकिस्तान बोलता है। शाम तक हाफिज सईद और इमरान खान, दोनों का ट्वीट आ जाएगा समर्थन में। हेडलाइंस चलने शुरू हो गए हैं पाकिस्तान के मीडिया में। वहां के मीडिया ने इस विषय को उठा लिया है। आप इंतजार कीजिए आज फिर से हाफिज सईद कहेगा, 'आई लव यू कांग्रेस।' वह पहले भी कह चुका है कि मैं कांग्रेस से बहुत प्यार करता हूं।

बिहारी कहलाने से शर्मिंदा हूं, मरूं तो यहां की धरती पर मत जलाना: पप्पू यादव

समस्तीपुर(वार्ता)। जन अधिकार पार्टी के प्रमुख और पूर्व सांसद पप्पू यादव को बिहारी कहलाने पर शर्म महसूस होती है। उन्होंने अपने समर्थकों से यहां तक कह दिया कि अगर उनकी मौत हो जाए तो उनका अंतिम संस्कार भी बिहार की धरती पर न किया जाए। पप्पू यादव ने कहा, 'जेएनयू पर हमला हुआ तो सभी विश्वविद्यालय सड़क पर थे, यहां तक कि आंध्र प्रदेश में प्रदर्शन हो रहा था, लेकिन बिहार में नहीं हुआ, इसलिए मुझे बिहारी कहलाने पर शर्म आती है।'

पप्पू यादव ने नागरिकता संशोधन कानून, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'मैं कौन-से पागल देश और बिहार में पैदा हो गया। यहां बोलने की आजादी छीन ली जाती है। बिहारी कहलाने को लेकर मैं शर्मिंदा हूं। अगर मेरी मौत हुई तो मुझे बिहार की धरती पर मत जलाना।'

सीएम योगी पर बोला हमला: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, 'वह (योगी आदित्यनाथ) आंदोलन कर रहे लोगों से बदला लेने की बात करते हैं। वह कहते हैं कि बदला लेंगे। क्या इन्हीं को बदला लेने आता है। आप शेर हो, तो सवा शेर भी हैं।

ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी बोले-

विमान गिराने के आरोपी को सजा मिलनी ही चाहिए

नई दिल्ली। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने मंगलवार को कहा कि पिछले सप्ताह यूक्रेन के विमान को गिराने के आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए। हमारे लोगों के लिए ये बहुत जरूरी है कि किसी भी स्तर पर ये लापरवाही करने वालों को सजा दी जानी चाहिए। ये बयान उन्होंने एक टेलिविजन इंटरव्यू में कही। उन्होंने कहा कि जो सजा का भागी है उसे सजा मिलनी ही चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायपालिक को बड़े जजों की एक स्पेशल कोर्ट बनानी चाहिए जिसमें दर्जनों विशेषज्ञ हों। बता दें कि बीते बुधवार को तेहरान ने यूक्रेन एयरलाइन के एक विमान को मिशाइन से गिरा दिया थे। इस दुर्घटना में 176 यात्रियों की मौत हो गई थी। हालांकि ईरान ने पहले कई दिनों तक अमेरिकी खुफिया जानकारी के आधार पर पश्चिमी दावों का खंडन किया कि मिसाइल के जरिए उसने ही यूक्रेन का विमान गिराया था। उधर यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को मांग की कि ईरान यूक्रेनी एयरलाइनर को गिराने के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करे और इसके लिए मुआवजे का भुगतान करे।

गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार अपाचे और चिनूक होंगे आकर्षण



वायुसेना में हाल में शामिल किए गए लड़ाकू हेलीकॉप्टर अपाचे और परिवहन हेलीकॉप्टर चिनूक इस वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर फ्लाईपास्ट में पहली बार शामिल होंगे।

मारक क्षमता के लिए मशहूर है अपाचे

350 किमी/ प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार से उड़ान भरने वाला अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर है। पिछले साल ही इसे वायुसेना के बेड़े में शामिल किया गया। पूरी दुनिया में अपनी मारक क्षमता के लिए मशहूर है अपाचे हेलिकॉप्टर।

तीर जैसा आकार बनाएंगे अपाचे हेलिकॉप्टर

अपाचे के प्रदर्शन में वायुसेना के नए लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को देखा जा सकेगा। पांच लड़ाकू हेलीकॉप्टर तीर जैसा फॉर्मेशन 'एरोहेड फॉर्मेशन' बनाएंगे।

विक फॉर्मेशन में नजर आएंगे चिनूक

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चिनूक के प्रदर्शन में तीन नए परिवहन हेलीकॉप्टर 'विक फॉर्मेशन' में होंगे। इस तरह के प्रदर्शन में एक हेलीकॉप्टर आगे की ओर और बाकी दो उसके इर्द-गिर्द थोड़ा पीछे की ओर होते हैं।

चिनूक हेलिकॉप्टर का खास अंदाज दिखेगा

विक फॉर्मेशन में एक हेलीकॉप्टर आगे की ओर और बाकी दो उसके इर्द-गिर्द थोड़ा पीछे की ओर होते हैं।

राफेल और तेजस शामिल होंगे वायु सेना की झांकी में

गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में वायुसेना की झांकी भी होगी। इस झांकी में राफेल लड़ाकू विमान, स्वदेश में विकसित हल्के लड़ाकू विमान तेजस, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें आकाश तथा अस्त्र को प्रदर्शित किया जाएगा।

निर्भया गैंगरेप केस | संविधान के आर्टिकल 72 के तहत राष्ट्रपति के पास फांसी की सजा टालने या पूरी तरह रोकने का अधिकार होता है

क्या है दया याचिका, जानें राष्ट्रपति कैसे लेते हैं फैसला

नई दिल्ली(वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने निर्भया के चार में से दो दोषियों विनय शर्मा और मुकेश सिंह की क्यूरेटिव पिटिशन को खारिज कर दिया है। पटियाला हाउस कोर्ट द्वारा डेथ वॉरंट जारी होने के बाद इन दोनों दोषियों ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 22 जनवरी को दोषियों को फांसी पर लटकाने का डेथ वॉरंट जारी किया था। अब विनय शर्मा और मुकेश सिंह के पास फांसी से बचने का एक ही रास्ता बच गया है।

क्यूरेटिव पिटिशन खारिज होने के बाद अब दोनों राष्ट्रपति से दया की गुहार लगा सकते हैं। हालांकि, अक्षय ठाकुर और पवन गुप्ता के पास क्यूरेटिव पिटिशन दायर करने का विकल्प अब भी बचा है। सुप्रीम कोर्ट से क्यूरेटिव पिटिशन खारिज होने के बाद दोषियों के वकील एपी सिंह ने कहा है कि वह संविधान से मिले अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे। आइए जानते हैं कि राष्ट्रपति किसी गुनहगार की याचिका पर क्षमा दान देने या नहीं देने का फैसला कैसे करते हैं?

जब अदालतों का दरवाजा हर तरफसे बंद हो जाए तो फांसी की सजा प्राप्त गुनहगार राष्ट्रपति से क्षमा दान की गुहार लगाता है। वह राष्ट्रपति से फांसी की सजा कम को करने की मांग करता है। आम तौर पर क्षमादान की प्रक्रिया में सबसे पहले राष्ट्रपति भवन मामले से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल के लिए दया याचिका की एक कॉपी गृह मंत्रालय को भेजता है। गृह मंत्रालय इस फाइल को संबंधित राज्य सरकार को भेजता है जो अपने गृह और कानून मंत्रालयों से इस बारे में राय देने के लिए कहती है। केंद्रीय कानून मंत्रालय से भी राय-मशविरा किया जाता है।

इसके बाद मंत्रालय फाइल राष्ट्रपति कार्यालय को भेजता है। उस राय के मद्देनजर राष्ट्रपति को यह फैसला लेना होता है कि उस व्यक्ति को क्षमादान दिया जाए या नहीं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति के पास सजा माफकरने, फांसी की सजा पर रोकने या उसे रद्द करने, फांसी को उम्रकैद में तब्दील करने, उम्रकैद को कम करने या माफकरने का अधिकार होता है। राज्यपाल को यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 161 से प्राप्त है।

क्षमा आदि की और कुछ मामलों में दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राष्ट्रपति की शक्ति

(1) राष्ट्रपति को, किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराए गए किसी व्यक्ति के दंड को क्षमा, उसका प्रविलंबन, विराम या परिहार करने की अथवा दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की...

(क) उन सभी मामलों में, जिनमें दंड या दंडादेश सेना न्यायालय ने दिया है,

(ख) उन सभी मामलों में, जिनमें दंड या दंडादेश ऐसे विषय संबंधी किसी विधि के विरुद्ध अपराध के लिए दिया गया है जिस विषय तक संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार है,

(ग) उन सभी मामलों में, जिनमें दंडादेश, मृत्यु दंडादेश है, शक्ति होगी।

(2) खंड (1) के उपखंड (क) की कोई बात संघ के सशस्त्र बलों के किसी आफिसर की सेना न्यायालय द्वारा पारित दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की विधि द्वारा प्रदत्त शक्ति पर प्रभाव नहीं डालेगी।

(3) खंड (1) के उपखंड (ग) की कोई बात तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी राज्य के राज्यपाल* द्वारा प्रयोक्तव्य मृत्यु दंडादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की शक्ति पर प्रभाव नहीं डालेगी।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति और पोंगल पर्व की दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जनता को मकर संक्रांति और पोंगल पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की है। मुख्यमंत्री ने आज यहां जारी शुभकामना संदेश में कहा है कि सूर्य को अन्न धन का दाता और समस्त ऊर्जा का आधार माना गया है। भारत में सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होकर मकर रेखा की ओर जाने का स्वागत उमंग और उत्साह से किया जाता है।

छत्तीसगढ़ में होगा डिप्टी मेयर का पद !

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने प्रदेश के नगर निगमों में उप महापौर पद के लिए परिपत्र जारी करने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री से आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि नगरीय निकायों में उप महापौर के पद के संबंध में प्रचलित अधिनियम एवं नियमों में स्पष्ट उल्लेख नहीं है। प्रदेश के नगर निगमों के क्षेत्रफल एवं कार्य के व्यापक स्वरूप को देखते हुए उप महापौर पद के सृजन का अधिकार महापौर को प्रत्योजित किया जाना चाहिए। श्री सिंहदेव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री से इस संबंध में शासन स्तर से स्पष्ट परिपत्र या दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

आज 'जनचौपाल स्थगित रहेगा

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में 15 जनवरी बुधवार को आयोजित होने वाला 'जनचौपाल भेंट-मुलाकात' का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा।

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी पदस्थ

रायपुर। राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। मंत्रालय महानदी भवन से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज जारी आदेश के अनुसार बेमेतरा जिले की कलेक्टर सुश्री शिखा राजपूत तिवारी को गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार श्री सौरभ कुमार, संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग को आयुक्त नगर निगम रायपुर पदस्थ किया गया है।

गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरशोर से

रायपुर। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को मनाये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुलिस कर्मियों को परेड का रिहर्सल कराया जा रहा है। राजधानी में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य आयोजन की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। समारोह में पुलिस परेड के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

युवा महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया ऐलान

अब हर वर्ष 12-14 जनवरी के बीच युवा महोत्सव

- कहा-तीनों दिन शामिल होना चाहता था महोत्सव में, पर स्वास्थ्य कारणों से ये नहीं हो पाया संभव
- हर प्रतिभागी के लिए 500 रुपए के इंसेंटिव की भी घोषणा

युवाओं के साथ सीएम ने बजाए वाद्य यंत्र, सेल्फी लेने उमड़ी भीड़: मुख्यमंत्री भूपेश बघेलयुवा महोत्सव के समापन समारोह के बाद युवाओं के बीच पहुंचे और उनका न केवल उत्साहवर्धन किया, बल्कि उनके साथ ताल में ताल मिलाकर वाद्य-यंत्रों को बजाकर झूमे भी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेने युवाओं की भीड़ भी उमड़ी।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अब हर वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी से 14 जनवरी के बीच तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यह घोषणा मंगलवार की शाम युवा महोत्सव के समापन अवसर पर दिए अपने उद्बोधन में की। युवा महोत्सव में दिखे प्रदेश के युवाओं के उत्साह के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने युवा महोत्सव के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 500 रुपए के इनसेंटिव का ऐलान भी किया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा, 'मैं महोत्सव के तीनों दिन शामिल होना चाहता था और अपने बचपन को सबके साथ फिर से अनुभव करना चाहता था। लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने यह संभव नहीं हो सका। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं के उत्साह की चमक और प्रतिभा ने यह साबित कर दिया है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं को अवसर प्रदान करने उद्देश्य हासिल हो गया है।

मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करें युवा : डॉ. महंतः कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि महंत ने कहा कि शिक्षा से चरित्र का निर्माण होता है और इस समय अच्छी सरकार का साथ युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने युवाओं का आव्हान किया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के खेलबो, जीतबो और गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करें। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में 7 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी की बात सामने नहीं आई और यह सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

युवा महोत्सव तीसरे और अंतिम दिन छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल फुगड़ी में जोहर दिखाते युवा और बुजुर्ग...

रायपुर। युवा महोत्सव तीसरे और अंतिम दिन सुबह छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल फुगड़ी में जोहर दिखाते बच्चे, युवा और बुजुर्ग।

20 साल में पहली बार मिला युवओं को ऐसा मौका : वहीं कृषिमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बने 20 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन यह पहली बार है जब युवाओं को ऐस भव्य मंच पर अपनी कला व प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिला। समापन समारोह को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने भी संबोधित किया। प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री व अधिकारीगण भी समारोह में मौजूद रहे।

युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने ऐप लॉन्च : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने युवा महोत्सव के समापन समारोह में कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार रोजगार संगी मोबाइल ऐप लॉन्च किया। कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह मोबाइल ऐप बनाया गया है। रोजगार संगी ऐप रोजगार प्रदान करने वाली संस्थाओं अथवा व्यक्ति विशेष तथा कौशल प्रशिक्षित युवाओं के मध्य एक सेतु की तरह कार्य करेगा, जिसमें रोजगार प्रदान करने वाली संस्थाएं अथवा व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं से सम्पर्क कर सकते हैं।

दुष्कर्म के आरोपी ओएसडी ओपी गुप्ता के पास है करोड़ों की संपत्ति

कीमती जमीन को मिट्टी के मोल खरीदा

- नाबालिग से दुष्कर्म मामले में न्यायिक अभिरक्षा में हैं 16 तक
- पूर्ववर्ती सरकार के वक्त ही करोड़ों की संपत्ति लाखों में खरीदी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नाबालिग का दैहिक शोषण करने के आरोप में न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी ओपी गुप्ता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल वे पास्को एक्ट के तहत जेल में बंद हैं अब उनकी संपत्ति पर भी शासन की नजर पड़ गई है। पूर्ववर्ती सरकार के वक्त सूबा-ऐ-सदर के नीज सचिव की हैसियत से काम करते वक्त जुटाई संपत्ति का ब्यौरा भी लिया जा सकता है। कम वक्त में ही रिजॉर्ट, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, विधानसभा में करोड़ों की जमीन को चंद लाख रुपए में खरीदने से लेकर आलीशान मकान, गाड़ियां और बैंक खाते भी चर्चा में है।

जानकारी के मुताबिक आज मंदी के इस दौर में रिंग रोड 3 में जब ज़मीन की कीमत करोड़ों रुपए है। ऐसे में जब जमीन कारोबार पूरे शबाब पर था उस वक्त यानि कि वर्ष 2013 में ओपी गुप्ता ने प्राइम लोकेशन में 3 एकड़ जमीन अपनी पत्नी के नाम से मात्र 6 लाख रुपए में मिल गई। जिसे 6 लाख में खरीदना बताया है वह कम से कम 2 करोड़ रुपये एकड़ कीमत की है। 2013 में जब ज़मीन की मांग कमज़ोर नहीं हुई थी, तब इसकी कीमत अगर आधी भी रही होगी तो इसकी कीमत कम से कम एक करोड़ रुपये प्रति एकड़ रही होगी। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री के मौजूदा पीए और उस समय ओएसडी रहे ओपी गुप्ता की पत्नी कमला गुप्ता को ये जमीन मात्र 6 लाख रुपये एकड़ की दर से 72 डिसमिल मिल गई थी। यानी करीब 13 रुपये वर्गफीट। उस वक्त छत्तीसगढ के किसी भी शहर में ज़मीन इतनी सस्ती नहीं थी। ये ज़मीन शंकर नगर के लवकुश से 27 जुलाई 2013 को खरीदी गई थी। ओपी गुप्ता एक नाबालिग के साथ यौन शोषण के मामले में फिलहाल जेल में हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से यहां उनकी पत्नी के नाम से खरीदी गई करीब 3 एकड़ जमीन पर कमर्शियल कांप्लेक्स, रिजार्ट और कॉटेज बनाने का लेआउट पास कराया था।

दिलचस्प बात है कि विधानसभा के करीब 26 लाख रुपये में 3 एकड़ ज़मीन की रजिस्ट्री कराई थी। ये ज़मीन 2008 से 2013 के बीच खरीदी गई थी। पांच साल पहले इस ज़मीन का बाज़ार मूल्य करोड़ों में रहा होगा। फिर ये जमीनें कैसे ओपी गुप्ता को चंद लाख में मिल गई यह जांच का विषय है। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि राजस्व बचाने के लिए जमीनें कम कीमत पर खरीदी दर्शाई गई होंगी।

गॉस मेमोरियल मैदान में उड़ी कांग्रेसी पतंग

- महापौर एजाज ढेबर ने आयोजन के बहाने दिया भाईचारे का संदेश
- उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा को तिल के लड्डू से तौला गया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के ग्रास मेमोरियल मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पतंगबाजी का आयोजन किया गया। वहीं रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा को तिल के लड्डूओं से तौला गया। इस दौरान नव निर्वाचित महापौर एजाज ढेबर, पूर्व महापौर किरणमयी नायक, सतनाम सिंह, जीतेन्द्र अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल शामिल रागे। आपको बता दें कि मकर संक्रांति उत्सव के दौरान आज ग्रास मेमोरियल मैदान में महापौर एवं सभी 70 पाषर्दों को पतंग देकर समामनित किया गया।

आपको बता दें रायपुर नगर निगम के नव निर्वाचित महापौर एजाज ढेबर ने मकर संक्राति के अवसर पतंगबाजी के माध्यम से शहरवासियों को भाईचारे व सबके साथ मिलजुलकर रहने का सन्देश दिया। साथ ही उन्होंने शहर वासियों को मकरसंक्रांति व पोंगल की बधाई भी दिया। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस कार्यक्रम में शरीक होने वाले थे, लेकिन स्वास्थ्यगत कारणों से वे नहीं शामिल हो पाए।

बेरोजगारी और महंगाई से ध्यान भटका रही भाजपा सरकार : त्रिवेदी

रायपुर (नवप्रदेश)। 45 साल में देश में आज बेरोजगारी सबसे अधिक है। महंगाई और बेरोजगारी की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि 2018 में 12 हजार बेरोजगारों ने एनसीआरबी के आंकड़ो के मुताबिक आत्महत्या की। सरकारी नौकरियां 39 हजार कम हुयी है। 16 लाख रोजगार के अवसर कम हुये है। नौकरी वालों के घर जो पैसा भेजते है उसमें भी कमी आई है। ऊपर महंगाई की मार है। महंगाई की मार झेल रहे झेल-झेल के घरो की गृहस्थी का बजट बिगड़ गया है। महंगाई की इस मार को झेल

रहा आदमी बेरोजगारी और आर्थिक मंदी दंश भोगने के लिये मजबूर है। साढ़े पांच साल के सबसे ऊंचे स्तर पर महंगाई पहुंच चुकी है और खाने पीने की वस्तुएं सबसे ज्यादा महंगी हुयी है अर्थात् मोदी सरकार ने लोगों को रोजी-रोजगार से भी वंचित किया है। खाने की चीजें महंगी करके दोहरी मार लोगो पर पड़ी है। इन सबसे ध्यान हटाने के लिये धर्म से धर्म को लड़ाने की कोशिशों हो रही है।

आईएएस रेणु पिल्ले और सुब्रत साहू प्रमोट होकर एसीएस बनें, विभाग यथावत

रायपुर (नवप्रदेश)। राज्य सरकार ने सूबे के दो प्रमुख सचिवों को प्रमोशन देते हुए उन्हें एडिशनल चीफसिकरेट्री बना दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आज शाम इसका आदेश भी जारी कर दिया। सरकार ने दो प्रमुख सचिवों को पदोन्नत किया है। इनमें 91 बैच की रेणु पिल्ले और 92 बैच के सुब्रत साहू शामिल हैं। एडिशनल सिकरेट्री बनने के बाद भी दोनों के विभाग यथावत रहेंगे। रेणु के पास कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा तथा रोजगार विभाग और सुब्रत साहू के पास

गृह और पंचायत बना रहेगा।

रेणु और सुब्रत को एसीएस बनाने के बाद मंत्रालय में अब एसीएस की चीफ सिकरेट्री को मिलाकर संख्या चार हो गई है। अभी तक सीएस मंडल के बाद सिर्फ एक अमिताभ जैन एसीएस थे। सीनियर लेवल पर अफसरों की कमी का हवाला देते हुए राज्य सरकार ने दोनों अफसरों को समय से पहले प्रमोशन देने के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी थी। असल में, एसीएस चीफ सिकरेट्री सवंर्ग में आता है। इसके लिए 30 साल की सर्विस जरूरी है। भारत सरकार से पत्र का जवाब न आने की स्थिति में 30 दिवस गुजर जाने के बाद सरकार ने आज दोनों अफसरों को एसीएस बना दिया।

किसानों को खेती किसानी के लिए मौसम आधारित सलाह

रायपुर। कृषि संचालनालय के कृषि वैज्ञानिकों ने राज्य के किसानों को इस मौसम में खेती किसानी के लिए सलाह दी है कि वर्षा होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए खेतों में जल निकास की उचित व्यवस्था करें। लगातार बदली एवं वर्षा को देखते हुए दलहन तिलहन एंव सब्जी वाली फसलों में माहू (एफिड) के प्रकोप की आशंका है। इसके लिए सतत निगरानी रखे एवं प्रारंभिक प्रकोप दिखने पर नीम आधारित कीटनाशकों का छिडकाव करें। वर्तमान मौसम को देखते हुए किसान अरहर की फसल की सतत निगरानी करे एवं प्रारंभिक प्रकोप दिखने पर अनुशंसित दवाओं का प्रयोग करें।

तान्हा जी के बहाने पूर्व सीएम डॉ.रमन सिंह का दीपिका और कांग्रेस पर ताना, बोले

दीपिका का जेएनयू जाना, कांग्रेस का फिल्म को टैक्स फ्री करना पहले से था तय

- पूर्व सीएम की अपील युवाओं को जरुर देखनी चाहिए तान्हा जी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सूबे की सियासत जरा फिल्मी हो गई है। एक साथ एक ही दिन दो अलग विषयों पर बनीं बॉलीवुड की फिल्म छपाक और तान्हा जी पर कांग्रेस-भाजपा के बीच विचारधाराओं को जाहिर करने का एक जरिया भी साबित हो रही हैं। फिल्म छपाक में समाज के लिए एक संदेश और ज्वलंत मुद्दों पर आधारित है। छपाक की अभिनेत्री दीपिका पादुकोणे का देशभर में इस फिल्म के प्रमोशन के लिए जेएनयू जाना बीजेपी को दुरुस्त नहीं लगा। लेकिन दीपिका के जेएनयू जाने के बाद ही कांग्रेसी छपाक के कायल हो गए हैं। नतीजतन प्रदेश सरकार ने इसे टैक्स फ्री करने का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं फिल्म के पहले दिन ही इस शो को

अपने पूरे समर्थकों समेत सीएम भूपेश बघेल ने भी देखा। फिल्म के बहाने उन्हों ने विचारधारा में तंज कसते हुए सावरकर और गोडसे समेत बीजेपी को लपेटा था।

बस सीएम श्री बघेल के जवाब में भाजपा और पूर्व सीएम रमन सिंह भी सपत्निक कार्यकर्ता व नेताओं समेत तान्हा जी देखा। दरअसल तान्हा जी शिवाजी महाराज की सेना के वीर योध्दा कीलेदार का मुस्लिम आक्रांताओं संग संघर्ष दिखाया है। हाल ही में देश में सीएए और एनआरसी मुद्दा भी गरमाया हुआ है। वहीं दीपिका की फिल्म छपाक को कांग्रेसी समर्थन मिलने के बाद इतिहास के वीर योध्दा तान्हा जी को देश व युवा वर्ग के लिए जरुरी बताते हुए पूर्व सीएम रमन सिंह ने अपील की है कि इसे जरुर देखें।

रमन संग इन्हों ने देखी तान्हा जी

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, उनकी पत्नी श्रीमती वीणा सिंह, संगठन महामंत्री सौदान सिंह, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, बृजमोहन अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, समेत बीजेपी नेताओ ने सोमवार को तान्हाजी फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद रमन सिंह ने कहा कि यह राष्ट्र प्रेम और भक्ति की भवाना से भरी हुई फिल्म है. वीर शिवाजी के सेनानायक तान्हाजी का किरदार बेहद प्रभावपूर्ण है। मैं तो यह चाहता हूँ कि युवा पीढ़ी को यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। यह एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म है। लोग अपने गौरवशाली इतिहास को बेहतर तरीके समझ पाएंगे। वहीं उन्होने छपाक फिल्म पर कहा कि मुझे जब अवसर मिलता मैं अच्छी फिल्में जरूर देखता हूँ। फिल्म की अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पर तंज कसते हुए कहा कि दीपिका एक कलाकार है, यदि वो अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए जाती तो सिर्फ जेएनयू नहीं जाती, दूसरी जगह जाती। जब दीपिका जेएनयू गई तो कांग्रेसी ने उसी दिन छपाक मूवी को टैक्स फ्री कर दिया है. लगता है जैसे सब पहले से तय था।

संपादकीय

महंगाई की ऊंची उड़ान

देश में छाई मंदी का असर अब साफ नजर आने लगा है। बेरोजगारी की समस्या विकराल रोग धारण करें जा रही है, दुसरी ओर महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पेट्रोल और गैस के दाम लगातार बढ़ते जा रहे है वहीं आवश्यक दैनिक उपयोग की चीजों के दामों पर भी कोई लगाम नहीं है। महंगाई रोकने के लिए और दाम बांधने के लिए सरकार ने कोई कारगर कदम नहीं उठाए है। नतीजतन खुदरा मुद्रा स्थिति की दर में जबरदस्त उछाल आया है। दिसम्बर 2019 में खुदरा महंगाई दर 5.54 प्रतिशत से बढ़ कर 7.35 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। यह पिछले पांच सालों में इसका सबसे ऊंचा स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक का मानना है कि खुदरा महंगाई दर में अपनी लक्ष्मण रेखा लांघ दी है। इसके पहले जुलाई 2014 में खुदरा महंगाई दर 7.49 प्रतिशत हुई थी। इस बार प्राकृतिक प्रकोप के चलते न सिर्फ अनाजो का बल्कि साग सब्जियों का उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। इसी वजह से इस बार प्याज जैसी आवश्यक वस्तु ने डेढ़ सौ रूपए किलो तक बिक कर नया किर्तीमान बना डाला था। अभी भी प्याज 60 रूपए किलो की दर से बिक रहा है। आलू और लहसून सहित अन्य हरी सब्जियों के दाम भी आसमान पर पहुंच गए है। हरी सब्जियों की कीमते पिछले साल के मुकाबले औसतन 60 प्रतिशत ऊपर चल रही है। उपभोक्ता मूल्यसूचकांक आधारित खुदरा मुद्रा स्थिति जो दिसंबर 2018 में 2.11 प्रतिशत थी वह अब 14.12 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि महंगाई किस कदर बेकाबू हो गई है। यदि यही स्थिति रही तो लोगों को आगे चलकर और भी विकट स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। इसके पहले की पानी सिर से ऊंचा हो सरकार को चाहिए कि वह दिनदुनी रात चौगुनी सफ्तार से बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए कड़े कदम उठाए। जमाखारो और मुनाफाखोरो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि महंगाई की मार से आहत आम जनता को राहत मिल सके।

विचार

कानून पर टकराव

देश में नया नागरिकता कानून (सीएए) लागू होने के साथ ही उसे लेकर देश भर में घमासान मचा हुआ है। तकरीबन एक महीने से इस कानून और प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ कई विश्वविद्यालयों के छात्रों ने अभियान छेड़ रखा है। समाज के कई और तबकों के लोग भी इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में इस मुद्दे पर विपक्षी दलों की बैठक देर से बुलाई गई, लेकिन इसकी जरूरत भी विपक्ष को शायद सरकारी पहल के बाद ही महसूस हुई हो। इधर कुछ समय से बीजेपी की पहल पर सीएए के समर्थन में प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हो गया है। पार्टी ने इसके बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए बाकायदा एक अभियान शुरू किया है। औपचारिक रूप से नागरिकता संशोधन कानून बीते शुक्रवार से लागू हुआ है। हालांकि विपक्ष शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कह दिया है कि वे अपने राज्य में नया नागरिकता कानून नहीं लागू करने जा रहे हैं। केरल विधानसभा में इसके खिलाफ प्रस्ताव तक पास हो चुका है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) की आड़ में 'एनआरसी' पर काम कर रही है। दरअसल विवाद के लिए यहां पर्याप्त गुंजाइश भी छोड़ी गई है। सरकार कह रही है कि नागरिकता कानून का एनआरसी से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन आम आदमी में, खासकर मुसलमानों में यह आशंका घर कर गई है कि जो भी गैर-मुस्लिम एनआरसी से बाहर रह जाएंगे वे नागरिकता कानून के जरिए नागरिकता पा जाएंगे, चाहे वे घुसपैठिये ही क्यों न हों। इसके विपरीत अगर भारतीय मुसलमान किसी कारणवश अपनी नागरिकता सिद्ध करने के लिए सारे कागजात नहीं दिखा पाए तो उनका जीना दूभर कर दिया जाएगा। और बात यहीं तक सीमित नहीं है। देश के तमाम गरीब, कमजोर तबकों के मन में यह डर पैठ गया है कि कागजात न दे पाने के कारण उन्हें भी दर-दर भटकना पड़ सकता है। कई राज्यों में जन्म तिथि या अन्य प्रमाणपत्र बनवाने के लिए लोग अभी से दफ्तरों के सामने भीड़ लगाने लगे हैं। सरकार कह रही है, किसी की नागरिकता नहीं जाएगी, किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। लेकिन कोई नहीं बताता कि गृहमंत्री ने संसद में जिस एनआरसी की बात कही है, उसके लिए लोगों को क्या-क्या कागजात दिखाने पड़ेंगे।

टेक ज्ञान

ऑनर 9 एक्स भारत में लॉन्च

नई दिल्ली। चीन की स्मार्टफोन मेकर कंपनी ऑनर ने भारत में अपनी ङ्क-सीरीज का नया स्मार्टफोन ऑनर 9 एक्स लॉन्च कर दिया है। इस स्मार्टफोन की खासियत 48 मेगापिक्सल सेंसर के साथ ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप और पॉप-अप सेल्फी कैमरा है। यह सबसे सस्ता पॉप-अप सेल्फी कैमरे वाला स्मार्टफोन है। भारत में इस स्मार्टफोन की शुरुआती कीमत 13,999 रुपये रखी गई है।

दूर की कौड़ी है विपक्ष की एकता

राजेश माहेश्वरी

> अखिलेश यादव ने 2017 के विधानसभा चुनाव में राहुल को अपनी सायकिल पर बिठाया था लेकिन उसकी वजह से सपा को जबरर्दस्त नुकसान हुआ। ऐसे में केवल शरद पवार और थोड़ा-बहुत वामपंथी ही कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाना चाहेंगे। हालांकि लालू की राजद और हेमंत सोरेन की झामुमो जैसी पार्टियां कांग्रेस के साथ चिपकी हुई हैं लेकिन वे राष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से महत्वहीन हैं। वामपंथी भी बंगाल में भले कांग्रेस से याराना बनाकर रखें लेकिन केरल में वे अपने प्रभावक्षेत्र में उसे घुसने नहीं देंगे। विपक्षी गठबंधन की सबसे बड़ी बात ये है कि कांग्रेस में शीर्ष स्तर पर नेतृत्व को लेकर भी अनिश्चितता है। सोनिया गांधी कार्यकारी अध्यक्ष जरूर हैं लेकिन बीच-बीच में राहुल गांधी को दोबारा कमान सौंपे जाने की चर्चा चलने से विपक्षी दल बिचकने लगते हैं। जहां तक प्रियंका वाड्रा को आगे लाने की बात है तो वे उप्र में ही ज्यादा सक्रिय हैं।

छात्रों के विरोध और नागरिकता कानून और एनआरसी के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के चलते वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए विपक्षी दलों की बैठक में विपक्ष की एकता में साफतौर पर दरार दिखी। बैठक में 14 दलों ने हिस्सा लिया। इनमें कांग्रेस, सीपीएम, सीपीआई, आरजेडी, एनसीपी, एआईयूडीएफ, आरएलडी, हम, आईयूएमएल, आरएलएसपी, आरएसपी, जेएमएम, लोकतांत्रिक जनता दल और केरल कांग्रेस शामिल हैं। विपक्षी दलों की बैठक में जिन दलों को बुलाया गया था, उनमें समाजवादी पार्टी, डीएमके, टीएमसी और बहुजन समाज पार्टी भी शामिल थे, लेकिन ये चारों ही दल बैठक में नहीं पहुंचे। आप ने भी बैठक से किनारा किया। असल में नागरिकता कानून की आड़ में कांग्रेस सरकार को विपक्ष की ताकत को दिखाना चाहती थी। लेकिन कई दलों के बैठक में शामिल न होने के चलते बैठक फीकी साबित हुई। ऐसे में विपक्षी एकता की नई कोशिश अभी से सवालिया घेरे में आ गयी है।

सपा, बसपा, आप और तृणमूल कांग्रेस के बिना गठबंधन की ताकत अधूरी रहेगी ये साफ बात है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में पिछले दिनों साफ शब्दों में कहा था कि ''अगर जरुरत पड़ी तो वह अकेले लड़ेंगी।' असल में ममता दीदी ट्रेड यूनियनों के बंद के दौरान राज्य में वामपंथी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई कथित हिंसा से भी नाराज बतायी जाती हैं। विधानसभा द्वारा सीएए के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद बनर्जी ने कहा, ''मैंने नयी दिल्ली में 13 जनवरी को सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है क्योंकि मैं वाम और कांग्रेस द्वारा कल (बुधवार) पश्चिम बंगाल में की गई हिंसा का समर्थन नहीं करती हूं।' इसी से ममता की कांग्रेस के प्रति नाराजगी को समझा जा सकता है।

मायावती ने भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर राजस्थान के कोटा में बच्चों की मौत के मामले में निशाना साधा था। मायावती ने कहा था कि 'अगर कांग्रेस की महिला महासचिव' कोटा जाकर उन माताओं से नहीं मिलती हैं, जिन्होंने अपने बच्चों को खोया है तो यूपी में पीड़ित परिवारों से उनकी मुलाकात को राजनितक ड्रामा माना जाएगा। बैठक के दिन मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा है, 'जैसाकि विदित है कि राजस्थान में कांग्रेसी सरकार को बीएसपी का बाहर से समर्थन दिये जाने पर भी, इन्होंने दूसरी बार वहां बीएसपी के विधायकों को तोड़कर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करा लिया है जो यह पूर्णतयाः विश्वासघाती है। ऐसे में कांग्रेस के नेतृत्व में आज विपक्ष की बुलाई गई बैठक में बीएसपी का शामिल होना, यह राजस्थान में पार्टी के लोगों का मनोबल गिराने वाला होगा। इसलिए बीएसपी इनकी इस बैठक में शामिल नहीं होगी।

> सोनिया गांधी का स्वास्थ्य उतना अच्छा नहीं है कि वे देश भर में दौरा करते हुए विपक्षी एकता को पुख्ता आधार दे सकें इसलिए छोटी पार्टियां भी कांग्रेस को अब पहले जैसा महत्व नहीं देते। उसके पास नीति और नेता दोनों को लेकर अनिश्चितता है। शिवसेना को गले लगाकर वह तथाकथित धर्मनिरपेक्षता की अपनी पहिचान को खतरे में डाल ही चुकी है।

वास्तव में देखा जाए तो समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों को अपने झंडे के तले लाने की कांग्रेसी मुहिम नई नहीं है। विगत लोकसभा चुनाव के पूर्व भी सोनिया जी के बुलाने पर विपक्षी पार्टियों के नेता एक साथ आये और हाथ उठाकर फोटो भी खिंचवाया। देश के अनेक राज्यों में विपक्ष की साझा रैलियां भी हुईं। जिनके जरिये ये दिखाने का भरपूर प्रयास हुआ कि भाजपा के विरोध में एक महागठबंधन बन गया है जो नरेंद्र मोदी की वापिसी को रोकने में कामयाब होगा। लेकिन ज्यों-ज्यों चुनाव करीब आते गए एकता का वह राग बेसुरा होने लगा। यद्यपि गठबंधन तो हुए लेकिन राष्ट्रीय की बजाय प्रांतीय स्तर पर। मसलन बंगाल में ममता अकेली लड़ीं। उप्र में सपा-बसपा ने कांग्रेस को किनारे कर दिया। उड़ीसा में बीजू जनता दल ने भी कांग्रेस को तवज्जो नहीं दी। तो हरियाणा में क्षेत्रीय दलों ने अपनी खिचड़ी अलग पकाई। वामपंथी दल भी कहीं साथ तो कहीं अलग रहे। इस प्रकार जितना ढोल पीटा गया उस हिसाब से कुछ भी नहीं हुआ। इसकी एक वजह ये रही कि भले ही कांग्रेस विपक्ष की अकेली पार्टी है जिसे राष्ट्रीय कहा जा सकता है किन्तु भाजपा विरोधी बाकी दल अब उसे पहले जैसा वजन नहीं देना चाहते। इसकी एक बड़ी वजह ये है कि अधिकतर क्षेत्रीय दलों के पास जो वोट बैंक है वह कांग्रेस के खाते से ही निकला हुआ है। ऐसे में वे नहीं चाहेंगे कि वह फिर से मजबूत हो।

यूपी में समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया भी था किन्तु बसपा दूर ही रही। पिछले लोकसभा चुनाव में मायावती ने अखिलेश यादव के साथ गठबंधन किया लेकिन चुनाव परिणामों के बाद दोनों की राहें जुदा हो गईं। दरअसल कांग्रेस की मुसीबत ये है कि वह पंजाब और छत्तीसगढ़ के अलावा कहीं भी अपनी दम पर सत्ता में नहीं है। पुडुचेरी में उसकी सरकार है जरूर लेकिन उसका कोई महत्व नहीं है। राजस्थान और मप्र में उसे बैसाखियों का सहारा लेना पड़ा है। उसके अलावा जिन और राज्यों में कांग्रेस सरकार का हिस्सा है वहां भी उसकी हैसियत बेहद साधारण है। कर्नाटक में उसने जिस तरह से कटोरे में रखकर सत्ता कुमारस्वामी को सौंपी उससे उसकी कमजोरी साबित हो गई। महाराष्ट्र में जो ताजा राजनीतिक प्रयोग हुआ उसमें भी कांग्रेस का महत्व घटा। पूरी निर्णय प्रक्रिया पर शरद पवार हावी रहे। झारखंड में भी कांग्रेस हेमंत सोरेन के आभामंडल के समक्ष फीकी है। ऐसे में छोटे-छोटे दल भी पूरी तरह से उसका आधिपत्य मंजूर करने में हिचकते हैं। विपक्षी बैठक से ममता बैनर्जी का किनारा करना ही कांग्रेस के लिए बड़ा धक्का है क्योंकि विपक्ष में वे ही ऐसी एकमात्र ऐसी नेत्री हैं जो अपने दम पर बंगाल जैसे बड़े राज्य की सत्ता पर बनी हुई हैं। जिस वामपंथी किले को इंदिरा गांधी तक नहीं हिला सकीं उसे ममता ने धराशायी कर दिया। इसी तरह मायावती भी कांग्रेस के साथ खड़ी होकर दलित वोटों पर अपना एकाधिकार नहीं छोडना चाहेंगी।

बीजेपी की सीएए समर्थक रैलियां प्रभावकारी थीं

आरएसएस के कैडर ने बनाए इन्हें सफल

एल एस हरदेनिया

> शाह ने सीएए का विरोध करने के लिए कांग्रेस नेताओं पर हमला भी किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार तब तक नहीं रुकेगी जब तक कि हर गैर-मुस्लिम शरणार्थी को नागरिकता नहीं दी जाती। शाह ने कहा, 'जुलाई 1947 में, महात्मा गांधी ने कहा था कि हिंदू भाइयों, जिन्हें पाकिस्तान से भागने के लिए मजबूर किया गया था और जो लोग वापस रुक गए थे, उन्हें पता होना चाहिए कि जब भी वे आने का फैसला करते हैं, भारत उनका स्वागत करने और उनका समर्थन करने के लिए तैयार है।' कांग्रेस के राज्य मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने अमित शाह से पूछा कि वे और उनके मंत्री सहयोगी असम में उन लोगों को शिक्षित करने के लिए क्यों नहीं जा रहे हैं जो सीएए का विरोध कर रहे हैं।

आर एस एस के पांच दिवसीय सम्मेलन के समापन के बाद दो बड़े शहरों - जबलपुर और इंदौर में नागरिकता संशोधन कानून के लिए बड़े पैमाने पर समर्थन देखा गया। जबलपुर में शो का नेतृत्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर रहे थे। इंदौर शो कई मायनों में अनूठा था। इंदौर शो के आयोजकों ने दावा किया कि इसमें एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया था। लगभग हर प्रतिभागी राष्ट्रीय ध्वज लेकर चल रहा था। झंडे की मांग इतनी बड़ी थी कि अंतिम चरण में लोगों ने एक झंडे के लिए 500 से 1000 रुपये तक भुगतान किए।

सभी सड़कें दशहरा मैदान तक की ओर जा रही थीं। सीएए का समर्थन करने के लिए सभी क्षेत्रों से लगभग एक लाख लोग लगभग संभी आयु वर्ग और धर्मों से आए थे। ज्यादातर मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग के लोग दशहरा मैदान में देखे गए, जहां भारत सुरक्षा मंच द्वारा एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय ध्वज और प्ले कार्ड्स को पढ़ते हुए, 'मैं सीएए का समर्थन करता हूं' उनके हाथों में, लोगों ने सुबह 11.30 बजे से कार्यक्रम स्थल पर आना शुरू करना शुरू कर दिया, जबकि रैली के लिए दोपहर 2 बजे का समय तय किया गया था। जबकि कई लोग रैलियां करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जबकि हजारों लोग अपने दम पर अलग अलग पहुंचे। दोपहर 2 बजे तक दशहरा मैदान पूरी तरह भर गया था और हजारों लोग बाहर खड़े थे क्योंकि वे कार्यक्रम स्थल के अंदर नहीं जा सके थे। प्रतिभागियों ने 'भारत माता की जय' और 'हम सीएए का समर्थन करते हैं' जैसे नारे लगाए। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए, 1,200 आरक्षित कर्मियों सहित 1,500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। भारत सुरक्षा मंच इंदौर के समन्वयक प्रांजल शुक्ला ने कहा कि बीएसएम हर उस नीति का समर्थन करता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

जिला प्रशासन ने इंदौर शो को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी। एक शर्त यह थी कि रैली नहीं निकाली जाएगी। लेकिन कैलाश विजयवर्गीय, जो भाजपा महासचिव हैं, ने महू नाका से दशहरा मैदान की ओर सैकड़ों लोगों की रैली का नेतृत्व किया। इंदौर - विधायक रमेश मंदोला उनके साथ थे। उन्होंने बेहद आपत्तिजनक नारे भी लगाए। नारे में से एक था 'देश के गद्दरो को गोली मार सालों को'। इंदौर के कुछ अखबारों ने लिखा कि आरएसएस को विजयवर्गीय का व्यवहार पसंद नहीं आया। यह याद किया जा सकता है कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने धमकी दी थी कि 'मैं इंदौर को आग लगा दूंगा'।

> *भारत सुरक्षा मंच इंदौर के समन्वयक प्रांजल शुक्ला ने कहा कि बीएसएम हर उस नीति का समर्थन करता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है। जिला प्रशासन ने इंदौर शो को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी। एक शर्त यह थी कि रैली नहीं निकाली जाएगी। लेकिन कैलाश विजयवर्गीय, जो भाजपा महासचिव हैं, ने महू नाका से दशहरा मैदान की ओर सैकड़ों लोगों की रैली का नेतृत्व किया। इंदौर - विधायक रमेश मंदोला उनके साथ थे। उन्होंने बेहद आपत्तिजनक नारे भी लगाए। नारे में से एक था 'देश के गद्दरो को गोली मार सालों को'। इंदौर के कुछ अखबारों ने लिखा कि आरएसएस को विजयवर्गीय का व्यवहार पसंद नहीं आया। यह याद किया जा सकता है कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने धमकी दी थी कि 'मैं इंदौर को आग लगा दूंगा'। दूसरी तरफ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राकेश यादव ने कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफसीआरपीसी की धारा 144 के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई, जो शहर में प्रभावी थी। यादव ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन ने प्रो-सीएए सभा के लिए सशर्त अनुमति दी थी और किसी भी रैली की अनुमति नहीं दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भाजपा नेता विजयवर्गीय ने न केवल धारा 144 का उल्लंघन किया बल्कि अनुमति की शर्त का उल्लंघन भी किया।*

दूसरी तरफ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राकेश यादव ने कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 144 के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई, जो शहर में प्रभावी थी। यादव ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन ने प्रो-सीएए सभा के लिए सशर्त अनुमति दी थी और किसी भी रैली की अनुमति नहीं दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भाजपा नेता विजयवर्गीय ने न केवल धारा 144 का उल्लंघन किया बल्कि अनुमति की शर्त का उल्लंघन भी किया। ऐसा ही विशाल शो जबलपुर में रखा गया था। अमित शाह विशेष रूप से सीएए और एनआरसी के कारणों की व्याख्या करने के लिए जबलपुर आए थे। उन्होंने बार-बार घोषणा की कि किसी भी परिस्थिति में सरकार निर्णय को बदलने वाली नहीं है। शाह ने सीएए का विरोध करने के लिए कांग्रेस नेताओं पर हमला भी किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार तब तक नहीं रुकेगी जब तक कि हर गैर-मुस्लिम शरणार्थी को नागरिकता नहीं दी जाती। शाह ने कहा, 'जुलाई 1947 में, महात्मा गांधी ने कहा था कि हिंदू भाइयों, जिन्हें पाकिस्तान से भागने के लिए मजबूर किया गया था और जो लोग वापस रुक गए थे, उन्हें पता होना चाहिए कि जब भी वे आने का फैसला करते हैं, भारत उनका स्वागत करने और उनका समर्थन करने के लिए तैयार है।' कांग्रेस के राज्य मीडिया उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने अमित शाह से पूछा कि वे और उनके मंत्री सहयोगी असम में उन लोगों को शिक्षित करने के लिए क्यों नहीं जा रहे हैं जो सीएए का विरोध कर रहे हैं। 'शाह सीएए और एनआरसी के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने के नाम पर मध्य प्रदेश और गैर-भाजपा राज्यों की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं', कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया। गुप्ता ने सवाल किया कि असम के लोग सरकार के फैसले का विरोध कर रहे हैं। इसलिए गृह मंत्री शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असम जाना चाहिए और वहां के मुख्यमंत्री और अन्य लोगों को सीएए और एनआरसी के बारे में शिक्षित करना चाहिए। - (संवाद)

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तिल गुड़ खिचड़ी

तिल गुड़ खिचड़ी खा रहे , मना रहे संक्रांति । पतंग उड़ावे साथ ही, लाकर उत्सव क्रांति।। लाकर उत्सव क्रांति, काट मंझा इसका वे। हीरो कैसे आज, बने जीरो बतलावे।। पिकनिक से बेहाल, नाक से बजता सुड़ सुड़। सर्दी भगती जान, तभी तो खाते तिल गुड़।।

- नवीन कुमार तिवारी

कहानी सुनाने चला था

कहानी सुनाने चला था उसे न आती कभी भी समझ मे जिसे। बताऊँ भला बात दिल की किसे नही पास मेरे सुनाऊँ जिसे। हमारे सदा है कहाते मगर वक्त पे सभी दूर आते नजर। अजय है जमाना दिखाने लिये रहे थे कभी राम दशरथ लिये।

- कवि अजय मिश्रा

खास पाती | तन कुंदन,मन कुंदन आदि से

तन कुंदन,मन कुंदन आदि से अनंत तक सब,कुंदन ही कुंदन प्रभात से तेज ललाट सूर्य सी दीप्ति आंखे तन भगवे सा साधक मन हरि से बाधक मंत्रमुग्ध सी वाणी वो था विचित्र प्राणी क्या ग़ज़ब थी चेतना दूर होती सारी वेदना विवेक में आनंद था राष्ट्रहित में प्रणय था प्रखर बुद्धि प्रबल सी साधक था ,प्रणव था हर भाषा का ज्ञानी था राष्ट्र हित अभिमानी था पूरा शिकांगो गुंज उठा जिसकी जयकारों से मैं संपूर्ण जीवन अपना तेरे चरणों में अर्पित हूं हे! विवेकानंद सुनो तुम मै भी धर्म को समर्पित हूं। **- प्रखर शर्मा**

तिल गुड़ की बिखरी खुशबू

तिल गुड़ की बिखरी खुशबू खिल उठे तन और मन... सूर्यनारायण उत्तरायन हुए पतंगों से भर गया गगन... उमंगों का यह त्यौहार थिरक रहे सबके कदम चीनी चावल दान करो पुण्य कर कमाओ धरम,, खिचड़ी और दहीबड़े संक्रांति का मुख्य व्यंजन लड्डू गोल बने या आड़े टेढे तृप्त कर जाते हैं मन,, मकर राशि में प्रविष्ट सूर्य को अर्घ्य दो और करो नमन गऊओं को चारा खिलाओ हर पुण्य का करो जतन,, तिलगुड़ की सौंधी खुशबू बयार सुखद चलने दो प्रेम और सौहार्द की पतंग गगन मे उड़ने दो,, दान धर्म और पुण्य करो ये पावन त्यौहार है... गंगा में डुबकी लगाओ जीवन का उद्धार है। **नम्रता सरन सोना**

जनता इससे खुश होगी

यदि आप जनता के लिए कुछ करना चाहते हैं। आप सरकार में हैं या विपक्ष में। तब सबसे आसान काम आप फिल्म देख सकते हैं। जनता इससे खुश होगी और उसके सारे दुख दर्द दूर हो जाएंगे।

- संजीव गुप्ता

कैसे तुम से वादा कर लूं

कैसे तुम से वादा कर लूँ जीवन अपना आधा कर लूँ ।। कुब्जी प्रीति तुम्हारी के संग मन को कैसे राधा कर लूँ ।। नश्तर वाली सुई रखोगे कैसे खुद को धागा कर लूँ । कृपण नियति बाँटोगे मन भर कैसे कम को ज़्यादा कर लूँ ।। गीत सिखाओगे गूँगे जब स्वर को कैसे बाजा कर लूँ ।। बाँटोगे खुद मिलकर घर को चूल्हा कैसे साझा कर लूँ ।। चाहोगे नित नई पतंगें उनसे जुड़ क्यों मांजा कर लूँ ।। सुबह-शाम फक्कड़ होंगे जब दिन को कैसे राजा कर लूँ ।। बासे भाव - कल्पना से जुड़ कैसे रिश्ता ताज़ा कर लूँ ।। **-कल्पना मनोरमा**

उड़ना चाहती है उमंगों की हवा

उड़ना चाहती है उमंगों की हवा के साथ दूर.. खुले फैले जीवन के आकाश में पर चेतना की डोर खींच लेती है रह रह कर और जोड़े रखती है उसे यथार्थ के मांझी से ताकि तेज़ उन्मुक्तता के बहाव में समय की धार से कट कर दिशाहीन न हो जाये मेरी ख्वाहिशों की पतंग। - **आरती कुमारी**

जब कोई हाथ और साथ दोनों

जब कोई हाथ और साथ दोनों ही छोड़ देता है, तब कुदरत कोई न कोई उंगली पकड़ने वाला भेज देता है, इसी का नाम जिदंगी है... !! मुस्कुरा कर चलते रहिए.. !- **आनिता वर्मा**

द्वार पर उम्मीद के दीपक जलाकर आ गए

द्वार पर उम्मीद के दीपक जलाकर आ गए। देवता माना था उनको सर झुकाकर आ गए। पास में कुछ भी नहीं था भेंट देने के लिए, आँख से अपनी जरा सा जल चढ़ाकर आ गए। **- इति शिवहरे**

लघु कथा-सब्जी मेकर

इस दीपावली वह पहली बार अकेली खाना बना रही थी। सब्ज़ी बिगड़ जाने के डर से मध्यम आंच पर कड़ाही में रखे तेल की गर्माहट के साथ उसके हृदय की गति भी बढ रही थी। उसी समय मिक्सर-ग्राइंडर जैसी आवाज़ निकालते हुए मिनी स्कूटर पर सवार उसके छोटे भाई ने रसोई में आकर उसकी तंद्रा भंग की। वह उसे देखकर नाक-मुंह सिकोड़कर चिल्लाया, ममा दीदी बना रही हैज मैं नहीं खाऊंगा आज खाना! सुनते ही वह खीज गयी और तीखे स्वर में बोली, चुप कर पोल्यूशन मेकर, शाम को पूरे घर में पटाखों का धुँआ करेगा। उसकी बात पूरी सुनने से पहले ही भाई स्कूटर दौड़ाता रसोई से बाहर चला गया और बाहर बैठी माँ का स्वर अंदर आया, दीदी को परेशान मत कर, पापा आने वाले हैं, आते ही उन्हें खाना खिलाना है। लेकिन तब तक वही हो गया था जिसका उसे डर था, ध्यान बंटने से सब्ज़ी थोड़ी जल गयी थी। घबराहट के मारे उसके हाथ में पकड़ा हुई मिर्ची का डिब्बा भी सब्ज़ी में गिर गया। वह और घबरा गयी, उसकी आँखों से आँसू बहते हुए एक के ऊपर एक अतिक्रमण करने लगे और वह सिर पर हाथ रखकर बैठ गयी। उसी मुद्रा में कुछ देर बैठे रहने के बाद उसने देखा कि खिड़की के बाहर खड़ा उसका भाई उसे देखकर मुंह बना रहा था। वह उठी और खिड़की बंद करने लगी, लेकिन उसके भाई ने एक पैकेट उसके सामने कर दिया। उसने चौंक कर पूछा, क्या है? भाई धीरे से बोला, ्रपनीर की सब्ज़ी है, सामने के होटल से लाया हूँ। उसने हैरानी से पूछा, क्यूँ लाया? रूपये कहाँ से आये? भाई ने उत्तर दिया, क्रैकर्स के रुपयों सेज थोड़ा पोल्यूशन कम करूंगाज और क्यूँ लाया! अंतिम तीन शब्दों पर जोर देते हुए वह हँसने लगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1759 - लंदन स्थित मोंटेगुवे हाउस में ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई। 1784 - एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना। 1934 - बिहार में जबरदस्त भूकंप से करीब 20 हजार लोगों की मौत। 1949 - के एम करियप्पा भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने। तब से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1956 - बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का जन्म। 1965 - भारतीय खाद्य निगम की स्थापना। 1975 - पुर्तगाल ने अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1982 - बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश का जन्म। 1986 - थल सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ के एम करियप्पा (सेवानिवृत्त) को फील्ड मार्शल की पदवी दी गई।

कांग्रेस झूठ बोलकर देश को भ्रमित कर रही : सुप्रियो

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिला भाजपा के तत्वाधान में नागरिक संसोधन कानून के समर्थन में नंदिनी रोड से गुरूद्वारा रोड हाउसिंग बोर्ड में 90 मीटर लंबाई के तिरंगा रैली का निकाली गई। जिसके मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो पर्यावरण मंत्री थे। रैली में सिक्ख, बंगाली, सिंधी, साहू, सतनामी, तेलगू एवं अन्य समाज के लोगो नें बाबूल का आत्मीय स्वागत किया। भाजपा मंडल द्वारा तिरंगा झंडा तथा पार्टी का झंडा लेकर सैकड़ो लोग रैली में शामिल हुए। रैली कालीबाड़ी भवन में समापन होकर जनसभा के रूप में तबदील हई। जनसभा में उपस्थित अतिथियों का जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे नें स्वागत किया। मुख्य अतिथि के आसंदी से बाबुल सुप्रियो ने कहा कि नागरिकता संसोधन कानून का कार्य पहले कांग्रेस कर चुका है। कांग्रेस अब झूठ बोलकर देश को भ्रमित कर रहा है, और किसी खास वर्ग को अपनी स्वार्थ के लिए उस वर्ग में असंतोष पैदा कर रहा है। पाकिस्तान बंगला देश और अफ्गानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक हिन्दू, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी, व जैन समाज के आतंकित शरणाथियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का कांग्रेस विरोध कर रही है। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर तथा नागरिकता संसोधन कानून की गलत व्याख्या कर, कांग्रेस एवं उनके समर्थक पार्टी देश में आजारकता की स्थिति पैदा करना चाहती है। सुप्रियो ने छग प्रदेश के सरकार द्वारा नागरिकता संसोधन कानून को प्रदेश में लागू क्यों नहीं करना चाहती के सवाल पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा जो सरकार संविधान की शपथ लिया हो वही सरकार संविधान का सम्मान नहीं करना चाहती। जो सरकार गंगाजल की शपथ लेकर वादा पूरा नहीं करती ऐसी सरकार से क्या उम्मीद की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में नागकिता संसोधन कानून का समर्थन करने वाले हजारो पोस्टकार्ड आम जनता नें मुख्य अतिथि को समर्पित किया। भाजपा जिला ने प्रतीक चिन्ह एवं शाल श्रीफल से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय, सांसद विजय बघेल के अलावा लाभचंद बाफना, विधायक विद्यारतन भसीन, जिलाध्यक्ष उषा टावरी, जागेश्वर साहू, नटवर ताम्रकार, मारकण्डेय तिवारी, टीपी सिंह, फणेन्द्र पाण्डेय, विनीत वाजपेई, अर्जुन सचदेव, प्रमोद अग्रवाल, रामानंद मौर्या, दिनेश देवांगन, अवधेश चौहान, मंडल अध्यक्ष में गुरजीत सिंह, रामबृज वर्मा, राजीव पाण्डेय, एएन पाढ़ी, रंजीत सिंह, दिलीप पटेल, संजय शर्मा, पीएन दुबे, क्षत्रिय के अलावा बंगाली समाज के बॉबी दास, रीता चैधरी, सिंधी समाज से दयाराम बत्रा, भीमसेत पाल, खेमराज मध्यानी, सिक्ख समाज से जसवीर सिंह चहल, बलजिन्दर सिंह कलेर, बलजीत सिंह भोगल, परमजीत सिंह, कलविन्दर सिंह रंधावा, साहू समाज से हरिद्वारिका प्रसाद साहू, अग्रवाल समाज से मनोज गोयल, कांतिलाल बोथरा, सुरेन्द्र सिंह केम्बो, बृजेश बिजपुरिया, श्याम सुंदर राव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

वैगन से कोयले की चोरी करते लगा करंट, मौत

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। रेलवे के भिलाई.3 यार्ड की ओर से भिलाई इस्पात संयंत्र को जा रही कोयले से भरी वैगन में चोरी के इरादे से चढना युवक के लिए जानलेवा साबित हो गया। कोयला चोरी करते समय वैगन के ऊपर से गुजरी ओएचई तार में प्रवाहित करेंट के संपर्क में आने से युवक की मौत हो गई। रेलवे क्षेत्र भिलाई.3 व चरोदा में फिर एक बार कोयले की चोरी शुरू होने की सुगबुगाहट ने आरपीएफ को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हालांकि आरपीएफ के अधिकारी कोयले की चोरी पर पूरी तरीके से अंकुश होने का दावा करते हैं। लेकिन भरी वैगन में चढ़कर कोयले की चोरी करते समय ओएचई करेंट लगने से हुई सूरज निषाद पिता पन्ना निषाद (22 वर्ष) निवासी गांधी चौक पुरैना की मौत हो गई है। बताते है पीपी यार्ड से होकर भिलाई इस्पात संयंत्र को जाने वाली कोयले की रैक जब पुरैना के पास खड़ी थी तब सूरज बोरी लेकर वैगन में चढ़ गया। वह बोरी में कोयला भरने के बाद जैसे ही खड़ा हुआ तो ऊपर से गुजरने वाली ओएचई तार के संपर्क में आते ही बुरी तरीके से झुलस गया। इस घटना मे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में जीआरपी ने मर्ग कायम किया है।

न्यूज गैलरी

निष्ठा में हाजरी देकर गायब, निलंबित

दुर्ग। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के मार्गदर्शन में शहर सफाई के लिए निगम के लोक कर्म विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों को सफाई कार्य का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अंतर्गत 14 जनवरी को सूरज नाहरकर सफाई कामगार वार्ड 6 बैगापारा में अपनी उपस्थिति निष्ठा में देकर बिना सूचना कर्तव्य स्थल से चले गये। सहा. राजस्व निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान नाहरकर गायब पाया गया। जिससे सूरज को निलंबित कर दिया गया।

कबाड़ से कार व ढलाई मशीन जप्त

दुर्ग। नगर निगम द्वारा जारी स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सड़क किनारे और नाली के ऊपर रखे गए कबाड़ की गाड़ियॉ व अन्य सामानों को जप्त करने की कार्यवाही किया। इस दिशा में निगम अतिक्रमण दस्ता द्वारा जेल तिराहा से पोटिया चौक तक सड़क किनारे निरीक्षण किया। इस दौरान एक कबाड़ पड़ी कार और ढलाई मशीन को जप्त किया गया। आयुक्त के निर्देश जप्त किया गया। आयुक्त ने कहा है कि कोई भी सड़क किनारे, नाली के ऊपर पड़ी हो रखी हो जिससे वह भाग क्षेत्र गंदा हो रहा हो तो वे तत्काल उसे हटा लेवें।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए अधिवक्ता

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला न्यायालय परिसर से फैमिली कोर्ट को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के विरोध में अधिवक्ता अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के दौरान अधिवक्ता अपने कामकाज से अलग रहे। जिससे पक्षकारों को सुविधाओं का सामना करना पड़ा। अधिवक्ता हड़ताल के दौरान जिला अधिवक्ता संघ के बैनरतले न्यायालय परिसर में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने सभा कर जिला न्यायालय परिसर से चारों फैमिली कोर्ट को अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए जोरदार विरोध दर्ज करवाया। अधिवक्ताओं का कहना था कि फैमिली कोर्ट को न्यायालय परिसर से 3 किलोमीटर दूर स्थानांतरित किए जाने से अधिवक्ताओं के अलावा पक्षकारों को भी आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। कोर्ट के स्थानांतरण के निर्णय के पहले अधिवक्ताओं को भी विश्वास में नहीं लिया गया, इस मुद्दे के निराकरण के लिए जिला न्यायालय को 24 घंटे का समय दिया गया था, लेकिन मामले के निराकरण के बजाय फैमिली कोर्ट के सामानों की अन्यत्र शिफ्टिंग शुरू कर अधिवक्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। अधिवक्ताओं ने कहा है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती उनका यह आंदोलन जारी रहेगा द्य अधिवक्ताओं के आंदोलन को व्यापक समर्थन भी मिलना शुरू हो गया है। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, एमआईसी प्रभारी हमीद खोखर, संजय कोहले, अब्दुल गनी, राजेंद्र साहू, लक्ष्मीपति राजू, कैलाश शर्मा, शिव चंद्राकर एवं अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व समाजसेवियो ने अधिवक्ताओं की मांगों को जायज बताते हुए उनके आंदोलन को समर्थन दिया है।

शंकराचार्य में मैथेमेटिक्स प्रतियोगिता

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। माधवा मेथेमेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन गणित विभाग द्वारा एसपी महाविद्यालय पूना एवं होमी भाभा सेन्टर फार साइंस एजुकेशन, टीआईएफआर मुम्बई के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें स्नातक स्तर के बी.एस.सी. गणित के विद्यार्थियों ने भाग लिया कुल 25 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 25 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लिये। इस दौरान महाविद्यालय के अति. निदेशक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि आयोजन महाविद्यालय में हर विभाग में होते रहे है इससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। महाविद्यालय की निदेशक व प्राचार्या डॉ. रक्षा सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता भावी जीवन हेतु एक अच्छा आधार प्रदान करती है तथा विद्यार्थियों को प्रतियोगी गणित हेतु तैयार करती है। माधवा मेथेमेटिक्स प्रतियोगिता में प्रश्नपत्र तीन भागों में विभाजित था प्रथम भाग में 10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न थे। जो की 20 नंबर के थे। द्वितीय भाग में 5 प्रश्न 30 नंबर के थे एवं तृतीय भाग में 4 प्रश्न 50 नंबर के थे। इस प्रकार से कुल 100 नंबर का प्रश्पपत्र था। माधवा मेथेमेटिक्स प्रतियोगिता में रैंक होल्डर विद्यार्थियों हेतु कई आकर्षक पुरस्कार एवं मेडल एवं प्रमाण-पत्र है तथा चयनित विद्यार्थियों को नेचर कैम्प में शामिल होने का मौका भी मिलेगा।

महिला महाविद्यालय की छात्राओं को मिली सफलता

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। हेमचंद यादव विवि द्वारा हाल ही में घोषित बीएड तृतीय सेमेस्टर के परिणामों में भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा हॉस्पीटल सेक्टर में संचालित महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सफलता का परचम लहराया है। कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान गरिमा देशमुख (84.25 प्रतिशत), द्वितीय पर रश्मि पाण्डे (82.57 प्रतिशत), तृतीय देबास्मिता जेना, पायल मस्के तथा साधना मस्के ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के इन परिणामों में सभी छात्रायें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुईं जिसमें 3 छात्राओं ने 65 से 70 प्रतिशत के मध्य अंक प्राप्त कर शानदार सफलता दर्ज की। प्रिंसिपल डॉ. संध्या मदनमोहन के. पटेल,सुरेन्द्र गुप्ता तथा डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया।

गंदगी फैलाने पर निगम ने वसूला जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम की उड़नदस्ता टीम ने संजय नगर, होजियरी मार्केट, उत्तर गंगोत्री, चन्द्रनगर, साकेत नगर शांतिनगर सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित पानी पाउच तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, एक्सपायरी पेय एवं खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर कार्यवाही करते हुए 99 सौ का अर्थदण्ड वसूला। निगम की उड़नदस्ता टीम ने होजियरी मार्केट, उत्तर गंगोत्री, चन्द्रनगर, साकेत नगर, शांतिनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकान, बाजारए प्रतिबंधित पानी पाउच व प्लास्टिक कैरीबैग रखने व बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण किया। नालियों पर कचरा, सफाई व्यवस्था, लायसेंस आदि का जायजा लिया तथा विभिन्न व्यवसायियों से दाण्डिक शुल्क लेकर समझाईस दी गई।

निगम की उड़नदस्ता टीम ने राजनप्रसाद चन्द्रनगर कोहका द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर 2 हजार, साकेत नगर विक्की अग्रवाल लाइसेंस नहीं होने पर 1 हजार, पालीवाल डेयरी एवं स्वीटस शांतिनगर को दुबारा गंदगी ने फैलाने पर समझाइश दी गई, ज्योति स्टील इंडस्ट्रीज संजय नगर से 2 हजार, सड़क बाधा शुल्क, शुभम सर्विसिंग सेन्टर संजय नगर द्वारा सड़क बाधा करने पर 2 हजार, बजरंग वेल्डिंग जीई रोड से भी सड़क बाधा कर व्यवसाय करने पर 2 हजार तथा जवाहर नगर वार्ड 14 सड़क बाधा शुल्क 9 सौ रुपए निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुए आर्थिक दंड वसूल किया।

विभागीय कामकाज की 17 को महापौर करेंगे समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल और निगम कमिश्नर इंद्रजीत बर्मन आगामी 17 जनवरी को सुबह 11 बजे डाटा सेंटर में निगम के कामकाज की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभापति राजेश यादव के अलावा मेयर इन काउंसिल के प्रभारी अब्दुल गनी, संजय कोहले, हमीद खोखर, ऋषभ जैन, भोला महोबिया, दीपक साहू, जयश्री जोशी, शंकर सिंह ठाकुर, जमुना साहू, मनदीप सिंह भाटिया, सत्यवती वर्मा, अनूप चंदानिया भी मौजूद रहेंगे। विभागीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी को छोड़कर सभी विभागों के अधिकारियों को अपने विभागों की जानकारी के साथ उपस्थित रहने कहा गया है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./398/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रथा वर्मा पिता पुरुषोत्तम दास वर्मा निवासी ग्राम पोलसायपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/10 रकबा 1600 वर्ग. हें भूमि को विक्रेता श्रीमती मीता सिंह पति संजय कुमार सिंह निवासी ग्राम रुआबांधा से. भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.12.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./399/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुंती बाई सिन्हा पति बसंत सिन्हा निवासी ग्राम आजाद वार्ड 37 तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/5 रकबा 0.004 हें. भूमि को विक्रेता श्रीमती माधुरी चंद्राकर पति राकेश कुमार चंद्राकर निवासी ग्राम आजाद वार्ड 37 दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.12.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./409/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेणु साहू पति प्रमोद साहू निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 284/20 रकबा 0.020 हें. भूमि को विक्रेता श्रीमती अर्चना शर्मा पति दिनेश शर्मा निवासी ग्राम सिधिया नगर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.12.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./442/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार साहू पिता रत्तीराम साहू निवासी ग्राम शिवाजी नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 6/29 रकबा 0.010 हें. भूमि को विक्रेता आकाश जैन पिता आर.के. जैन निवासी ग्राम नेहरुनगर पश्चिम भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.08.2015 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./422/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उषा रावत पति स्व. हेमंत कुमार रावत निवासी ग्राम गणपति बिहार बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 88/67, 88/391 रकबा 0.003, 0.002 हे. (5000 वर्ग.) भूमि को विक्रेता डॉ. फतेह सिंह पिता प्रभु दयाल निवासी ग्राम वेटनरी कॉलेज अंजोरा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.06.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./420/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ कुमार यादव पिता रविन्द्र कुमार यादव निवासी ग्राम जुनवानी रोड भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 191/15 रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रेता प्रमेन्द्र कुमार गुप्ता पिता अमरनाथ गुप्ता निवासी ग्राम महावीर कालोनी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./416/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मिताली हाईत पति अबनिन्द्र नाथ हाईत निवासी ग्राम विजय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 558/19 रकबा 0.008 हे. भूमि को विक्रेता सरस्वती सोनकर पिता स्व. कमल सोनकर अन्य निवासी ग्राम आपापुरा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 17.12.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं REBATI RANJAN SIKDER S/O HARI PADA SIKDAR निवासी HIG 1/1094, MPHB COLONY, INDUSTRIAL ESTATE, BHILAI, DISTRICT DURG, CG, PIN 490026 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम REBATI RANJAN SIKDAR S/O HARI PADA SIKDAR रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम REBATI RANJAN SIKDAR S/O HARI PADA SIKDAR से ही जाना पहचाना जावे।

REBATI RANJAN SIKDAR
HIG 1/1094, MPHB COLONY, INDUSTRIAL ESTATE, BHILAI, DISTRICT DURG, C.G. PIN 490026

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./421/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार मटियारा पिता स्व. स्तुराम मटियारा निवासी ग्राम ढीमरपारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 534/3, 534/10, 684/116 (685/116) रकबा 0.014, 0.010, 0.038 हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बुधवंतीन बाई पति स्तुराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./412/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रुपा बाई पति श्री विष्णु राम निषाद निवासी शिवपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम दुर्ग प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 684/75, 685/75 रकबा 0.015 हें/ 1600 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश कुमार साहू पिता समारु राम साहू निवासी ओमनगर उरला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 845/374 रकबा 0.017 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार राजेश कुमार सेन पिता कृपाराम सेन से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेघनाथ साखरे पिता नाथुराम साखरे निवासी नहर पारा दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 448/9 रकबा 0.015 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार दुलेश बाई सिन्हा पति झाड़ूराम सिन्हा से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं.//वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव कुमार पिता जगदीश सिंह निवासी दीपक नगर दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.न. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 328/26 रकबा 0.011 हें के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 29.12.2014 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.01.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सुजाता चक्रवर्ती आ. तपन कुमार चक्रवर्ती साकिन भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 645/84, 696/49 रकबा 0.005, 0.020 हे. जो उसके स्व. तपन कुमार चक्रवर्ती के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
415/अ-2 /2019-20	कवंर दयावंत सिंह	202001100400058

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कंवर दयावंत सिंह आ. जगत सिंह निवासी गुरुनानक नगर मार्केट वैशालीनगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न 19 अ तह.व जिला दुर्ग	711	0.50 हें 53800 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग
//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कुरुद भिलाई जिला दुर्ग स्थित ई.डब्ल्यू.एस. प्रकार के भूखण्ड में से भूखण्ड क्रं. ई.डब्ल्यू.एस.-236 श्री शेखर आ. श्री नामदेव को भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा संयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड को श्रीमती जहांआरा पति श्री मो. सोयब, निवासी कुरुद भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है, पूर्व में पत्रिका समाचार पत्र में दिनांक 16.06.2012 को विज्ञापन प्रकाशन कर आपत्ति आहूत की गई थी, किन्तु किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं हुई, वर्तमान में पुनः विज्ञापन प्रकाशन कर आपत्ति आहूत की जा रही है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड श्रीमती जहांआरा के नाम नामांतरण में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रुप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी एवं नामांतरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा। किसी भी प्रकार का विवाद या कानून का उल्लंघन होने पर यह नामान्तरण की कार्यवाही स्वमेय निरस्त हो जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 14.01.2020 को जारी किया गया हैं।

सम्पत्ति प्रबंधक
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संभाग- दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

पार्षद पटेल का सम्मान

महासमुंद। छग कोसरिया मरार पटेल समाज की ओर से महासमुंद के पूर्व पालिकाध्यक्ष समेत प्रदेशभर के 36 नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान किया गया। दुर्ग जिले के ग्राम लिमतरा में समाज की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में नवनिर्वाचित पार्षदों का अतिथियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री रूद्र गुरू व सांसद विजय बघेल थे। इस दौरान भागवताचार्य निरंजन महाराज, समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र नायक, सुनील पटेल, ब्रम्हदेव पटेल, टीआर पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, गयाप्रसाद पटेल, अमरसिंह पटेल आदि उपस्थित थे।

रविवि की मेरिट सूची में 8 विद्यार्थियों ने बनाया स्थान

महासमुंद। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी मई-जून 2019 मेरिट सूची में महाप्रभु वल्लाभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुन्द के कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के स्नातकोत्तर कक्षा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना नाम मेरिट सूची में शामिल करते हुए महाविद्यालय एवं महासमुन्द नगर को गौरवान्वित किया। कॉलेज के 8 छात्र छात्राओं ने इसमें जगह बनाई है। विवि की मेरिट सूची में एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर बॉटनी में अंजू ठाकुर ने आठवां स्थान, सोनाली पटनायक ने नवां स्थान, एमए इतिहास चतुर्थ सेमेस्टर की मेरिट सूची में विक्रमदास मानिकपुरी ने आठवां स्थान, एमए चतुर्थ सेमेस्टर समाजशास्त्र में निखित चंद्राकर ने पांचवां स्थान एवं अंतरा शर्मा ने सातवां, ज्ञान प्रकाश ने दसवां स्थान, एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर में गुप्तेश नामदेव ने प्रथम स्थान, एमए हिंदी साहित्य चतुर्थ सेमेस्टर में कल्याणी साहू ने सातवां स्थान हासिल की है।

नींव में मिट्टी डालने पर मारपीट

महासमुंद। ग्राम शेर में नींव के लिए खोदे गड्ढे में मिट्टी डालने पर विवाद का मामला सामने आया है। घटना रविवार सुबह की है। प्रार्थी छम्मन बाई ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की है। जिसके अनुसार अपने घर के पीछे भाग में कब्जा जमीन पर घेरा करने के लिए नींव खोद रखा था लेकिन गांव के गोलू साहू, उदल साहू, केशव साहू और कांती साहू ने इस गड्ढे में मिट्टी डाल दिया। मना करने पर सभी ने मारपीट की।

भागवत में शामिल हुए नपाध्यक्ष चंद्राकर

महासमुंद। पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर रविवार को पार्षद बड़े मुन्ना देवार के वार्ड में आयोजित सात दिवसीय भागवत कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने भागवत कथावाचक संतोष गोस्वामी साराडीह वाले से आशीर्वाद लिया। इसके पहले पार्षद बड़े मुन्ना देवार के आगवानी में वार्ड 21 के लोगों ने फूल माला व गाजे बाजे के साथ पालिकाध्यक्ष श्री चंद्राकर का भव्य स्वागत किया।

मकर संक्रांति आज

महासमुंद। मकर संक्रांति हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। इस संदर्भ में बिरकोनी के राममंदिर पुजारी लक्ष्मीनारायण महाराज ने एक चर्चा में बताया कि सूर्य के एक राशि से दूसरी में प्रवेश करने को संक्रांति कहते हैं। इस साल मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में रात 2.08 बजे धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश कर रहा है। इसलिए यह पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा।

लॉज कर्मचारी से मारपीट

महासमुंद। पिथौरा के एक लॉज में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना रविवार रात करीब 7 बजे के आसपास की बताई जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात महिमा लॉज पिथौरा का कर्मचारी पवन कुमार राय बैठा हुआ था तभी प्रमेंद्र राजपूत और दीपक दुबे नामक व्यक्ति लॉज में आए और रूम मांगी। पवन ने रूम उपलब्ध बताया और कहा कि आपकी आईडी चाहिए। इस पर दोनों नाराज हो गए और कर्मचारी से मारपीट करने लगे। दोनों ने मिलकर कर्मचारियों को जमकर पीटा। हल्ला सुनकर बचाव के लिए सामने आए लॉज के अन्य कर्मचारी ध्रुव कुमार राय से भी दोनों ने मारपीट की। लॉज के दोनों कर्मचारी किसी तरह वहां से भागे और थाने में जाकर मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनों लोगों को पकड़कर थाना लेकर पहुंची।

जुआ खेलते 13 सपड़ाए

महासमुंद। छिपियापारा में सोमवार रात जुआ फड़ में घेराबंदी कर पुलिस ने 13 जुआरियों को पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से नकदी 10620 रुपए और ताशपत्ती बरामद की है। थाना प्रभारी राकेश खुंटेश्वर ने बताया कि कुछ जुआरी भागने में कामयाब हो गए। इस दौरान 13 जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा। जुआरियों में सुरेंद्र कुमार, युगल, भूपेंद्र साहू, विक्की, राजू सोना, पिंकू गुलाब, राहुल, बल्लू उर्फभूपेंद्र, वीरेंद्र कुमार, परसराम, भैखलाल, फिरोज के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

आबकारी विभाग द्वारा 1426 प्रकरण दर्ज

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जयप्रकाश मौर्य के निर्देश के अनुसार जिले में अवैध शराब विक्रय, धारण, परिवहन के विरूद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।

नपा अध्यक्ष ने बताया, कैसा चाहिए शहर

कवर्धा नपा अध्यक्ष शर्मा ने अफसर-कर्मियों के साथ की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कवर्धा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने मंगलवार से अपने कामकाज की शुरुआत कर दी। उन्होंने निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट कर दिया कि उन्हें कवर्धा शहर कैसा चाहिए। उन्होनें अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि शहर की समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले लोगों का विशेष ध्यान रखें। लोगों को अपने कामों को लेकर भटकना न पड़े। जनता को योजनओं का लाभ दिलाना भी सुनिश्चित करें। नपा अध्यक्ष ने शहर विकास कार्य को प्राथमिकता में लेते हुए निकाय के उपअभियंता व ठेकेदारों के साथ भी बैठक की। बैठक में उपअभियंताओं के साथ-साथ ठेकेदारों को भी जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि शहर हमारा है इसको सजाने-संवारने की जिम्मेदारी हमारी है स्वच्छ शहर, हरा भरा शहर बनाना है इसके लिए हम सभी को एक टीम की तरह कार्य करना है।

अभियंताओं को दिए ये निर्देश

वार्डवार निर्माण व विकासकार्यो की बनाएं सूची: उन्होनें उपस्थित उपअभियंताओं को वार्डवार निर्माण, विकास कार्यों की सूची व प्राक्कलन तैयार करने को कहा। वार्ड के पार्षद से चर्चा कर उनके द्वारा सुझाये गये कार्य स्थलों को भी शामिल करें। उन्होंने उपअभियंताओं से कहा कि किसी भी वार्ड में सीसी रोड निर्माण करने के पूर्व पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य के साथ कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे।

सतत करें मॉनिटरिंग ताकि बना रहे लागों का विश्वास : शर्मा ने अभियंताओं से कहा कि ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करें ताकि कार्यों की गुणवत्ता को लेकर जनता का विश्वास पालिका पर बना रहे। निर्माणाधीन स्थलों पर बेरिकैड्स लगाकर काम कराए जाएं। उन्होंने ठेकेदारों व उपअभियंतों को स्पष्ट करते हुए कहा कि शासन के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य करायें। गुणवत्ताविहीन कार्य बर्दाश्त नहीं होगा और न ही समझौता होगा।

वृक्षारोपण की जगह करें चिह्नित : नपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि शहर के ऐसे स्थलों का चयन करें जहां सौंदर्यीकरण का काम किया जा सकता है। स्थल चयन कर प्राक्कलन तैयार कर परिषद में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। जिन स्थलों पर सीसी रोड का निर्माण होगा वहां अनिवार्यतः वृक्षारोपण किये जाने हेतु जगह का चयन करें।

बैठक में ये रहे मौजूदः बैठक में पार्षद सुनील साहू, भीखम कोसले, संतोष नामदेव, बलदाउ चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकरी डॉ.लवकुश सिंगरौल, सहायक अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, अभिषेक श्रीवास्तव, तेजस्विनी जिरापुरे, ठेकेदार विनोद अग्रवाल, वनीत सिंह छाबड़ा, बलविंदर खुराना, राजेन्द्र सलूजा, केहर सिंह ठाकुर, लवकेश गुप्ता, पूरन प्रजापति उपस्थित रहे।

बारिकी से करें निविदा का अवलोकन

नपा अध्यक्ष ने उपस्थित उप अभियंताओं से कहा कि निर्माण कार्य हेतु की जाने वाली निविदा का विशेष परीक्षण करें। जिन स्थलों का कार्य कराये जाने हेतु निविदा प्रकाशित की जा रही है। उन स्थलों का बारिकी से निरीक्षण, अवलोकन करें ताकि आधे-अधूरे कार्य न हो।

देश की विकास को दिशा दे रहा कलार समाज : चुन्नीलाल साहू

■ कलार समाज का पारिवारिक मिलन और युवक-युवती परिचय सम्मेलन

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। कलार समाज के सहयोग के बिना राज्य में किसी भी राजनीतिक दल का सत्ता में काबिज हो पाना कठिन है। जिस भी राजनीतिक दल ने कलार समाज को मैदान में उतारा है सामाजिक एकजुटता का परिचय देखने को मिला है। समाज के होनहार न सिर्फ समाज को प्रगति प्रदान कर रहे हैं अपितु देश और प्रदेश को विकास की दिशा देने में योग्य साबित हो रहे हैं। उक्त बातें सांसद चुन्नीलाल साहू ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में आयोजित छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज के पारिवारिक मिलन समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन में कही। उन्होंने बताया कि तेली, कलार, कुर्मी और सभी पिछड़ा वर्ग में शामिल जातियों की रीति- नीति एक परिवार की तरह है, इसलिए कोई भी संख्या बल का दावा कर आगे नहीं बढ़ सकता, सभी जातियां एक दूसरे की मदद से प्रगति के पथ पर बढ़ रहे हैं। उन्होंने समाज के भवन निर्माण के लिए बीस लाख रुपए सांसद निधि से स्वीकृत कराने की बात कही। विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा कि बचपन से ही वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और कलार समाज ने हर स्तर पर उनका साथ दिया है, उसी का परिणाम है कि वे आज विधानसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं। उन्होंने भी महासमुंद में समाज भवन निर्माण के लिए दस लाख की विधायक निधि देने का भरोसा दिलाया। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने समाज के साथ अपने संबंधों का जिक्र करते हुए आश्वासन दिया कि समाज के सहयोग से ही आज पिछड़ा समाज एकजुट हैं। कार्यक्रम के संयोजक नीरज गजेंद्र ने स्वागत उद्बोधन देते हुए समाजिक एकजुटता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज हर वर्ग के विकास में भागीदार रहने के लिए तत्पर है। जिलाध्यक्ष ईश्वर सिन्हा ने समाज में चल रहे रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी परिक्षेत्र के मंडलेश्वर पारिवारिक एकजुटता पर जोर दे रहे हैं।

विकास खण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ कसडोल में 18 को

कसडोल। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले विकास खण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता 18 जनवरी को कसडोल में आयोजित किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में प्रति वर्ष आयोजित किए जाने वाले विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को प्रातः 7 बजे गुरुघासीदास शासकीय स्कूल से सिरपुर मार्ग में कराया जा रहा है।इस प्रतियोगिता में कसडोल विकासखण्ड के 10 वर्ष से ऊपर के बालक एवं बालिका प्रतिभागी भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 1000, द्वितीय 500, तृतीय 300,चतुर्थ 200 एवं पांचवे से दसवे स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 100 रु का पुरस्कार दोनों वर्गों में दिया जाएगा।प्रथम से दसवे स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन जिला स्तर के लिए किया जाएगा।

गौरीशंकर अग्रवाल ने अस्पताल में की राजकुमार जायसवाल से मुलाकत

■ चुनावी जनसंपर्क के दौरान दोपहिया हादसे में घायल हुए थे जायसवाल

कसडोल। सड़क दुर्घटना में घायल जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 के भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी राजकुमार जायसवाल से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने अस्पताल जाकर मुलाकात की एवं उनका हालचाल जाना और उन्हें चुनाव में विजय श्री होने का आशीर्वाद दिया।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 के भाजपा के अधिकृत प्रत्याशीराजकुमार जायसवाल चुनावी जन - सम्पर्क के दौरान पिछले 7 जनवरी को ग्राम कोट के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए थे । उनके पैर की हड्डी टूट गई है जिसके चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर रिफर किया गया था । अभी वे राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं और कल दिनाँक 13 फरवरी को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनके पैर की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया गया । प्रदेश भाजपा के प्रभावशाली नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कल 13 अस्पताल जाकर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी राजकुमार जायसवाल से मुलाकात किए।

फरवरी में आयोजित होगी 78वीं सर्वेश्वरदास हॉकी प्रतियोगिता

■ जिला हॉकी संघ की बैठक में प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए

राजनांदगांव। जिला हॉकी संघ द्वारा महापौर श्रीमति हेमा देशमुख की अध्यक्षता में म्युनिस्पल स्कूल ग्राउण्ड स्थित गांधी सभाग्रह के प्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिता जो 77वर्षो से आयोजित होते आ रही है 78वीं हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा इस वर्ष भी प्रतियोगिता आयोजित कराने हेतु स्टेडियम समिति के अध्यक्ष कलेक्टर से मिलकर चर्चा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान, राजगामी संपदा के अध्यक्ष विवेक वासनिक, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष नीलमचंद जैन, रमेश डाकलिया, जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष आशोक चौधरी, कोमल सिंह राजपुत, राकेश जोशी, पदम कोठारी आदि जनप्रतिनिधियों ने प्रतियोगिता आयोजन हेतु अपने किमती सुझाव दिए।

प्रदेश हॉकी संघ के अध्यक्ष एवं जिला हॉकी संघ के सचिव फिरोज अंसारी ने बैठक में जानकारी दी कि हॉकी इंडिया से 27 दिसंबर 2019 से 6 जनवरी 2020 तक अनुमति दी गई थी किन्तु नगरीय निकाय चुनाव के कारण स्टेडियम समिति ने आयोजन में असमर्थत चताई थी आज बैठक में निर्णय उपरांत प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर से मिलने गया।

कलेक्टर द्वारा मिलने आये प्रतिनिधि मंडल के साथ तत्काल मिटींग आयोजित कि गई। मिटींग में हॉकी संघ के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता को फरवरी के तृतीय सप्ताह में भव्य रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया।

युवा दिवस महोत्सव में गुड शेपर्ड को द्वितीय स्थान

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्कनाकोत्तर महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को युवा दिवस मनाया गया। जिले के सभी एनएसएस इकाईयों ने चील झपट्टा, छग व्यंजन, वेस्ट से बेस्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजन किया। साथ ही प्राध्यापक अजय राजा ने अपने दिवंगत भाई की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के लिये पुरस्कार तथा कला के क्षेत्र में, बेस्ट एनएसएस कैडेट का सम्मान का आयोजन किया। जिसमें गुड शेपर्ड नें नृत्य प्रतियोगिता में जिला स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसकी प्रतिभागी कीर्ति निषाद, उमरा अयूबी, हर्षा साहू, रंजना चन्द्राकर, अंजली, रतना, सुषमिता, दिप्ती, झरना, अंतरा, सृष्टि, दुर्गेश्वरी, रौशनी, हिमांशी, दिक्षा, पूर्वा, लकेश्वरी, चेतना, साक्षी आदि टीम की वेशभूषा एवं नृत्य सामंजस्य की सभी अतिथियों ने प्रशंसा की। मुख्य अतिथि राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंग, अध्यक्षता डॉ करीम, विशेष अतिथि अनिता रावटे आदि ने सभी बच्चों को सफलता पर हर्ष जताया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ स्थान के लिये गुड शेपर्ड स्कूल के कक्षा बारहवीं के छात्र दीक्षित विश्वकर्मा को सम्मानित किया।

प्रकरण में पैरवी नहीं करने अधिवक्ता हुए लामबंद

राजनांदगांव। राजनांदगांव शहर की बहुचर्चित नवजात शिशु को नाली में फेंक ने की लोमहर्षक घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस द्वारा संलिप्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने एवं उन्हें जेल अभिरक्षा में रखे जाने के पश्चात राजनांदगांव जिला अधिवक्ता संघ की महिला अधिवक्ताओं ने आगे आकर अधिवक्ता बंधुओं से प्रकरण में पैरवी नहीं करने मांग की जिसे वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ताओं का भी समर्थन मिला उसके प्रश्चात अधिवक्ताओं ने जिसमें पूर्व अध्यक्ष उमाकांत भारद्वाज, शारदा तिवारी, कुसुम दुबे, विनिता मदान, वर्षा श्रीवास्तव, रेवती चौधरी आराधना वर्मा, जया श्रीवास्तव, परवेज अख्तर, विपिन झा, नरेश शर्मा, मनमोहन तिवारी, योगेन्द्र प्रताप सिंह,कैलाश लहरी, विरेन्द्र मेश्राम, शरद खंडेलवाल, संतोष सिंह, सुषमा चौहान, अनुराधा दास, उमेश मिश्रा, धर्मेन्द्र मेश्राम, दिलीप साहू, महेश वर्मा, वीणा साहू, प्रतिभा गुप्ता लीला यादव, मीना तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव को सौंपा है।

14वें वित्त की राशि का दुरुपपयोग, सचिव निलंबित

■ मामला ग्राम पंचायत बोंदा नवापाली का

महासमुंद। तीन माह पहले सरायपाली के 8 पंचायतों में 14वें वित्त की राशि का दुरुपपयोग किए जाने के मामले में शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ ने बोंदा नवापाली के सचिव गोविंद पटेल को निलंबित कर दिया है। उक्त आदेश 3जनवरी को जारी किया गया है। निलंबित सचिव को जनपद पंचायत मुख्यालय में अटैच किया गया है। दरअसल, सरायपाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बोंदा नवापाली में सरपंच-सचिव द्वारा 14 वें वित्त की राशि में फर्जीवाड़े से संबंधी शिकायत सीईओ से की गई थी। बोंदा नवापाली के साथ ब्लाक के 8 अन्य पंचायतों में भी 14 वें वित्त की राशि के दुरुपयोग संबंधी शिकायतें हुई लेकिन, केवल बोंदानवापाली पंचायत में कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि शिकायत के पश्चात सीईओ द्वारा सचिव को 14 वें वित्त की राशि में 2 लाख 81 हजार रुपए अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी किया।

निरीक्षण | गढ़चिरौली महाराष्ट्र पुलिस व नक्सल प्रभावित थानों के प्रभारियों की ली गई संयुक्त बैठक

पुलिस अधीक्षक ने किया घोर नक्सली क्षेत्र में भ्रमण

राजनांदगांव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से नक्सलियों का सफाया करने के लिए संयुक्त ऑपरेशन चलाने हेतु नक्सल प्रभावित क्षेत्र के थाना प्रभारियों, आईटीबीपी के अधिकारियों व जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग लिया गया जिसमें नक्सलियों के विरूद्ध संयुक्त ऑपरेशन चलाकर समन्वय के साथ कार्य करने हेतु कार्ययोजना बनाई गई, मीटिंग में आईटीबीपी के अधकारी, मानपुर थाना प्रभारी, खड़गांव, मोहला, सीतागांव, गढ़चिरौली महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मीटिंग के उपरांत घोर नक्सल क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उंचापुर, बुकमरका, कोराचा एवं आस-पास के ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गई, व संबधितों को उसके निराकरण के लिए आदेशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा उपस्थित ग्रामीणों से पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाने के लिए अपील किया गया। साथ ही नक्सलियों के दमनकारी नितियों से अवगत कराकर जागरुक किया गया। इस दौरान नक्सल क्षेत्र के स्कूली बच्चों से मुलाकात कर शिक्षा के महत्व के बारे मे बताया गया व अनुशासन में रहकर शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दी गई शिक्षा को अच्छी तरह ग्रहण कर कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य प्राप्ति तक पढ़ाई करने, बीच मे पढ़ाई नही छोड़ने, नियमित स्कूल जाने हेतु प्रेरित कर जीवन मे शिक्षा के महत्व के संबध मे बताते हुए देश के अच्छे जिम्मेदार नागरिक बनने की समझाईश देते हुए उचित मार्गदर्शन दिए। इस बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को घोर नक्सली क्षेत्र में अपने बीच पाकर स्कूल बच्चों एवं ग्रामीणों मे काफी हर्ष का महौल रहा।

न्यूज गैलरी

आबकारी दल द्वारा 503 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया

धमतरी। कलेक्टर श्री रजत बंसल के निर्देश पर आबकारी टीम द्वारा अवैध मदिरा विनिर्माण धारण परिवहन विक्रय के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज ग्राम कोरगांव के जंगल में झाड़ियों में छुपाकर रखे 80 लीटर महुआ शराब और 503 किलोग्राम महुआ लाहन लावारिस हाल में पाया गया। इस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा धारा 34 (2) और 34 (1) (च) के तहत प्रकरण कायम कर पतासाजी की जा रही है। गौरतलब है कि ग्राम कोरगांव के आसपास क्षेत्र में मदिरा के अवैध कारोबार करने की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसके मद्देनजर आबकारी दल द्वारा यह कार्रवाई की गई।

लक्की ने पतंग काटकर जीता पहला इनाम

धमतरी। जन कल्याण सेवा समिति धमतरी जिला धमतरी व्दारा इण्डोर स्टेडियम के मैदान में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार लक्की बंजारे को 1501 रूपये और प्रतीक चिन्ह, द्वितीय पुरस्कार गुलशन निर्मलकर को 1001 रूपये और प्रतीक चिन्ह दिया गया। प्रतियोगिता में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सांत्वना पुरस्कार कान्हा कुमार, रोहित कुमार, लक्ष्य कुमार, अंश कुमार, रोशन सोनी को दिया गया। कार्यक्रम के अतिथि कीर्ति शाह अधिवक्ता, श्यामा साहू पार्षद रामसागरपारा वार्ड द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

सडक़ हादसे में एक मौत, दो गंभीर

धमतरी। दुगली के पास हुए सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाईक सवार मा् बेटे गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परिधि थाना मगरलोड निवासी कार्तिक राम नेताम, अपनी पत्नी सुमिन बाई और पुत्र डिकेश्वर के साथ अपने ससुराल कौहाबाहरा मंडई में शामिल होने 10 जनवरी को आया था। रविवार को दोपहर सभी बाईक से वापस गांव लौट रहे थे तभी दुगली कौहाबाहरा जाने के मार्ग पर गुप्ता शो रूप के सामने नगरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक ओडी 02 एएन 7496 ने ठोकर माक दी। जिससे तीनों को गंभीर चोट आई।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन 15 जनवरी को

धमतरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का धमतरी आगमन 15 जनवरी को होगा। इसके मद्देनजर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर श्री रजत बंसल ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। उन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम के समन्वय के लिए अपर कलेक्टर श्री दिलीप अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह कार्यक्रम स्थल पर बांस.बल्लीए हेलीपेड मंच एवं बेरिकेटिंग की व्यवस्था वनमण्डलाधिकारी श्री अमिताभ बाजपेयी की होगी। प्रोटोकॉल अधिकारी धमतरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डीएस ध्रुव एवं श्रीमती मनीषा ठाकुर द्वारा कारकेट एवं वाहन व्यवस्थाए हैलीपेड मंच कार्यक्रम स्थल के साथ ही मुख्य मार्ग एवं अन्य उपयुक्त स्थलों पर पुलिस व्यवस्था की जाएगी।

महापौर, सभापति का नया चेम्बर तैयार

धमतरी। नगर निगम धमतरी में नवनियुक्त महापौर विजय देवांगन एवं सभापति अनुराग मसीह 15 जनवरी को पदभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण के पहले निगम कार्यालय में साफ सफाई के अलावा उनके बैठने की व्यवस्था कराई जा रही है। नगर निगम महापौर के कक्ष में नए-नए कुर्सियां टेबल एवं सोफे रखे गए हैं। इसके अलावा सभापति ने अपना कक्ष बदल दिया है। पुराने सभापति के कक्ष में बैठने से इनकार किया है। जिसके कारण उन्हें कार्यपालन अभियंता के कार्यालय को बैठने के लिए दिया गया है। जहां सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

डॉ. दिनेश और डॉ. चित्रा हुए सम्मानित

धमतरी। अखिल विश्व गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ दुर्ग द्वारा युवा उत्कर्ष एवं युवा सम्मान समारोह स्वामी विवेकानंद के जन्म शताब्दी के अवसर पर रखा गया। युवाशक्ति ही राष्ट्र की समृद्धि, उन्नति एवं प्रगति का आधार है। इतिहास साक्षी है कि संसार में जितनी भी महत्वपूर्ण क्रांतियां हुई है उनमें युवाओं की भूमिका सदैव ही अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इसी संदर्भ में डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ स्तरीय युवा उत्कर्ष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत युवाओं को उनके नैतिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास में योगदान दिये पर सम्मानित किया गया।

श्री रामकथा का हुआ समापन

गरियाबंद। नगर में आयोजित सात दिवसीय श्री रामकथा का समापन हो गया है। बीते 8 जनवरी से 14 जनवरी मकर संक्रांति तक यह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इसके साथ ही आयोजक समिति ने विशाल भंडारा का भी आयोजन किया था। सात दिवसीय श्री रामकथा में कथावाचक बाल योगी श्री विष्णु अरोड़ा जी महाराज द्वारा श्री शिव चरित्र, श्री रामजन्म, श्री राम-जानकी विवाह, श्री भरत चरित्र, केंवट चरित्र, सुग्रीव-शबरी प्रसंग, श्री हनुमान चरित्र, राम राज्य एवं राम की महिमा को बताया गया।

झबड़ी में संचालित आश्रम बाबा पर लगा युवतियों से छेड़छाड़ का आरोप

भानूप्रताप साहू

कसडोल। जिले के कसडोल थानांतर्गत ग्राम झबड़ी में संचालित भगवत सत्संग आश्रम के बाबा रजनीश दुबे पर आश्रम में रहने वाली तीन युवतियों ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है, पीड़िता के शिकायत पर कसडोल पुलिस ने सोमवार की रात सत्संग आश्रम में दबिश देकर बाबा को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बाबा मध्यप्रदेश के सागर जिले का रहने वाला है, जो छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चाम्पा जिला के धनपुरी, देवरी और बलौदाबाजार जिले के झबड़ी गांव में बाबा का आश्रम संचालित है, जिसमें बाबा के द्वारा युवतियों को ईश्वर दर्शन कराने के नाम पर छेड़छाड़ करता था, जिसकी शिकायत कई बार पीड़िताओं ने करना चाहा, लेकिन बाबा उन्हें डरा धमका कर चुप करा देता था। लेकिन लगातार हो रहे शोषण से बाबा पीड़िताओं ने 24 दिसंबर 2019 को कसडोल थाने में शिकायत दर्ज कराया था साथ ही पुलिस अधीक्षक के पास भी शिकायत की गई। जिसके बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लिया और बीती रात कसडोल के झबड़ी गांव में चल रहे बाबा के सत्संग शिविर में एसडीएम टीसी अग्रवाल और एसडीओपी राजेश जोशी ने टीम के साथ दबिश दी। और आरोपी बाबा को थाने लाया गया। फ्लिहाल कसडोल पुलिस ने आरोपी बाबा रजनीश दुबे पिता गौरीशंकर दुबे उम्र 40 के खिलाफ आईपीसी की धारा 354(क) व 506 के तहत कार्रवाई किया है।

देर शाम बाबा को किया गिरफ्तार

बाबा की हरकतों से तंग आकर पीड़ितों ने 24 दिसंबर 2019 को कसडोल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही पुलिस अधीक्षक के पास भी शिकायत की गई। जिसके बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लिया और बीती रात कसडोल ब्लाक के झबड़ी खैरा गांव में चल रहे बाबा के सत्संग शिविर में एसडीएम टीसी अग्रवाल और एसडीओपी राजेश जोशी ने अपने टीम के साथ दबिश दी। वहां से गिरफ्तार कर आरोपी बाबा राजनीश को थाने ले आया गया। जहां उससे पूछताछ किया जा रहा है।

नेपाल तक था कनेक्शन

आश्रम जैसे पवित्र जगह पर छेड़खानी जैसे गंभीर अपराध सामने आने के बाद कई खुलासे होने के संकेत है। सूत्रों की मानें तो यहाँ नेपाल की भी एक महिला उक्त छेड़छाड़ का शिकार हुई है। जिसे उक्त बाबा द्वारा ईश्वर दर्शन और मोक्ष प्राप्ति के नाम पर बंधक बना रखा था बहरहाल इस मामले से अभी कई चौकाने वाले तथ्य सामने आने की उम्मीद है लेकिन इस मामले से उक्त संस्था पर अब सवालिया निशान लग चुका है, वही सत्संग की आड़ में उक्त बाबा ने नेपाल तक कनेक्शन बनाने में सफ्ल रहे। खैर अब मामला उजागर होने के बाद पुलिस की कार्रवाई के बाद पूरे मामले से पर्दा उठेगा।

कई वर्षों से बाबा ने बना रखा था आश्रम

मिली जानकारी के मुताबिक छेड़छाड़ के आरोपी इस 'बाबा' ने कसडोल के ग्राम झबड़ी में अपना एक भागवत सत्संग नाम से आश्रम बना रखा था. इसी आश्रम के आस-पास के गांव के लोग यहां आते थे। आरोप है कि 'बाबा' मौके का फायदा उठाकर महिलाओं और लड़कियों से छेड़छाड़ करता था। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि ईश्वर दर्शन कराने के नाम पर छेड़खानी करता था। बताया जा रहा है कि सालों से ये 'बाबा' अपना आश्रम चला रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण महिलाओं ने कसडोल थाना पुलिस तथा बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक नीथू कमल से मिलकर बाबा की हरकत और छेड़छाड़ की शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आया। बहरहाल अब पीड़िताओं की शिकायत पर उक्त ढोंगी बाबा पुलिस गिराप्त में है।

देर शाम आश्रम सील

आश्रम में छेड़खानी जैसे गभीर मामले सामने आने पर जिला प्रशासन सहित पुलिस की संयुक्त टीम ने झबड़ी आश्रम में दबिश दी। जहाँ आश्रम को अवैध मानते हुये सील करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी तादाद पर पुलिस बल सहित तहसीलदार और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहें। इधर उक्त आश्रम से महिलाओं को जिला प्रशासन की टीम ने उनके घर भेज दिया है साथ ही कुछ महिलाओं को सखी सेंटर बलौदाबाजार के सुपुर्द किया है।

इनका कहना है

पीड़िता की शिकायत पर एसपी मैडम के निर्देश पर उक्त बाबा को चिन्हाकित कर सोमवार की शाम जिला पुलिस और कसडोल पुलिस के सहयोग से बाबा को गिरप्तार किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

निवेदिता पॉल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार

आज झबड़ी स्थित आश्रम को वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर सील किया गया है, और आश्रम से कई महिलायें मिली है जिन्हें उनके घर भेजनें की कार्रवाई की गई है साथ ही जिनका घर नही है उन्हें सखी सेंटर में रखा जा रहा है।

दीनबंधु उइके, थाना प्रभारी कसडोल

जिला प्रशासन की टीम द्वारा आज आश्रम का निरीक्षण किया गया। जहाँ पर आश्रम को सील करने की कार्रवाई की जा रही है।

शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार, कसडोल

अंचल में प़ रही कड़ाके की ठंड, कोहरे ने बढ़ा दी परेशानी

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। इन दिनों जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में अच्छी खासी ठंड पड रही है, दिन में धूप निकलने के बाद भी अंचल वासी मौसम के तेवर झेल रहे है, खासकर सुबह स्कूल जाने वाले बच्चो को इसकी वजह से खासी परेषानी का सामना करना पड रहा है, कुछ दिनों पूर्व जब तापमान मे अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। तो स्कूलो मे छुट्टी दे दी गई थी, वही कुछ स्कूलो के समय में बदलाव किया गया था, परंतु वर्तमान में जब तापमान 8-9 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है, शाम ढलते ही वातावरण में नमी छा जाती है। उत्तरी हवांए चलने से ठंड बरकरार है फिर भी सामान्य दिनों की तरह शिक्षण संस्थान लगाए जा रहे है, मौसम खुलने के बाद से कोहरा व धुंध ने वनांचल व आउटर इलाको में खासी दिक्कते बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार मकर संक्रांति के बाद मौसम में बदलाव का अनुमान लगाया गया है, इन दिनों षीतलहर चलने से तापमान सामान्य से कम बना हुआ है।

सार्वजनिक स्थलों में अलाव का सहारा

सर्दी से बचाव के लिए शहर के चौक-चौराहो व सार्वजनिक स्थानों पर लोगो को अलाव जलाकर आग तापते देखा जा रहा है। दिन के समय धूप निकलते ही कुनकुनी धूप सेंकने घरो से बाहर लोग निकल रहे है। कमचोर तबके के साथ ही पालतू जीव जंतु पर भी इन दिनों जाडे का असर दिखाई देने लगा है।

स्वास्थ्य पर भी बढ़ रहा असर

सर्दी का प्रकोप इस कदर है कि कमचोर षरीर वाले इससे पीडित होने लगे है। खानपान व दिनचर्या में जरा सी भी लापरवाही होते ही सर्दी जुकाम, खांसी, बदन दर्द की षिकायतें होने लगी है। विगत कुछ दिनों से निजी व सरकारी अस्पतालों में इसी तरह के मरीजों की संख्या तेजी आई है। इसके अलावा सांस दमा, अर्थराइटिस के मरीज, बुजुर्ग व बच्चे मौसमी बीमारी की चपेट में आने लगे है।

दिमागी रूप से अस्वस्थ किसान 23 लाख की ठगी का शिकार, एसपी से लगाई गुहार

- पीड़ित की पुत्री ने न्याय के लिए लगाई एसपी से गुहार
- बैंक की कार्यप्रणाली पर लगा सवालिया निशान
- जबरदस्ती हस्ताक्षर करा देना बैंक बेमेतरा से 23 लाख निकाले

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। ग्राम कांपा निवासी तुलाराम वर्मा के देना बैंक बेमेतरा खाता से जबरदस्ती हस्ताक्षर करा 23 लाख ऋण निकाल राशि हड़प करने वाले ग्राम के नारायण वर्मा पिता जगमोहन वर्मा व मुरली पटेल उर्फ धीरपाल सिंह पटेल निवासी ग्राम खिलोराकला थाना धमधा के विरुद्ध पीड़ित तुलाराम वर्मा व उनकी पुत्री काजल वर्मा ने मामले की जानकारी होते ही थाने में जा रिपोर्ट दर्ज कराना चाहे पर थाने में पीड़ित का रिपोर्ट दर्ज नही किया गया तब मामले कि शिकायत पुलिश अधीक्षक बेमेतरा को लिखित आवेदन 13 नवम्बर 2019 को दिया गया परन्तु उसके बावजूद अब तक पीड़ित को कोई राहत दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर नही मिली।

फर्जी बैंक लोन का यह मामला बेमेतरा जिले की दूसरी सबसे बड़ी मामला है। इसके पूर्व एक मामला ग्राम कोदवा के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का था। अब लोगों की निगाह जिले के पुलिस विभाग की कार्यवाही पर टिकी हुई हैं। सभी का एक ही प्रश्न है कि क्या उक्त पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाएगा।

गौरतलब हो कि पूरे मामले में पीड़ित तुलाराम वर्मा व उनकी पुत्री काजल वर्मा ने बताया कि मेरे पिता तुलाराम वर्मा की विगत 30 वर्ष से मानसिक स्थिति ठीक नही है जिसका राजधानी रायपुर के चिकित्सकों के पास इलाज भी जारी है तुलाराम की सोचने समझने की शक्ति भी क्षीण है जिसका गलत फायदा उठा ग्राम के नारायण वर्मा व मुरली पटेल उर्फ धीरपाल सिंह ने बैंक ऋण सम्बन्धी फार्म में तुलाराम वर्मा का बल पूर्वक जबरदस्ती हाथ पकड़ हस्ताक्षर करा लिया और देना बैंक बेमेतरा से तुलाराम वर्मा के खाता क्रमांक 113031826 से 23 लाख रुपये की राशि निकाल हड़प कर लिया गया घटना की जानकारी तुलाराम वर्मा ने जब परिजनों को दी तब उक्त मामले का भंडाफोड़ हुआ और परिजन दोषियी के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर हरकत में आये वही पीड़ित के पुत्री काजल के बताए अनुसार नारायण वर्मा के द्वारा तुलाराम के खाते से आहरण किये गए राशि को वापस बैंक में जमा कराने के लिए तुलाराम वर्मा से 2 बार अलग अलग समय लिया गया परन्तु राशि खाते में जमा नही किया गया।

बगैर वीजा पासपोर्ट के बंग्लादेश का नागरिक छग में गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

पंडरिया। नगर के स्टेट बैंक पंडरिया के सामने संदिग्ध रूप से घूमते एक व्यक्ति को रोककर जांच करने व पुछताछ करने पर अपना नाम खर्शीद शेख (आलम) पिता नूर हुसैन निवासी उम्र 33 साल, वार्ड क्रमांक 03 मुजफ्फर नगर (रूस्तम नगर) थाना-पार्वतीपुर, जिला-दिनाशपुर, बंग्लादेश का निवासी एवं बगैर वीजा पासपोर्ट के नवंबर 2019 से पश्चिम बंगाल स्थित भारत बंग्लादेश सीमा से बगैर किसी वैध दस्तावेज के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करना पाया गया जो विदेशीयों विषयक अधिनियम 1946 के धारा 14 का उल्लंघन पाये जाने से विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है । उक्त् कार्यवाही में थाना प्रभारी पंडरिया के नेतृत्तव में प्रधान आरक्षक हिरेन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षक सोमेन्द्र शर्मा, आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे, आरक्षक ओमप्रकाश खांडे, सै. अरविंद शुक्ला, सै. चमन ठाकूर , का सराहनीय योगदान रहा पंडरिया पुलिस का लगातार संदिग्धों पर कार्यवाही जारी है।

नवनिर्वाचित महापौर पार्षदों का कार्यभार ग्रहण समारोह 15 को

धमतरी। नगरपालिक निगम धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर अध्यक्ष ;स्पीकर और पार्षदों का कार्यभार ग्रहण समारोह का आयोजन 15 जनवरी को किया जा रहा है। स्थानीय डा शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के वाणिज्यिक कर ;आबकारी उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा विधायक कोण्डागांव श्री मोहन मरकाम कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक श्री गुरूमुख सिंह होरा श्री हर्षद मेहता श्री गिरीश देवांगन श्री रामगोपाल अग्रवाल तथा श्री मोहन लालवानी उपस्थित रहेंगे।

पंचायत चुनाव बहिष्कार करने की दी चेतावनी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। जिले के ग्राम पंचायत अरौद डुबान के आश्रित गांव पटौद के लोगो ने पंच प्रत्याशी को बदलने की मांग को लेकर आज कलेक्ट्रेट पहुँचे थे वही प्रत्याशी को नही बदलने पर सरपंच जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य को पूरे गांव वाले वोट नही देने की चेतावनी जिला प्रशासन को दिया है वही अपनी मांग को लेकर ज्ञापन पत्र डिप्टी कलेक्टर को दिया है पटौद के लोगो ने बताया कि उनका गांव वार्ड क्रमांक 7 में आता है और गांव में करीब 82 मतदाता है वही गांव में दो लोगो ने पंच के लिए नामांकन दाखिल किया था लेकिन रोशनी मरकाम नाम की पंच प्रत्याशी ने अपने विरोधी को बहलाफुसला कर नाम वापस करा लिया जिसकी जानकारी गांव वालों को नही हुई और वह निर्विरोध पंच बन गई शिकायत लेकर पहुँचे गांव के युवा संतोष धनेश्वर और गोविंद ने बताया कि उनके गांव में पंच पद के लिए अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है लेकिन रोशनी मरकाम गैर आदिवासी है ऐसे में पूरे गांव में इसको लेकर आक्रोश का माहौल है वही ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 82 में से 70 मतदाता निर्विरोध पंच रोशनी मरकाम के खिलाफ है जिसके चलते चलते पटौद के लोगो ने पंच प्रत्याशी बदलने की मांग को लेकर जिला प्रशासन के पास आये थे वही नही बदले जाने पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी ग्रामीणों ने दी है।

कलेक्टर ने किया विभिन्न धान केन्द्रों का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण मंगलवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। वे आज सबसे पहले धान खरीदी केन्द्र बम्हनी, राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभाठा सहित ग्राम डबराभाट धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी धान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि आये हुए धान के नमी का निरीक्षण करे साथ ही क्वालिटी पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने बारदानों की उपलब्धता पर आवश्यक पूछताछ की। कलेक्टर ने समित प्रबंधक से कहा कि पिछले वर्ष की धान केन्द्रों पर नहीं आये, इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही कोचियों के माध्यम से किसी भी तरह की धान खरीदी नहीं करने के निर्देश दिये। उन्होंने किसी भी केन्द्र में किसानों को अनावश्यक दिक्कत नहीं हो, साथ ही उपस्थित किसानों से आवश्यक पूछताछ की तथा धान कोचियों को नहीं देने की बात कहीं। उन्होंने उपस्थित अधिकारी के धान के स्टॉक को मिलान करने के निर्देश दिये।

किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन, धान खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग

- किसानों को धान बेचने से रोका गया
- एसडीएम तहसीलदार को खरीदी केन्द्र से वापस जाने से रोका

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को विभिन्न जगहों में प्रदर्शन किए गए ।लेकिन कुछ जगह ऐसे भी रहे जहां पर टोकन कटने के बाद धान बेचने पहुंचे किसानों को अन्य किसानों ने रोका ।कुरूद ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सिवनीकला व कुहकुहा में इस तरह की स्थिति निर्मित हुई । सिवनीकला से एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कुछ किसान अन्य किसानों को धान बेचने से रोक रहे हैं ।इस पर दोनो पक्षों में आक्रोश पनपने लगाहै।जिन किसानों का टोकन कट चुका है वे धान बेचना चाहते हैं लेकिन अन्य किसान उन्हें रोक रहे हैं उनकी मांग है कि लिमिट बढ़ाई जाए। वहां पर मौजूद अधिकारी उन्हें समझाने की कोशिश भी कर रहे हैं कि यह जिला स्तर का मामला है बातों को पहुंचा दिया जाएगा लेकिन किसान मानने को तैयार नहीं है। इस संबंध में एसडीएम कुरूद योगिता देवांगन ने बताया कि सिवनी कला में टोकन कटे हुए किसान अपनी धान बेचने पहुंचे थे लेकिन कुछ अन्य किसानों द्वारा उन्हें जबरन रोका जा रहा है ।वहां धान खरीदी नहीं हुई ।ऐसे ही कुछ स्थिति कुहकुहा में भी निर्मित हुई है तहसीलदार एवं अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ले रही हैं ।ज्ञात हो कि इस मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर रजत बंसल ने अपर कलेक्टर दिलीप अग्रवाल को निर्देशित किया है कि यदि किसान धान बेचना चाहते हैं और कोई उन्हें जबरन रोक रहा है तो पुलिस को साथ मे लेकर उनकी मदद की जाए ताकि किसान सुगमता से अपना धान बेच सकें।

मंडी में धान की बम्पर आवक, जुना सांभा 2100 रू. क्विंटल बिका

धमतरी । एक तरफसोसायटियों में किसानों को धान बेचने के लिए टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर कृषि उपज मंडी में धान का बम्पर आवक है। सोमवार को किसानों का जुना सांभा धान 2101 रूपये प्रति क्विंटल के दाम पर बिका जो अपने आप में रिकार्ड माना जा रहा है। धमतरी कृषि उपज मंडी में धान की आवक लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को 8200 कट्टे धान की आवक रही। जुना सांभा 2101 रूपये तक बिका। सरोना 1411 से 1492 रू., ओम श्री 1870 से 1875 रूपये, श्रीराम 1875 रूपये, बलवान 1550 रूप्ये, महामाया 1477 रू., आईआर 64 1547 से 1562 रूपये, खदवन 1350 रूपये प्रति क्विंटल बिका।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

एक स्कूल ऐसा भी...

तो कोई बच्च पढ़ रहा है और न ही पढ़ाने के लिए शिक्षकों की जरूरत ही है। लेकिन बड़ा आश्चर्य ये है कि इन छह बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल में दो शिक्षक नियुक्त हैं। इन शिक्षकों के नाम पंकज नेताम और जितेंद्र कुमार निषाद हैं।

एक ही भवन पर दो-दो बोर्ड

स्कूल भवन के अभाव में गांव की आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी के साथ ही स्कूल भी संचालित हो रहा है। एक ही भवन पर दो बोर्ड लगे हुये हैं। एक स्कूल का व दूसरा आंगनबाड़ी का। स्कूल के बोर्ड में इसका डाइसकोड-22161501203 भी लिखा गया है।

पाकिस्तान में नहीं....

सुनवाई के दौरान चंद्रशेखर पर कोर्ट ने कहा कि वह उभरते नेता हैं। उनके प्रदर्शन करने में क्या परेशानी थी। जज ने आगे कहा, 'मैंने कई ऐसे लोग और कई मौके देखें हैं जब संसद के बाहर भी प्रदर्शन हुए हैं।' इसके साथ ही कोर्ट ने चंद्रशेखर की जमानत याचिका पर सुनवाई को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया।

क्या है पूरा मामला

पुरानी दिल्ली के दरियागंज इलाके में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा मामले में गिरफ्तार भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने सोमवार को जमानत के लिए दिल्ली की अदालत में याचिका में दायर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके खिलाफ अस्पष्ट आरोप लगाया है और गिरफ्तारी के लिए निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया। मंगलवार को कोर्ट ने आजाद की याचिका पर सुनवाई की।

केरल पहुंचा सुप्रीम कोर्ट...

जो 31 दिसंबर, 2014 से पहले इस शर्त पर भारत में दाखिल हुए थे कि वे अपने घर में धार्मिक उत्पीड़न के कारण वाहन से भाग आए थे। इस याचिका में कानून और न्याय मंत्रालय के सचिव और भारत सरकार को प्रतिवादी बनाया गया है।

नडेला ने सीसीए पर जताया...

सबसे सटीक उदाहरण है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया द्वारा जारी नडेला के बयान को भी पोस्ट किया है। लेखी ने कहा, 'सीएए के लिए सटीक वजह बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रताड़ना का शिकार होकर आए अल्पसंख्यकों को अवसर मुहैया कराना है। अमेरिका में यजीदी की बजाए सीरियाई मुसलमानों को अवसर देने के बारे में वह क्या सोचते हैं ?' भारतवंशी नडेला ने कहा था, 'मुझे लगता है कि जो भी हो रहा है, वह दुखद है... यह बुरा है... मैं तो भारत आनेवाले बांग्लादेशी शरणार्थी को भारत में अगला यूनिकॉर्न बनाने या इन्फोसिस का अगला सीईओ बनते देखना पसंद करूंगा।' नडेला के इस बयान का प्रसिद्ध इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने समर्थन किया था।

बांदीपोरा जिले में भी...

के कारण अगले दो दिनों के लिए चादर ट्रेक को अस्थायी रूप से बंद किए जाने की घोषणा की है।

12 लाख रु. लेकर...

से पहले कोई वारदात करने तो नहीं आ रहे थे? हृद्ध जांच में आतंकियों के असली इरादे का पता लगाने की कोशिश करेगी। साथ ही डीएसपी देविंदर के आतंकियों के साथ संबंधों की भी जांच करेगी। इस बात का भी पता लगाया जाएगा कि क्या देविंदर ने पहले भी आतंकियों की मदद की है?

देविंदर के घर हुई तलाशी

डीएसपी देविंदर सिंह को हिजबुल कमांडर सैयद नवीद मुश्ताक उर्फ बाबू और इरफान शफी मीर के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। सोमवार को एजेंसियों ने श्रीनगर में इंदिरा नगर स्थित उसके घर की तलाशी ली। यहां से कई चीजें बरामद हुई हैं, लेकिन पुलिस ने उसका ब्यौरा देने से इनकार कर दिया। नवीद के साथ पकड़ा गया दूसरा शख्स वकील है और वह पांच बार पाकिस्तान जा चुका है। आरोप है कि वह वहां 'हैंडलरों' के संपर्क में था।

दया याचिका बाकी...

राष्ट्रपति को भेजता है और फिर राष्ट्रपति दया याचिका का निपटारा करते हैं। अगर राष्ट्रपति दया याचिका खारिज कर दें उसके बाद मुजरिम को फांसी पर लटकाने का रास्ता साफ होता है। दया याचिका के निपटारे में गैर वाजिब देरी के आधार पर मुजरिम चाहे तो दोबारा सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सकता है।

एनएमडीसी के कार्यों को मंत्री कुलस्ते ने सराहा

■ **कंपनी के हैदराबाद स्थित मुख्यालय में कार्य निष्पादन की समीक्षा की**

हैदराबाद/नवप्रदेश। केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने मंगलवार को हैदराबाद स्थित एनएमडीसी के मुख्यालय का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री ने कंपनी के सीएमडी, निदेशकगण, सीवीओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर एनएमडीसी के कार्य निष्पादन की समीक्षा की। साथ ही एनएमडीसी की ओर से खनन क्षेत्र व सीएसआर से जुड़े कार्यों की सराहना भी की।

कुलस्ते ने कहा कि एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी खनन कंपनियों में से है तथा यह इस्पाएत निर्माताओं को कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने में इस्पापत उद्योग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने एनएमडीसी द्वारा सुस्थिर तथा उत्ततरदायित्वापूर्ण खनन के प्रति किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हीरा खनन परियोजना, पन्ना के नवीनीकरण की स्थिति की भी जानकारी ली तथा एनएमडीसी को उसके सीएसआर संबंधी कार्यों के लिए बधाई दी।

सीएमडी एन. बैजेंद्र कुमार ने परियोजनाओं की दी जानकारी

एनएमडीसी के सीएमडी एन. बैजेन्द्र कुमार, आईएएस ने कुलस्ते का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कुलस्ते का एनएमडीसी मुख्यालय में पहली बार आगमन हुआ है। उन्होंने मंत्री को एनएमडीसी के कार्य निष्पादन एवं चालू परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया तथा यह आश्वस्त किया कि उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एनएमडीसी की ओर से सर्वोत्तम प्रयास किए जा रहे हैं।

किडनी रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया सुपेबेड़ा का दौरा

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। राज्य शासन द्वारा गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा क्षेत्र में लोगों को किडनी बिमारी से निजात दिलाने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए आवश्यक पहल किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासन के विशेष अनुरोध पर आज राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय खेर और डॉक्टर विवेकानंद झा ग्राम सुपेबेड़ा पहुंचे। राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग की सचिव निहानिका बारिक और संचालक श्री नीरज कुमार बसोड़ भी साथ मौजूद थे।

डॉक्टर विजय खेर और डॉक्टर विवेकानंद झा सुपेबेड़ा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित होकर किडनी प्रभावित लोगों से अब तक कराये जा रहे उपचार एवं दवाईयां आदि के संबंध में रू-ब-रू चर्चा किये। उन्होंने लगभग 15 प्रभावितों का मौके पर जांच भी किया और आवश्यक दवाईयां आदि का सेवन करने के सुझाव दिये।

शाकम्भरी जयंती मे शामिल हुई नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू

बोड़ला। विकासखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत तरेगांव मैदान में मां शाकंभरी जयंती के अवसर तीन दिवसीय मानस कथा का आयोजन पटेल समाज के द्वारा किया गया। आयोजन में लगवा जिला मुंगेली लोरमी की प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ बृजेश्वरी देवी के संगीत मय मानस प्रवचन का श्रवण लाभ गांव एंव क्षेत्र के मानस प्रेमियों ने लिया अपने प्रवचन के दौरान उन्होंने राम कथा, भागवत कथा आदि परमात्मा की कृपा से होने के विषय मे रामचरितमानस के चैपाई आवत ही नही सरकत कठिनाई,,, के माध्यम से संगीत व भजन के माध्यम से बताया ,उन्होंने मनुष्य के उम्र की तुलना कागज से करते बताया कि हरि कीर्तन का आनंद स्वर्ग में नही मिलता इसलिए भक्तजन मोक्ष के बजाए बार बार धरती में जन्म लेना चाहते हैं।

125 युवाओं ने किया रक्तदान

डोंगरगढ़ । स्वामी विवेकानंद की 157 वीं जयंती के अवसर पर धर्मनगरी में युवा महोत्सव का मनाया गया जहां श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें 125 युवाओं ने रक्तदान किया व स्वाथ्य शिविर का 115 लोगो ने लाभ लिया साथ ही छत्तीसगढ़ की सामाजिक क्षेत्रो में कार्य कर रही 65 टीमों का मंच से सम्मान किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार-सूचना//

राजस्व प्रकरण क्र.23
ग्राम/ शहर- आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हेमन्त लोधी पिता स्व. रामानंद लोधी जाति लोधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/ भवन को विक्रेता श्री जीतेन्द्र कुमार लोधी पिता स्व. रामानंद लोधी साकिन आरंग से क्रय/ मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त टु. क्र. 04/ भूमि खसरा नं. .. रकबा 493 वर्गफुट के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/ विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् आरंग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आदित्य नारायण प्रूसटी आ. स्व. रविन्द्रनाथ प्रूसटी साकिन आशीष नगर ईस्ट रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 672/57 रकबा 0.02 हे. जो उसके स्व. शिखा प्रूसटी के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 9.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक, रायपुर छ.ग.

//शपथपत्र//

श्री ऋषभ गुप्ता उम्र 21 वर्ष पिता श्री श्रवण कुमार गुप्ता निवासी- सेक्टर2, दुर्गा चौक के पास, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूंः 1. यह कि मेरा नाम पिता का नाम, पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है। 2. यह कि मेरा पिता का वास्तविक एवं सही नाम श्रवण कुमार गुप्ता है जिसका उल्लेख उसके समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेज में किया गया है। 3. यह कि मेरे कक्षा दसवीं एवं बारहवीं उत्तीर्ण मार्कशीट/ अंकसूची में मेरे पिता का नाम लघुरूप में 'एस.के. गुप्ता' उल्लेखित कर दिया गया है। 4. यह कि इस प्रकार 'श्रवण कुमार गुप्ता' एवं मार्कशीट में उल्लेखित लघु नाम 'एस.के. गुप्ता' एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पिता का नाम है। 5. यह कि यह शपथपत्र उपरोक्त दोनों नाम श्रवण कुमार गुप्ता एवं एस.के. गुप्ता एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही पिता के नाम होने के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
श्री ऋषभ गुप्ता
सेक्टर-2, दुर्गा चौक के पास, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर
सील

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./ / ब-121 वर्ष 2020-21
ग्राम- गुल्लू, प.ह.नं. 53

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक झगरू राम सोनकर व रामनारायण सोनकर पिता स्व. मनराखन सोनकर निवासी ग्राम गुल्लू तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम गुल्लू स्थित भूमि ख.नं. 583 रकबा 0.65 हे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका मिलने की मांग किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने किसी वैध अभिभाष के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 20.01.2020 तक दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/12/19 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील **न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर**

कार्यालय प्राचार्य-शासकीय दू.ब. महिला स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालीबाड़ी चौक रायपुर (छ.ग.) 492001

Ph/Fax:0771-2229248, EMail:dbgirls@yahoo.co.in

क्रमांक/1443/निविदा/ ग्रंथा./2020 रायपुर, दिनांक 13/01/2020

ग्रंथालय पुस्तकों हेतु निविदा आमंत्रण

शिक्षा सत्र 2019-20 में महाविद्यालय ग्रंथालय के लिए पुस्तक विक्रेताओं एवं प्रकाशकों से कला, वाणिज्य, एवं विज्ञान की पुस्तकें क्रय किया जाना है। पुस्तकों पर अंकित मूल्य पर अधिकतम छूट के प्रतिशत के साथ अपनी निविदा कार्यालय प्राचार्य शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) में जमा करें। संस्था में निविदा आमंत्रण प्रकाशित दिनांक से 21वें दिवस अपरान्ह 03 बजे तक जमा किया जा सकता है। **निविदा उसी दिन अपरान्ह 04 बजे** प्राचार्य कक्ष में फर्म के प्रतिनिधि के सामने क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जावेगी।

निर्धारित निविदा प्रपत्र, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से राशि रूपये100/- (एक सौ रूपये मात्र) का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

(श्रीमती शीला पटनायक) ग्रंथपाल

प्राचार्य
शास.दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

जी.- 76191/4

कार्यालय कलेक्टर जिला- सुकमा (छ.ग.)
(जिला निर्माण समिति सुकमा)

// मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/385/ NIT No 35/ जि.नि.स./ 2019-20 सुकमा दिनांक- 29/12/2019

2. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ रजिस्टर्ड फर्म से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	प्रा. शाला भवन/ मा.शाला पुसामीपारा में किचन शेड शौचालय एवं बाउंड्रीवाल निर्माण सुकमा प्रा. शाला भवन/ मा. शाला कुम्हाररास सुकमा में किचन शेड शौचालय एवं बाउंड्रीवाल निर्माण	39.47	द वर्ग से लेकर उच्च श्रेणी तक	18/01/2020

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी।

(कलेक्टर द्वारा अनुमोदित)
डिप्टी कलेक्टर
(वास्ते कलेक्टर)
जिला सुकमा (छ.ग.)

जी- 76203/3

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./13/अ-27/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवशंकर साहू पिता स्व. देवलाल साहू निवासी चांदमारी डिपरापारा संतोष दरबार रोड वार्ड 37 गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम फुलगांव प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 9/1, 9/4, 19/2, 19/3, 24, 39/2, 39/4, 39/20, 57/4, 60/1 रकबा 0.01, 0.010, 0.073, 0.077, 1.65, 0.312, 1.356, 0.032, 0.024 कुल खसरा 10, कुल रकबा 3.268 हे. आवेदक व अनावेदकगण के संयुक्त नाम पर दर्ज है। व्यवहार वाद क्रं. 161ए/2016 संस्थित दिनांक 30.06.2016 व निर्णय दिनांक 20.06.2019 में माननीय न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 दुर्ग के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दुर्ग द्वारा ग्राम फुलगांव प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 39/2, 39/20, 57/4, 60/1 रकबा 0.312, 0.860, 0.016, 0.024 कुल खसरा 4, कुल रकबा 1.212 हे. भूमि का आवेदक को स्वामी एवं स्वत्वधारी घोषित किया गया है।

अतः माननीय न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 दुर्ग के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दुर्ग के व्यवहार वाद क्रं. 161ए/ 2016 निर्णय दिनांक 20.06.2019 के आधार पर ग्राम फुलगांव 25 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 39/20, 57/4, 60/1 रकबा 0.312, 0.860, 0.016, 0.024 कुल खसरा 4, कुल रकबा 1.212 हे. भूमि को ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु मय दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 10.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

श्रीमान अधिक्षक भू-अभिलेख (परि.भूमि.) जिला- दुर्ग (छ.ग.)

विषय :- भूमि व्यपवर्तन के प्रकरण में जांच रिपोर्ट देने बाबत्।

संदर्भः- आपके ज्ञापन क्रं. 69/अ.भू.अ./परि.भूमि./2018-19 दुर्ग दिनांक 23.12.2019 एवं मा. न्या. अपर कलेक्टर दुर्ग का ज्ञापन क्रं. 404 प्र.अ.क्र./2012 दिनांक 31.08.2012

उपरोक्त संदर्भित लेख है कि ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. रिसाली तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 406/76 रकबा 0.005 हे. के व्यपवर्तन हेतु आवेदन/ आवेदिका जसपाल सिंह पिता सुरजित सिंह का प्रकरण विचाराधीन है अतः संदर्भित आदेशानुसार निम्न बिंदुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आदेशानुसार कंडिकावार प्रतिवेदन निम्नानुसार है।

आवेदित भूमि पूर्व में अनुसूचित जनजाति वर्ग व्यक्ति की रही है या नहीं, पटवारी कार्यालय में उपलब्ध राजस्व सर्वेक्षण मिसल बंदोबस्त 1986-87 के अनुसार खसरा नं. 406 गौतरिहा- राजाराम वगै. निवासी रिसाली भिलाई के नाम पर दर्ज है एवं जाति दर्ज है। आवेदित भूमि शासकीय पट्टे की भूमि या नजूल या सिलिंग एवं भू-अर्जन से प्रभावित तो नहीं है आवेदित भूमि भूमिस्वामी के हक में दर्ज है। आवेदित भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित तो नहीं है संज्ञान में नहीं है। रिनम्बरिंग पुराना 144/2 नया 406 बना है।

अतः अभिलेखिय जानकारी सहित प्रतिवेदन सादर प्रस्तुत है।

मुहर **अधिक्षक भू-अभिलेख (परि.भूमि.) जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक वीरेन्द्र कुमार देशलहरे आ. स्व. रुपू देशलहरे साकिन अंजोरा द्वारा ग्राम अंजोरा प.ह.न. 01 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर कुल 08 कुल रकबा 2.270 हे. जो उसके स्व. रुपू देशलहरे के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.01.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-05, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.- 0771-2971574
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी खिलौरा, जिला- रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी. भवन क्र.- 160, श्रीमती करूणा मिश्रा पति श्री डी.के. मिश्रा, के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का सेलडीड दिनांक 31.01.2018 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती करूणा मिश्रा पति श्री डी.के. मिश्रा, निवासी- हनुमान मंदिर के सामने, कायस्थ पारा, पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री अजय कुमार सेन पिता श्री संपत्ति सेन, पता- आर.डी.ए. कालोनी, ब्लॉक-ओ, कमरा नं.-10, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्री अजय कुमार सेन पिता श्री संपति सेन, पता- आर.डी.ए. कालोनी, ब्लॉक- ओ, कमरा नं.-10, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5 रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 9685585693 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D2ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, धनसुली रायपुर में स्थित अटल आवास भवन क्रमांक-21, श्रीमती शाहिना बेगम पति मोहम्मद शाहिद हसन को ऑफर/ स्ववित्तिय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 30.09.2009 को अपने नाम पर लीजडीड/सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत दिनांक 09.10.2019 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती मीरा नर्सवानी पति स्व. श्री ज्ञानचंद नर्सवानी निवासी न्यू राजेन्द्र नगर, दीपक कॉलोनी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 16.12.2019 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती मीरा नर्सवानी पति स्व. श्री ज्ञानचंद नर्सवानी द्वारा उक्त भवन को (फ्री-होल्ड) पश्चात् अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के फ्री-होल्ड उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2971574 Email Id:-eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भू-खण्ड/ भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/ भवन को फ्री- होल्ड के लिए आबंटियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है। अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/ पति का नाम	भवन क्रमांक
	दीनदयाल आवास योजना सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)		
1	श्रीमती नुसरत बेगम	पति श्री नुरल हसन	एल.आई.जी.- 597
2	श्रीमती गीता कुमारी	पति श्री संतोष कुमार	एल.आई.जी.-383
3	श्री विजय चौबे	श्री विश्वनाथ चौबे	एल.आई.जी.-103
4	श्रीमती अन्नु तिवारी	पति श्री अखिलेश्वर नाथ तिवारी	एल.आई.जी.-1389
5	श्रीमती मीतांजली महन्ती	पिता श्री विजय कुमार महन्ती	एल.आई.जी.-205
6	श्रीमती सुनीला जैन	पति श्री अजय कुमार जैन	एल.आई.जी. -1168 ए
7	श्रीमती वर्षा रानी गुप्ता	पति श्री विपिन गुप्ता	एल.आई.जी.- 440
8	श्रीमती पुष्पलता सिंह	पति श्री एस.डी. सिंह	एल.आई.जी.- 466
9	श्री प्रभात कुमार सतपथी	श्री ध्रुवराज सतपथी	एल.आई.जी.- 520
10	श्रीमती प्रेमलता शेवलीकर	पति स्व. श्री गनपत राव शेवलीकर	एल.आई.जी.- 1152 बी
11	श्रीमती शैल खण्डेलवाल	पति श्री सतीश खण्डेलवाल	एल.आई.जी.- 1084
12	श्री सी.एस. देश पान्डे	स्व. वासुदेव देश पान्डे	एल.आई.जी.- 86
	दीनदयाल एवं अटल आवास योजना गातापार (अभनपुर), रायपुर (छ.ग.)		
1	(संयुक्त नाम) श्री सुरेश केला श्रीमती मंजुला केला	स्व. श्री बाबूलाल केला पति श्री राजेश कुमार केला	एल.आई.जी.-177 ए
2	श्रीमती मंजुला केला	पति श्री राजेश कुमार केला	एल.आई.जी.- 177
3	(संयुक्त नाम) श्री राजेन्द्र कुमार भारती श्रीमती कल्पना तिवारी	श्री चंदर भारती पति श्री सज्जन तिवारी	एल.आई.जी.-187
4	श्री गोपेश्वर भारद्वाज	श्री बलभद्र भारद्वाज	अटल आवास- 67
	दीनदयाल/ अटल विहार एवं अटल आवास योजना आरंग, रायपुर (छ.ग.)		
1	श्री मोहन लाल बांधे	श्री झुमुक राम बांधे	अटल आवास - 906
2	श्रीमती अंबिका सेन	पति श्री सालिक राम सेन	अटल आवास- 934
3	(संयुक्त नाम) श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास श्री प्रवीण कुमार सेन	पति श्री चन्द्रमणी श्रीवास श्री सालिकराम सेन	अटल आवास-933
4	श्रीमती कमला चन्द्राकर	पति स्व. भानू प्रताप चन्द्राकर	एल.आई.जी.-272
5	श्री तरूण कुमार	स्व. घनश्याम प्रधान	एल.आई.जी.- 165
6	श्रीमती तृप्ति शर्मा	पति श्री रमाशंकर शर्मा	एल.आई.जी. टाईप- I-49
7	श्रीमती किरण सोनी	पति स्व. राजेन्द्र कुमार सोनी	अटल आवास-594
8	श्री विनोद कुमार सोनी	श्री लक्ष्मी नारायण सोनी	अटल आवास- 81
9	(संयुक्त नाम) श्रीमती चारूलता साहू, श्री हेमन्त कुमार साहू	पति श्री हेमन्त कुमार साहू श्री गनेश राम साहू	एल.आई.जी. टाईप I-87
	दीनदयाल आवास योजना खिलौरा, रायपुर (छ.ग.)		
1	श्री विवेकानंद घड़ा	श्री परमेश्वर घड़ा	एल.आई.जी.- 98
2	श्रीमती बिन्दु शुक्ला	पति श्री रजनीश शुक्ला	एल.आई.जी. -129
3	श्रीमती श्यामा गजेन्द्र	स्व. श्री नन्द कुमार गजेन्द्र	एल.आई.जी. -25
4	श्रीमती मधुबाला शर्मा	पति स्व. श्री राम किशन शर्मा	एल.आई.जी. - 128
5	श्री लोकेश शर्मा	स्व. श्री राम किशन शर्मा	एल.आई.जी.- 133
	ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट धरमपुरा, रायपुर (छ.ग.)		
1	श्री भुनेश्वर साहू	श्री दुलारा राम साहू	ई.डब्ल्यू.एस.- ब्लॉक-11, फ्लैट-37 द्वितीय तल
2	श्री झमक लाल साहू	श्री मनी राम साहू	ई.डब्ल्यू.एस.- ब्लॉक-31, फ्लैट-10 द्वितीय तल
3	श्रीमती गोदावरी साहू	पति श्री रूपेश कुमार साहू	ई.डब्ल्यू.एस.- ब्लॉक-31, फ्लैट-11 द्वितीय तल
	अटल आवास योजना बेलभाठा (अभनपुर), रायपुर (छ.ग.)		
1	श्रीमती सुधा यदु	पति श्री बालमुकुन्द	अटल आवास-240
2	श्री विनोद प्रसाद तिवारी	श्री सुरज प्रसाद तिवारी	अटल आवास - 363

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती स्वाती पांडे स्व. उदय पांडे साकिन मैत्रीकुंज रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 99/11 रकबा 0.03 हे. जो उसके स्व. उदय पांडे के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

के न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।

व्यक्तिगत-सूचना

मामला क्र./अ-6/2019-20

प्रति,
श्री भरतलाल आ. स्व. बृजलाल एवं अन्य 07 निवासी वार्ड क्रं. 56 उरला दुर्ग

विषय- क्रय/ विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में रिक्त भूमि खसरा नं. 201/2 का टुकडा का रकबा 1520 वर्गफीट हें भू.रा. भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 04.09.2013 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है।

आवेदक क्रेता चंद्रिका बाई विश्वकर्मा निवासी बरही के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 16.01.2020 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नीरज बंछोर आ. स्व. पुनाराम बंछोर साकिन हथखोज द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 457/98 का टु. रकबा 0.014 हे./ 1500 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से श्रीमती किरण सिंह पति डॉ. आर.पी. सिंह से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मंजू अग्रवाल पति स्व. प्रमोद कुमार अग्रवाल साकिन आशीष नगर रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 415/53 रकबा 1500 वर्गफीट जो उसके स्व. प्रमोद कुमार अग्रवाल के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विकासचन्द्र सिन्हा आ. स्व. बीरेन्द्र प्रसाद सिन्हा साकिन मैत्रीनगर रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 475/12 रकबा 0.020 हे. जो उसके स्व. बीरेन्द्र प्रसाद सिन्हा के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

महिलाओं के लिए फिल्मी दुनिया का मार्ग प्रशस्त किया दुर्गा खोटे ने

मुम्बई (वार्ता)। भारतीय सिनेमा जगत में दुर्गा खोटे को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने महिलाओं को फिल्म इंडस्ट्री में काम करने का मार्ग प्रशस्त किया। दुर्गा खोटे जिस समय फिल्मों में आयी उन दिनों फिल्मों में काम करने से पहले पुरष ही स्त्री पात्र का भी अभिनय किया करते थे। उन्होंने फिल्मों में काम करने का फैसला किया और इसके बाद से हीं सम्मानित परिवारों की लड़कियां और महिलाएं फिल्मों में काम करने लगीं। चौदह जनवरी 1905 को मुंबई में जन्मीं दुर्गा खोटे ने वर्ष 1931 में प्रदर्शित प्रभात फिल्म कम्पनी की मूक फिल्म 'फरेबी जाल' में छोटी -सी भूमिका से अपने फिल्मी कैरियर की शुरआत की। इसके बाद दुर्गा खोटे ने व्ही शांताराम की मराठी फिल्म 'अयोध्येचा राजा'(1932)में काम किया। इस फिल्म में दुर्गा खोटे ने रानी तारामती की भूमिका निभायी।

अयोध्येचा राजा मराठी में बनी पहली सवाक फिल्म थी। इस फिल्म की सफलता के बाद दुर्गा खोटे बतौर अभिनेत्री अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गयीं। इसके बाद प्रभात फिल्म कंपनी की ही वर्ष 1932 में

राज कपूर की बेटी ऋतु नंदा का कैंसर से निधन

नई दिल्ली (वार्ता)। हिंदी सिनेमा के सबसे बड़े 'शोमैन' राज कपूर की बेटी एवं बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की समधिन ऋतु नंदा का मंगलवार तड़के निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। वह पिछले सात वर्ष से कैंसर से पीड़ित थीं। श्रीमती नंदा अभिनेता ऋषि कपूर, रणधीर कपूर और राजीव कपूर की बहन थी। श्री रणधीर ने अपनी बहन की मौत की पुष्टि की।

अनन्या पांडे ने रीक्रिएट किया डीडीएलजे मोमेंट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) के आइकॉनिक 'पलट' मोमेंट को रीक्रिएट किया है। अनन्या पांडे इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'खाली पीली' के शूट में बिजी हैं। फिल्म की शूटिंग महाराष्ट्र के वई में हो रही है। फिल्म के सेट पर वह अच्छा समय बिता रही हैं। अनन्या ने इंस्टाग्राम पर कुछ और फोटो शेयर की है। बैकग्राउंड में खेत नजर आ रहा है। वह डार्क ब्लू टैंक टॉप, डेनिम शॉर्ट्स और स्लाइडर्स के साथ दिख रही हैं। अनन्या ने पोज देने के अलावा फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के आइकॉनिक 'पलट' मोमेंट को भी रीक्रिएट किया।

अनन्या ने कहा था कि वह एक इंटेंस रोमांटिक फिल्म का इंतजार कर रही थीं और 'खाली पीली' वैसी ही है। उन्होंने कहा था कि उन्हें ईशान खट्टर के साथ काम करके काफी मजा आया। उन्होंने बताया था कि पूरी फिल्म में रात के सीन्स ज्यादा हैं, ऐसे में उनके लिए रात में शूट करना भी एक चैलेंज था। यह फिल्म 12 जून 2020 को रिलीज होगी।

QUIZ TIME

1) भीमबेटका से प्राप्त चित्रकारी के प्राचीनतम साक्ष्य किस काल से संबंधित है?
(क) पुरापाषाण काल (ख) पाषाण काल (ग) मध्यपाषाण काल (घ) नवपाषाण काल

2) देश के 25 वें उच्च न्यायालय के रूप में आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय कहाँ स्थापित किया गया है? (अमरावती / विजयवाड़ा)

3) 'बणी-ठणी' नाम से सुविख्यात चित्र किस शैली से संबंधित है?

4) स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश का 'सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ स्थल 2019' का पुरस्कार माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को दिया गया है। (सही / गलत)

5) चैधरी ब्रह्मा प्रकाश किस राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्यपाषाण काल (2) अमरावती (3) किशनगढ़ शैली (4) सही (5) दिल्ली

अक्षय के साथ काम करेंगे ऋतिक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन और अक्षय कुमार की जोड़ी पौराणिक फिल्म में साथ नजर आ सकती है। ऋतिक रौशन और अक्षय कुमार इन दिनों फिल्ममेकर्स की टॉप लिस्ट में बने हुए हैं। जहां 2019 में रितिक ने 'वॉर' के जरिए साल की सबसे बड़ी हिट दी, वहीं अक्षय ने भी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। अक्षय के पास 2020 में भी कई इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स हैं। अब चर्चा है कि ऋतिक और अक्षय पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि दोनों ऐक्टर्स को एक पौराणिक ड्रामा में अहम किरदारों को निभाने के लिए अप्रोच किया गया है। यह फिल्म बड़े स्केल की बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि राणा दग्गुबाती को भी फिल्म में हिरण्यकश्यप का रोल निभाने के लिए अप्रोच किया गया है।

करण अर्जुन के रीमेक में ऋतिक और रणवीर

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार राकेश रौशन का कहना है कि करण-अर्जुन के रीमेक में ऋतिक रौशन और रणवीर सिंह या रणबीर कपूर सबसे फिट होंगे। राकेश रौशन निर्मित फिल्म 'करण अर्जुन' को प्रदर्शित हुये 25 साल हो गये हैं। फिल्म में सलमान खान और शाहरुख खान लीड ऐक्टर के रूप में नजर आए थे। दोनों नें फिल्म में करण और अर्जुन का किरदार निभाया था और यह किरदार आज तक दर्शकों के दिलों में बसा है। राकेश रौशन से पूछा गया कि इस फिल्म की रीमेक बने तो वह इसमें किन्हें लीड स्टार के रूप में देखना पसंद करेंगे।

बेल बॉटम में अक्षय के साथ काम करेंगी मृणाल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर फिल्म 'बेल बॉटम' में अक्षय कुमार के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। पिछले साल अक्षय कुमार ने अपनी फिल्म बेल बॉटम का एलान किया था। एक यह पीरियड फिल्म है, जिसमें अक्षय एक जासूस के रोल में दिखेंगे। अब इस फिल्म में अक्षय की लीडिंग लेडी को लेकर खबर आ रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म निर्देशक निखिल आडवाणी इस फिल्म में मृणाल ठाकुर को अपनी फिल्म में साइन करने के लिए तैयार हैं। निखिल आडवाणी को लगता है कि मृणाल ठाकुर इस फिल्म के लिए एकदम फिट हैं।

एयर इंडिया विनिवेश :

एयरलाइन का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित किया जायेगा-सरकार

दिल्ली 14 जनवरी (वार्ता) सरकार ने कहा है कि एयर इंडिया के विनिवेश को लेकर हितधारकों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है और विनिवेश प्रक्रिया के दौरान एयरलाइन का निर्बाध परिचालन सुनिश्चित किया जायेगा।

नई दिल्ली। सरकारी विमान सेवा कंपनी के विनिवेश प्रक्रिया के तहत इसके लिए विशेष रूप से गठित मंत्रियों के समूह ने आरंभिक सूचना दस्तावेज और बोली की शर्तों को मंजूरी दे दी है। आरंभिक सूचना दस्तावेज जारी कर बोली प्रक्रिया जल्द शुरू किये जाने की उम्मीद है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आज ट्वीट कर कहा ÷मंत्रालय एक बार फिर इस बात को दुहराना चाहता है कि विनिवेश की दिशा में आगे बढ़ने के साथ सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि एयर इंडिया का परिचालन निर्बाध रूप से चलता रहे और इसमें सुधार हो। किसी भी हितधारक को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

इससे पहले एयर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अश्विनी लोहानी भी हितधारकों को आश्वस्त कर चुके हैं कि विनिवेश प्रक्रिया के कारण सरकारी विमान सेवा कंपनी का परिचालन प्रभावित नहीं होने दिया जायेगा और उचित मौका मिलने पर कंपनी अपने नेटवर्क तथा बेड़े का विस्तार भी करेगी। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया की देनदारी बढ़कर 80 हजार करोड़ रुपये के पार पहुँच चुकी है तथा उसे पिछले साल रोजाना 22 से 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में भी उसके विनिवेश का प्रयास किया गया था, लेकिन उस समय कंपनी को खरीदने के लिए कोई खरीददार सामने नहीं आया। पिछले साल दुबारा सत्ता में आने पर पहले ही बजट में सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह एक बार फिर एयर इंडिया के विनिवेश का प्रयास करेगी।

दिल्ली से काठमांडू की उड़ान शुरू करेगी विस्तारा

नई दिल्ली (वार्ता)। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली विमान सेवा कंपनी विस्तारा अगले महीने से दिल्ली से काठमांडू के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइन ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली-काठमांडू-दिल्ली मार्ग पर वह 11 फरवरी से दैनिक उड़ान शुरू करेगी। यह उसका पाँचवाँ अंतर्राष्ट्रीय गंतव्य होगा। इसके लिए टिकटों की बुकिंग आज से शुरू हो गयी है। विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेसलि थंग ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच व्यापारिक एवं सांस्कृतिक रिश्ते काफी अच्छे हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडू पड़ोसी देश का प्रवेश द्वार है।

जिओर्डानो की हैन्डबैग्ज ने की कियारा के साथ शुरूआत

मुंबई। जिओर्डानोकी ओर से हाल ही में अपनें बहुआयामी ऑटम विंटर कलेक्शन 2019 के हैन्डबैग्ज की शुरूआत कियारा अडवानी के साथ करनें की घोषणा की. आकर्षक रंगों से लैस यह नया कलेक्शन इतना आसान है की आपकी इसे दुनिया को दिखाने की चाहत और बढ जाएगी. इटली से प्रोत्साहीत यह लाईफस्टाईल ब्रान्ड है जिसके जिओर्डानोकलेक्शन में परंपरागत बैग्ज का समावेश है जो आपकी लाईफस्टाईल कोशंट को बढाएगा। ट्रेन्डी स्टाईल से युक्त इस कलेक्शन में आपको क्लासिक हैन्ड बैग्ज के साथ नए सिज़न को (और उसके आगे भी) आपके लिए पेश किया गया है. कॉर्पोरेट और प्रेट रेंज की हैन्डबैग्ज के साथ ही रोजमरहा के प्रयोग के लिए उपयुक्त बैग्ज के साथ छुट्टीयों के लिए भी सही रेंज इस में दी गई है। सुगोग्य गुणवत्ता से बनें इन बैग्ज की सुंदरता काफी अच्छी होनें के साथ ही इस में मुलायम स्पर्श भी है। कियारा कहतीं है जिओर्डानो एक सुयोग्य फैशन स्टेटमेंट है क्योंकी अगर आप प्लेन कपडे पहनती हो फिर भी स्टाईलिश हैन्डबैग्स के साथ आपका फ्रेशतरोताजा और सुंदर दिखती है. यह स्टेटमेंट बैग्ज केवल स्टाईलिश ही नहीं बल्की सभी प्रसंगों और वाजीबदामों में उपलब्ध है. ब्रान्ड की ओर से एक ही जगह सभी प्रकार की हैन्ड बैग्ज की जरूरतों को पूर्ण किया जा सकता है।

आसान हुये पायलट बनने के नियम

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में भारी संख्या में पायलटों की जरूरत को देखते हुये नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने पायलट बनने के लिए अनिवार्य उड़ान अनुभव में कमी कर दी है। मंत्रालय ने एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 में संशोधन के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार, पायलट लाइसेंस हासिल करने के लिए आवेदन से ठीक पहले के एक साल में डेढ़ हजार घंटे की उड़ान की शर्त हटा दी गयी है। हालाँकि, पिछले छह महीने में 10 घंटे की बजाय अब 20 घंटे के उड़ान अनुभव को अनिवार्य बनाया गया है। आवेदक के कुल उड़ान अनुभव में इंस्ट्रक्टर की निगरानी में 500 घंटे की उड़ान शर्त को घटाकर 250 घंटे किया गया है।

फेरारा ने लॉन्च किया अपना नया कलेक्शन

नई दिल्ली। इस सीज़न में, अपने वार्डरोब में मौजूद पुराने कलेक्शन से बाहर निकलकर इटालियन लक्ज़री ब्रांड, फेरारा के बिल्कुल नए एवं बेहद शानदार कलेक्शन को एक्सप्लोर कीजिए।

फेरारा के फैब्रिक्स अपने आप में बेजोड़ हैं, साथ ही इसने भारतीय बाजार को अच्छी तरह समझते हुए बिल्कुल लेटेस्ट ट्रेंड को अपनाया है। इसके द्वारा बाजार में उतारे गए विभिन्न प्रकार के फैब्रिक्स में कैश्मिर, मोहेयर और मैरिनो वूल ब्लेंड्स शामिल हैं। फेरारा ने अपने फैब्रिक्स में इटालियन डिजाइन को बेहद बारीकी से शामिल किया है, और सिलकर तैयार करने के बाद तो ये फैब्रिक्स वाकई बेहद शानदार नज़र आते हैं। कंपनी ने अपने कलर-रेंज से हमेशा सबको प्रभावित किया है, और इस कलेक्शन के कलर-रेंज की बात की जाए तो इनमें मर्लोट, हेज़ेल, शुगर ऑमन्ड, ग्रीन ऑलिव, फ़ॉरेस्ट बायोम, इवनिंग ब्लू, ब्लूस्टोन, टायरियन पर्पल, फ्रॉस्ट ग्रे, पालोमा, चिकरी कॉफ़ी और वेनिला कस्टर्ड जैसे आकर्षक रंग शामिल हैं। फेरारा को न केवल क्लासिक सूटिंग फैब्रिक्स के लिए जाना जाता है, बल्कि यह जैकेट की व्यापक रेंज के लिए भी मशहूर है, जिसमें सबसे बेहतरीन ट्वीड्स भी शामिल हैं।

लक्ज़री फेरारा फैब्रिक्स के निर्माण में कैशमिर, मोहेयर ऊन, रेशम जैसे एग्जॉटिक फाइबर का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। इस रेंज में कुछ बेहद खूबसूरत व अव्वल दर्ज़े के फाइबर का इस्तेमाल हुआ है।

ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुडबॉल चैम्पियनशिप 2019-20

कलिंगा विश्वविद्यालय ने हासिल किया स्वर्ण पदक

रायपुर। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वुडबॉल चैम्पियनशिप में कलिंगा विश्वविद्यालय की महिला वर्ग की खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि पुरूष वर्ग की टीम ने रजत पदक प्राप्त करके विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। विदित हो कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी धडुऑ में तीन दिवसीय ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बुडबॉल चैम्पियनशिप 5 से 7 जनवरी को आयोजित किया गया। जिसमें देश भर की 26 से अधिक यूनिवर्सिटी की टीम ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी श्री संजीव कुमार यादव एवं खेल शिक्षिका सुश्री रानी साहू के निर्देशन में कलिंगा विश्वविद्यालय की महिला वर्ग की खिलाड़ी अनामिका, कृष्णा, संघमित्रा, वर्षा, निकिता, शिवानी और अवनी ने सबसे कम 248 स्ट्रोक्स के साथ दमदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर अपनी यूनिवर्सिटी को स्वर्ण पदक दिलाया। इसी प्रकार दूसरे दिन के खेल में कलिंगा विश्वविद्यालय के पुरूष वर्ग के खिलाड़ी श्रृंगी, एम.डी. शाकिर, मनीष, सत्यम, पंकज, वेदप्रकाश, रोहित और लोकेन्द्र ने 215 स्ट्रोक्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे और विश्वविद्यालय के नाम पर रजत पदक हासिल किया। अखिल भारतीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन और खिताब हासिल करने पर कलिंगा विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल व्याप्त है। उन्होंने खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त किया है।

बजाज ने शुरू की चेतक की बुकिंग, कीमत 1.15 लाख रुपये तक

दोपहिया एवं तिपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी बजाज ऑटो ने अपने बहुप्रतीक्षित ई स्कूटर 'चेतक' को लॉच करते हुये कल से इसकी बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। इस ई स्कूटर की एक्स शोरूम कीमत एक लाख रुपये और 1.15 लाख रुपये है।

मुंबई (वार्ता)। कंपनी ने मंगलवार को यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि गत 16 अक्टूबर को दिल्ली में इसका अनावरण किया गया था। चेतक अब जनवरी 2020 के अंत तक पुणे और बेंगलुरु के चुनिंदा केटीएम शोरूम पर टेस्ट-राइड के साथ बुकिंग के लिए उपलब्ध है। यह दो संस्करण अर्बन और प्रीमियम में उपलब्ध होगा। अर्बन की कीमत एक लाख रुपये और प्रीमियम संस्करण की कीमत 1.15 लाख रुपये है। इसके

अतिरिक्त पैकेज के साथ एक होम चार्जिंग स्टेशन भी शामिल है।

कंपनी ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। फरवरी 2020 के अंत से डिलेवरी शुरू की जायेगही। सहज और सुविधाजनक बुकिंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राहक चेतक वेबसाइट पर 2000 रुपये की राशि पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। चेतक को 12,000 किलोमीटर या एक वर्ष (जो भी पहले हो) के सेवा अंतराल के साथ न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता होती है और यह 3 साल या 50,000 किलोमीटर (जो भी पहले हो) लिथियम-आयन बैटरी सहित समग्र वारंटी के साथ है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने कहा कि एक आधुनिक इलेक्ट्रिक अवतार में लीजेंडरी चेतक की वापसी वास्तव में बजाज ऑटो में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि चेतक स्वच्छ तकनीक से संचालित, सुरुचिपूर्ण और एक रमणीय स्वामित्व अनुभव के बिल्कुल नए बेंचमार्क स्थापित करेगी, जो व्यक्तिगत रूप से आने और हमारा कल का निर्माण करने का एक बेहतरीन अनुभव है। नए चेतक में एक आईपी 67 रेटेड हाई-टेक, एनसीए सेल वाली लिथियम आयन बैट्री है। यह बैट्री आसानी से घरेलू 5 एंपीयर बिजली आउटलेट से चार्ज हो जाती है। इसका ऑनबोर्ड इंटेलीजेंट बैट्री मैनेजमेंट सिस्टम (आईबीएमएस) चार्ज और डिसचार्ज को नियंत्रित करता है। ई चेतक में 3 किलोवॉट की बैटरी है। इसमें दो ड्राइव मोड (इको, स्पोर्ट) की पेशकश की गयी है और एक रीवर्स एसिस्ट मोड भी है। फुल चॉर्ज में यह 95किलोमीटर से अधिक चलेगी।

हमारी जमीन पर खरखरा बावजूद हमको ही पानी नहीं मिल रहा, ये सही नहीं: अनिला

- नगर को जल्द ही मिलेगा महिला जीम व प्रमख चौक चैराहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, मंत्री ने कही यह बात
- सबसे मिल कर सबको लेकर इसी मंत्र से आगे बढ़ें निकाय में होगा असंभव से संभव कार्य

डौंडीलोहारा। नगर पंचायत में नव निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का पदभार व पुर्व पदाधिकारीयों का बिदाई समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम मे प्रदेश शासन की महिला बाल विकास मंत्री अनिला व बालोद जिला कलेक्टर रानु साहु व अपर कलेक्टर ए के बाजपेयी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामसिंह ठाकुर नगर पंचायत के अध्यक्ष लोकेश्वरी साहु व उपाध्यक्ष विघा शर्मा कांग्रेसी संगठन प्रमुख भोला देशमुख जिला सचिव कांग्रेस अनिला लोढा प्रमुख रुप से मंचस्थ थें।

आज कार्यक्रम को संबोंधित करते हुये मंत्री अनिला भेंडिया ने सभी नये निर्वाचित सदस्यों को पदभार ग्रहण करने के अवसर पर नई जिम्मेदारी के लिये बधाई दिया। वही नगर का विकास मिल जुलकर सबको साथ लेकर चलने की हिदायत नये सदस्यों को दी तथा पुराने सदस्यों को भी कहा की आपने भी पांच वर्षो तक नगर की सेवा की है आगे भी कोई नगर विकास का मामला हो तो आगे आकर इस बात को रखें व समुचित नगर विकास मे अपना योगदान दें मंत्री ने आगे कहा की डौन्डीलोहारा नगर मेरी कर्मभुमि है। यही मेंने पढ़ाई की व अन्य दायित्व इसी मातृभुमि में मैनें सपंत्र किया है। इस नगर का विकास भी मेरी प्रथामिकता में है और यह पुरा भी हो रहा है जिला कलेक्टर रानु साहु ने कहा कि नगर को कुल 15 पार्षदों में से 10 में निर्वाचित महिला पार्षद मिले है और निकाय में महिला शक्ति का बहुमत है और महिला बहने आगे आकर नगर का विकास करेगी इस बात का मुझे भरोसा है। नगर के विकास मे जो सहयोग जिला प्रशासन से करना होगा वो हम करेगें निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई व शुभकामनाऐं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति लोकेश्वरी साहु ने कहा कि नगर की जनता ने जो विश्वास मुझ पर किया है उसे पुरा करने का काम अब मेरे उपर है और नगर मे विकास कर्यो को पुरा करना मेरी प्राथमिकता है और दायित्व मिलते ही मैने अधिकारीयों को कहा है कि पानी सफाई और बिजली की और सही तरीकें से कार्य हो मिठी बातें करना ही मेरा काम नही होगा में अपने नगर की जनता को जो उनका मकसद नगर विकास से है उसे पुरा करने में पुरी ताकत लगा दुंगी और हम सब के साथ मंत्री महोदया का साथ तो मिलेगा ही जिला प्रशासन भी सहयोग प्रदान करेगा यही हम सब चाहते है।

इस कार्यक्रम में जिला सचिव अनिल लोढा भोला देशमुख विघा शर्मा ने भी संबोंधित किया इस कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया वही पुर्व पार्षदों को शाल श्रीफल देकर उनको बिदाई दी गई इस कार्यक्रम में एल्डरमेन हस्तीमल सांखला गजेन्द्र शर्मा अवध कोमार्य संजय गुप्ता सहित ताराचंद जैन शेष फरीद सिद्धीकी प्रकाश शर्मा गोपीनारायण साहु विकास जैन हर्षित जैन नगर पंचायंत पुर्व अध्यक्ष प्रेम भंसाली नवाब जिलानी द्धारिका देंवागन गुलाब भंसाली राजा रजक कान्हा टांक सहित नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

न्यूज गैलरी

ममता शर्मा ने मंत्री को बताई वार्ड की समस्याएं

डौन्डीलोहारा। नगर पचांयत पदभार व बिदाई कार्यक्रम में आज नगर पंचायत डौन्डीलोहारा पहुंची प्रदेश शासन की महिला बाल विकास मंत्री श्रीमति अनिला भेंडिया से नगर की वार्ड 4 से नवनियुक्त पार्षद श्रीमति ममता शर्मा ने आज अपने वार्ड की समस्याओं से मंत्री जी को अवगत कराया व मांगपत्र सौपा ममता शर्मा ने मंत्री महोदया को बताया की वार्ड में सीमेंटीकरण कार्य व रोड पर लाईट की व्यवस्था तथा प्रमुख चैक चैराहों पर सीसी टीवी कैमरा लगाने की काफी आवश्यकता है नगर में अपराधिक घटनायें बड़ रही है जिस पर रोक लगाने की आवश्यकता है जिस पर मंत्री महोदया ने कहा की जल्द ही सभी नगर के वार्डो में विकास के कार्य प्रारभं होगें जिससे नगरवासियों को काफी राहत मिलेगी

नवनियुक्त पार्षदों का पदभार आज

डौण्डी। नगर पंचायत डौण्डी के नव निर्वाचित अध्यक्ष सोमेश सोरी व उपाध्यक्ष डॉक्टर रूपेश नायक सहित अन्य 13 पार्षदों का पदभार 15 जनवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे नगर पंचायत प्रांगण में आयोजित हैं। व 16 जनवरी को समारोह कार्यक्रम व विजय रैली रखा गया गया है उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी होंगे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार होंगे। विशेष अतिथि मण्डल अध्यक्ष मनीष झा, सोमेश साहू,रामनारायन धनकर,छगन यदु, दिनेश अग्रवाल,अजय चौहान, मदन जैन होंगे। उक्त जानकारी मण्डल अध्यक्ष मनीष झा द्वारा दी गई व नगर व ब्लॉक सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थिति का निवेदन किया है।

रासलीला के बाल कलाकारों ने किया मयूर नृत्य

भाटापारा। वृन्दावन धाम से आये हुए रासलीला कृष्ण रासलीला मण्डली के सदस्यो द्वारा आज नगर के प्रतिष्ठित शिवपुरोहित जी के निवास पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अपनी विविध कला का प्रदर्शन करते हुए। राधा कृष्ण जी के द्वारा मयूर नृत्य जैसा अभिनय कर लोगो को मंत्रमुग्द कर दिया। रासलीला मंडली के सदस्यों द्वारा अभिनय व संगीत प्रस्तुति के चलते पूरा माहौल धार्मिक और भक्तिमय हो गया।

दुर्ग-कानपुर एवं दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस में एलएचबी कोच की सुविधा

भाटापारा। रेलवे द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों की अलग-अलग श्रेणियों में होने वाली भींड़ को ध्यान में रखकर यात्रियों के लिये समय-समय पर अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था एवं कोचो के प्रकार में संशोधन किया जाता है। इसी प्रकार 18203/18204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस एवं 18201/18202 दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस गाडियों में एलएचबी कोच की सुविधा प्रदान की जा रही है । पारंपरिक कोचों के स्थान पर एलएचबी कोच लगाए गए हैं। यह एलएचबी कोच पारंपरिक कोचों की अपेक्षा अधिक सुरक्षित, काफी आरामदायक एवं अधिक सीटों की क्षमता वाले होते हैं। चूंकि एलएचबी कोचों में साधारण कोचों की अपेक्षा अधिक बर्थ रहते है, इसलिए इन गाड़ियों मं एक स्लीपर कोच कम रहते है जिन यात्रियों ने इन गाडियों में आरक्षण कराया है उनकी आरक्षण सीटों को दूसरे कोचों में रिअलोट किये जाने की सम्भावना है । इसकी सूचना यात्रियों को चार्ट बनते समय उनके द्वारा आरक्षण कराते समय दिए गए मोबाईल नंबर पर उपलब्ध कराई जा रही है । चार्ट बनने के बाद यात्रीगण भारतीय रेलवे की वेबसाईट पर पीएनआर इंक्वारी के माध्यम से भी अपना रिअलोटमेंट बर्थ जान सकते है। साथ ही ट्रेन में उपस्थित टीटीई के एवं स्टेशन पर टीसी कार्यालय में भी इसकी जानकारी उपलब्ध रहती है। यात्रियों से अनुरोध है कि वह बुकिंग कराते समय सही मोबाईल नम्बर दें ताकि उन्हे परिवर्तित बर्थ का एसएमएस भेजा जा सके। उनके पास प्राप्त मैसेज के आधार पर अपने परिवर्तित सीट पर बैठकर अपनी यात्रा का आनंद लें।

सरकार से रोजगार की गुहार लगा रहे वन्य ग्राम के 42 आदिवासी परिवार

- मंत्री को सौंपा मांगपत्र

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। बालोद जिले की अयस्क नगरी दल्लीराजहरा से लगे हुये वन्य ग्राम कोटागांव कुमुरकटा के किसान जो कि महामाया खदान से निकलने वाली लाल पानी से काफी प्रभावित है अपने जमीन के खराब हो जाने के बाद अपने परिवार के जीवकोपार्जन के लिये दर दर भटक रहे है उनको न्याय नही मिल पा रहा है और प्रभावित किसान पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठे है पर जिला प्रशासन व बीएसपी के अधिकारीयों की उदासीनता के कारण इन पर जान माला की हानि का संकट गहरा गया है जानकारी अनुसार आमरण अनशन पर बैठे एक किसान की हालत बेहद खराब होने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है जनमुक्ति मोर्चा के बेनर तले यह आदोंलन जारी है तथा दल्लीराजहरा मजदुर संघ के साथीयों ने भी इस आदोंलन को अपना सर्मथन दिया है व किसानों की मांग को जायज बताया है व बीएसी प्रशासन पर धोखेबाजी करने का आरोप भी लगाया है।

आंदोलनरत किसानों ने की मंत्री से बात: आज प्रभावित किसान दल्ली के युवा नेता रवि जयसवाल के साथ डौन्डीलोहारा आकर प्रदेश सरकार के महिला बाल विकास समाज कल्याण मंत्री श्रीमति अनिला भेंडिया से मिलकर अपनी समस्या को बताया व जल्द से जल्द इस ओर पहल कर न्याय दिलाने की बात कही जिस पर मंत्री ने किसानों से कहा कि आपकी मांग सही है और जिला प्रशासन जब इस ओर पहल कर रहा है तो बीएसपी के अफसरों को भी इस जायज बातों पर कार्यवाही करना चाहिऐ वनांचल के ग्रामीण किसान काफी भोले व सरल होते है और जवाबदार बीएसपी के अधिकारी इनको कमजोर न समझे नही तो ये सड़क की लड़ाई लड़ने बाध्य होगें

जिला प्रशासन ने कहा काम पर रखो

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौन्डीलोहारा के पत्र क्रमांक 32 दिनांक 09.01.2020 को महाप्रबंधक खदान लोह अयस्क समहु दल्लीराजहरा को पत्र जारी कर किया गया। इसमें प्रभावित किसानों के आमरण अनशन करने का लेख करते हुये ग्राम कुमुडकटा कोपेडरा नलकसा के कृषकों को रोजगार देने संबध में कलेक्टर बालोद की अध्यक्षता मे कलेक्टर कार्यालय में हुये बैठक उपरांत तीन चरणों में दिंसबर 2019 तक रोजगार प्रदान करने के निर्देश दिये गये थें। तथा आपके विभाग मे प्रभावित किसानों की सुची भी उपलब्ध होनें का लेख किया गया है तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने इस बात को भी कहा है कि जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजुद बीएसपी प्रशासन द्वारा कोई पहल नही किये जाने के कारण प्रभावित क्षेत्र मे कानुन व्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई है अतः किसानों को रोजगार उपलब्ध कराकर जिला प्रशासन को सुचित करें बावजुद बीएसपी के अधिकारीयों के द्वारा कोई पहल नही किया जा रहा है।

प्रभावित किसानों ने कहा

बालोद जिला का डौन्डी तहसील 5 वी अनुसुची के तहत अनुसुचित क्षेत्र है जंहा पर बीएसपी का महामाया मांईस स्थित है महामाया मांईस में जारी लापरवाही पुर्ण लौह अयस्क खनन करने से इस क्षेत्र में सदियों से निवासरत आदिवासी वनवासी कृषकों का कृषि भुमि जो कि संविधान द्वारा विशेषाअधिकार प्राप्त समुदायों का एकमात्र आजिविका का साधन है जो कई वर्षो से मांइस के लाल पानी के जमाव से भुमि की उर्वरक शक्ति बुरी तरह नष्ट हो गई है जिससे किसानों ने कृषि कार्य ही त्याग दिया है जिस कारण उनको रोजगार की आवश्कता है।

अनुसंधान जांच में भी भुमि की उर्वरक क्षमता को कमजोर बताया गया: जिला प्रशासन ने प्रभावित किसानों की कृषि भुमि की जांच कराने तहसीलदार आर आई पटवारी व बीएसपी के अधिकारीयों की सयुक्त कमेटी बनाकर कृषि भुमि की मिट्टी लेकर कृषि अनुसंधान शाला में जांच भी कराया था जिसकी रीपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख किया गया है जो किसानो के हित में नही है भुमि की उर्वरक क्षमता को काफी कमजोर बताया गया है बावजुद बीएसपी प्रबंधन इन किसानों को रोजगार देने आनाकानी कर रहा है

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संपन्न

भाटापारा । मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती पुष्पा साहू, चिराग ताम्हणे, प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हणे, डायरेक्टर श्री अशोक ताम्हणे तथा स्कूल कोऑर्डिनेटर श्री टी.आर .साहू द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर पालक समिती सदस्य शंकर सोनी , माधव साव एवं कौशल प्रसाद मिश्रा भी उपस्थित थे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कुल 64 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने रोड सेफ्टी, बेटी बचाओ ,जल बचाओ, एसिड अटैक ,शिकारी ,राकेट , बाल श्रमिक, रानी पद्मावती ,रानी लक्ष्मीबाई ,शिवाजी ,स्वच्छता अभियानआदि विभिन्न परिधानों को धारण कर उपस्थित अतिथियों ,पालक गणों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया। तत्पश्चात निर्णायकों द्वारा कक्षा अनुसार एवं सदन अनुसार अपने निर्णय प्रस्तुत किए गए। इसके अनुसार कक्षा एलकेजी के ग्रुप बी में समीक्षा बाजपेई प्रथम, तोरल देवांगन ने द्वितीय तथा आराध्या गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, सांत्वना पुरस्कार अस्तित्व मिश्रा, विद्या देवांगन को मिला ।कक्षा यूकेजी ग्रुप सी में प्रथम स्थान निशिका अग्रवाल,द्वितीय पूर्वी वैष्णव, तृतीय केवल देवांगन एवं सांत्वना पुरस्कार आर्या पांडे ,आराध्या सिंह भार्गवी सिंह ने प्राप्त किया ।इसी तरह कक्षा पहली वह दूसरी से फैंटास्टिक सदन से रुद्र दास प्रथम, मार्बल सदन से लक्ष्य चौरसिया द्वितीय स्थान, फैंटास्टिक सदन से चैताली देवांगन तृतीय स्थान और सांत्वना पुरस्कार जीनियस सदन से समृद्धि कार्या,मीत कुमार साहू ,अनुश्री वैष्णव ब्रिलियंट सदस्य नमन वर्मा को मिला ।कक्षा तीसरी से पांचवी में जीनियस सदन से खनकदास प्रथम ,जीनियस सदन से शुभांगी तिवारी द्वितीय, मार्लवस सदन से शशांक शुक्ला, फैंटास्टिक सदन से मृदुल शुक्ला तृतीय स्थान एवं सांत्वना पुरस्कार ब्रिलियंट सदन से आरुषि वाजपेई ,हर्ष शर्मा जीनियस सदन से तेजेश्वर प्रसाद साहू को मिला ।

समाजसेवी लकी गुप्ता और अनुपमा मनहर का हुआ सम्मान

भाटापारा। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर श्री हनुमान भक्त युवा समिति, डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में रक्तदान एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु निरंतर तत्पर राज्य स्तरीय संस्था - छत्तीसगढ़ स्टारहेल्प वेलफेयर सोसायटी, बिलासपुर को स्मृति चिन्ह एवम प्रमाण पत्र तथा संस्था के लक्की गुप्ता एवम सुश्री अनुपमा मनहर का सम्मान किया गया । इससे पूर्व वर्ष

2019 को नवम्बर माह में आयोजित ? साईं रक्तदाता सेवार्थ समिति, रायपुर द्वारा सम्मानित किया गया था। और यह अवसर दूसरी बार संस्था को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता लक्की गुप्ता ने इस सम्मान को अपनी संस्था का और उनके समस्त कार्यकर्ताओं को समर्पित किया और उन्हें भी अशेष शुभकामनाएं, साभार एवम हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि यह सब संस्था के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत, लगन एवम एकाग्रता से सम्भव हो पाया है जिसके लिए वे इस शुभ अवसर हेतु संस्था को श्रेय देते हैं।

लोहड़ी पर मंत्री अमरजीत भगत ने किया बंटी छाबड़ा का सम्मान

भाटापारा। देश के प्रमुख त्योहारों में से एक लोहड़ी के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी में आयोजित विशाल कार्यक्रम में राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शिक्षा मंत्री अमरजीत भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। लोहड़ी सगना दी नामक इस भव्य आयोजन में नगर के समाजसेवी अरुण छाबड़ा (बंटी) का विशेष सम्मान किया गया, खेलों, समाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष सहभागिता के लिए अरुण छाबड़ा को स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज एवं अन्य संगठनों में उनके उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए सिख समाज ने उनके योगदान को उल्लेखनीय बताया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। चाहे वह सामाजिक हो ,सांस्कृतिक , धार्मिक , क्रीडा जगत अन्य सभी गतिविधियों में सजग भागीदारी व कार्यकुशलता की विशेषता अरूण बंटी छाबडा में है । वर्तमान में छाबडा स्वर्गरथ की सुविधा जरूरत मंद के लिये उपलब्ध कराया जा रहा है। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के आधार पर प्रदेश शासन के मंत्री के व्दारा सम्मानित किया है जिस पर क्षेत्र के सभी वर्ग गणमान्य जनो ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनायें दी है । जिसमे प्रमुख रूप से नीतिन भंसाली, धर्मेश कोटक, हर्षवर्धन अग्रवाल, हरपाल भामरा, सुधीर मिश्रा, देवेन्द्र भृगु, राजकुमार मल, तंजीव अरोरा , आलोक मोदी अजयकांत शुक्ला, अजय यादव ,सुरेश राव, देवेन्द्र सचदेव ,राजा टुटेजा, लक्की छाबडा, सुशील छाबडा, राजेन्द्र सलूजा, कन्हैया सेठी,रामन्द्र ,विख्यात अरोरा, गुलशन वर्मा, सूरजशर्मा जोंटी गुम्बर व पत्रकार जगत से जुडे आदि लोगों ने बधाई दी है ।

मकर संक्रांति का पर्व आज भी

भाटापारा। मकर संक्रांति पर्व इस बार भी दो दिन यानि 14 जनवरी को मनाया गया और आज 15 जनवरी को भी मनाया जाएगा। पंडितों के अनुसार सूर्य के 14 जनवरी को देर रात 1:38 बजे पर मकर राशि में पहुंचने के कारण उदित तिथि में यह त्यौहार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को ही मकर संक्रांति कहते है। यहां से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। इस पर्व पर स्नान व दान का विशेष महत्व होता है। इस दिन शाम 5:30 बजे तक पुण्यकाल रहेगा। बताया गया कि साल में 12 संक्रांति होती है, लेकिन हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। विवाह, गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत, मूर्ति प्रतिष्ठा करने जैसे शुभ कार्य संक्रांति के बाद शुरू हो जाते है। मकर संक्रांति पर्व, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में माघ मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी पर होने वाली संक्रांति के बीच मनेगा। इस कारण यह सभी सुख प्रदान करने वाली है। इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग में संक्रांति पर्व मनाया जाएगा। स्नान दान का विशेष फल प्राप्त होगा।मेष को धनलाभ, वृषभ को सिद्धी, मिथुन को विजय, कर्क को आर्थिक हानि, सिंह को शुभ समाचार, कन्या को आत्मसंतोष, तुला को धनलाभ, वृश्चिक को कलह एवं विवाद, धनु को ज्ञान वृद्धि, मकर को यश कीर्ति, कुंभ को मान सम्मान और मीन राशि वाले भय ग्रस्त रह सकते है।

बालोद जिले के प्रतिभागियों ने आज फुगड़ी, खो-खो और हारमोनियम में जीते पुरस्कार

बालोद। राजधानी रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बालोद जिले के युवा प्रतिभागियों ने आज तीन विधाओं में पुरस्कार जीते हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि बालोद जिले की कु.तृप्ति ने फुगड़ी में 15 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। कुलदीप, डामनलाल एवं साथी ने खो-खो बालक में 15 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार श्री राजेश कुमार ने हारमोनियम वादन में 15 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया।

जुलूस | शहर की बेटी को तौला गया फल और मिठाई से

नगरपालिका में शपथ के बाद विजय जुलुस का हुआ जोरदार स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। नगरपालिका की नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनीता गुप्ता का शपथ लेने के बाद निकला विजयी जुलुस का जगह जगह पर हुआ जोरदार अभूतपूर्व स्वागत हुआ। बाजे गाजे सटोरिये साऊँड़ में निकले जुलुस में कांग्रेस के सभी नेता गण शामिल थे।

नगर के लिए रविवार का दिन एक यादगार दिन रह गया। शहर की बेटी सुनीता गुप्ता और उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा को प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने हजारो लोगो की उपस्थिति में शपथ दिलाई। शपथ के बाद दोनों ने मंत्री सहित सभी कांग्रेसजनों का आशीर्वाद लिया वही मंत्री ने इस युवा टीम को शहर के विकास के लिए अच्छी योजना बना कर उसका अमलीजामा पहनाने को कहा। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के शपथ लेते ही नगर पालिका प्रांगण में साक्षी स्वरुप हजारो लोगो ने इस ऐतिहासिक पल का करतल ध्वनि से स्वागत किया। छोटे और भव्य रूप में संपन्न हुए इस आयोजन के बाद हजारो लोगो की अगुवाई में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनीता गुप्ता और उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंह सलूजा का विजयी जुलुस निकाला गया। इस जुलुस में शामिल शहर की बेटी सुनीता को आशीर्वाद देने जुलुस वाले मार्ग पर घर घर से लोग बाहर खड़े हुए थे। वही इस बेटी की शपथ के बाद झलक देखने लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। नगरपालिका से निकले इस जुलूस में काग्रेस के अधिकांश नेतागण गाड़ी में सवार थे, वही सुनीता गुप्ता को मिठाई से और बाजार में फ्लो से तोला गया है। अपने स्वागत से अभिभूत सुनीता गुप्ता ने सभी लोगो का ह्रदय से धन्यवाद् ज्ञापित करते हुए इन्हें विश्वास दिलाया की आपकी बेटी,बहन अपने शहर को सुन्दर और अच्छा बनाने सभी के सहयोग से विकाश के लिए प्रतिबद्ध है। इस विजयी जुलुस और आभार में सभी कांग्रेस के नेता गणो के अलावा जिला कांग्रेस के महामन्त्री मनोज जैन,अख्तर चौहान,गणेश धुव, सुनील गुप्ता,शरीफ खान,लालू मानिकपुरी,राजा तिवारी सहित महिला कांग्रेस, एन एस यु आई ,सेवादल सहित कान्ग्रेस के विभिन्न प्रकोसठो के कार्यकर्तागण जुलुस में शामिल थे।

न्यूज गैलरी

टाटा ओपन महाराष्ट्र में हिस्सा लेंगे ट्रोइकी और हास

पुणे (वार्ता)। सर्बिया के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी विक्टर ट्रोइकी और हॉलैंड के रोबिन हास यहां महालुंगे बालेवाड़ी स्टेडियम में एक तथा दो फरवरी को टाटा ओपन महाराष्ट्र टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण के क्वालीफाइंग राउंड में खेलेंगे। पूर्व वर्ल्ड नम्बर-12 ट्रोइकी ने रविवार को वर्ल्ड नम्बर-2 नोवाक जोकोविक के साथ खेलते हुए अपने देश सर्बिया को एटीपी कप फाइनल में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। एटीपी कप जीतने के साथ 33 साल के ट्रोइकी सभी तीन मेजर टीम प्रतियोगिता (डेविस कप 2010 और वर्ल्ड टीम कप 2009 तथा 2012) जीतने वाले टेनिस इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। पूर्व वर्ल्ड नम्बर-33 हास इस टूर्नामेंट के लिए जाना-पहचाना चेहरा हैं। हास अपने देश के माटवे मिडिलकूप के साथ टूर्नामेंट के पहले संस्करण में युगल खिताब जीत चुके हैं। 32 साल के हास बीते संस्करण में भी खेले थे और अब वह क्वालीफायर के माध्यम से अपना आगे का सफर जारी रखने का प्रयास करेंगे।

मुम्बई मैराथन 2020 ने चैरिटी के तोड़े कई रिकार्ड

मुम्बई (वार्ता)। टाटा मुम्बई मैराथन 2020 ने इस साल चैरिटी के कई रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इस साल चैरिटी अभियान में कुल 291 एनजीओ, 204 कारपोरेट्स, 14 हजार रनर्स ने 33 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह आंकड़ा प्री-रेस अभियानों का है और इस लिहाज से बीते साल के 40.7 करोड़ रुपये के चैरिटी का रिकार्ड ध्वस्त हो सकता है।'बी बेटर' टैगलाइन के साथ टाटा मुम्बई मैराथन न सिर्फ एक श्रेष्ठ रनिंग इवेंट है बल्कि यह नागरिकों को भी श्रेष्ठ योगदान के लिए प्रेरित करता है। यही कारण है कि टीएमएम 2020 के तहत 2000 से अधिक धावकों ने कैम्पेन में हिस्सा लिया और 12 करोड़ रुपये जुटाए। इस फंड से बच्चों को शिक्षा देने, हेल्थकेयर अच्छा करने, जीवनयापन के साथ उपलब्ध कराने और देश भर में पर्यावरण पर काम करने में मदद मिलेगी।

एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देगा फायरफॉक्स

नई दिल्ली (वार्ता)। एडवेंचर स्पोर्ट्स और ख़ास तौर पर साइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख साइकल ब्राण्ड फ़ायरफ़ॉक्स ने कदम उठाया है और साइक्लिंग में नयी पहल की है। फ़ायरफ़ॉक्स ने इस उद्देश्य के साथ अपने एक नए स्टोर की शुरुआत राजधानी के सरस्वती विहार में की है जहां ग्राहकों को रोमांचक अनुभव देने के लिए स्टोर को विशेष डिज़ाइन दिया गया है। इस स्टोर के माध्यम से फायरफॉक्स लोगों में सेहत और एडवेंचर का नया जोश भरना चाहती है। फायरफॉक्स बाइक्स के सीईओ सुकांत दास ने कहा, ÷फायरफॉक्स में हम राजधाानी के हमारे पहले एक्सक्लुसिव एक्सपीरियंसल स्टोर के उद्घाटन पर रोमांचित हैं।

रोहित और मंधाना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

विश्वकप विजेता कप्तान कपिल देव को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया

भारत के सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा और भारतीय महिला टीम की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना को स्पोर्ट्सस्टार एसिस अवार्ड्स में साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर का पुरस्कार मिला है जबकि भारतीय टेस्ट टीम को टीम ऑफद ईयर का अवार्ड मिला है।

मुंबई (वार्ता)। यह पुरस्कार समारोह शनिवार रात आयोजित हुआ था जिसमें विभिन्न खेलों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने भारतीय टेस्ट टीम को अवार्ड प्रदान किया।

विराट कोहली के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में पिछले 71 वर्षों में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने का इतिहास रचा था।भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम की तरफसे यह पुरस्कार ग्रहण किया। रोहित को क्रिकेट में स्पोर्ट्समैन ऑफ़ द ईयर का पुरस्कार मिला। रोहित ने 2019 में 28 वनडे मैचों में 1490 रन बनाये थे जिसमें विश्व कप में बनाये गए रिकॉर्ड पांच शतक शामिल हैं। पूर्व भारतीय आलराउंडर युवराज सिंह ने रोहित की तरफसे यह पुरस्कार ग्रहण किया।

स्मृति मंधाना को क्रिकेट वर्ग में साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। मंधाना ने 2019 में वनडे मैचों में 423 रन बनाये थे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ को चेयरमैन चॉयस अवार्ड दिया गया। स्मिथ की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने एशेज पर अपना कब्जा बरकरार रखा था।

रैकेट खेलों में बी साई प्रणीत सर्वश्रेष्ठ पुरुष और पीवी सिंधू सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बने। ट्रैक एंड फील्ड में 3000 मीटर के स्टीपलचेज धावक सर्वश्रेष्ठ पुरुष और भाला फेंक एथलीट अनु रानी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बने। हॉकी में भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह और दीप ग्रेस एक्का को यह पुरस्कार मिला। पहलवान बजरंग पुनिया को अन्य व्यक्तिगत खेलों में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया जबकि महिला वर्ग में ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी तथा निशानेबाज अपूर्वी चंदेला को यह पुरस्कार मिला। विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव को लाइफ्टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।शतरंज कोच आरबी रमेश और राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद को साल के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला। आर प्रग्नानंदा (शतरंज) और निशानेबाज मेहुली घोष को सर्वश्रेष्ठ युवा एथलीट का पुरस्कार मिला।

ब्रावो की विंडीज़ टी-20 टीम में वापसी

बारबाडोस (वार्ता)। स्टार ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो इस वर्ष होने वाले आईसीसी विश्वकप के मद्देनज़र अपने संन्यास को छोड़ वेस्टइंडीज़ की ट्वंटी 20 क्रिकेट टीम में वापसी कर रहे हैं और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज़ में खेलने उतरेंगे जो वर्ष 2016 के बाद उनका पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा। 36 साल के ब्रावो ने दिसंबर में पुष्टि की थी कि वह ट्वंटी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास को छोड़ राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे। उनका लक्ष्य इस वर्ष आस्ट्रेलिया में होने वाले ट्वंटी 20 विश्वकप के लिये विंडीज़ टीम में जगह बनाना है। ब्रावो ने आखिरी बार सितंबर 2016 में अबुधाबी में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 खेला था जबकि अक्टूबर 2018 में रिटायरमेंट ले लिया था। ऑलराउंडर को गत वर्ष विश्वकप के लिये भी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया था, लेकिन गत वर्ष उन्होंने वापसी की घोषणा कर दी। हालांकि साफकिया कि वह केवल टी-20 प्रारूप में ही खेलेंगे। ब्रावो ने टी-20 प्रारूप में कुल 450 मैच खेले हैं जो कीरोन पोलार्ड के बाद सर्वाधिक आंकड़ा है। उन्होंने विंडीज़ के लिये 66 टी-20 खेले हैं जिसमें 1142 रन और 52 विकेट दर्ज हैं। क्रिकेट विंडीज़ के मुख्य चयनकर्ता ने कहा,÷ ब्रावो को हमारी डैथ गेंदबाज़ी मजबूत करने के लिये टीम में शामिल किया गया है। हमें इस क्षेत्र में सुधार की बहुत ज़रूरत है। उनके आंकड़े बहुत मजबूत हैं और डैथ गेंदबाजी में टीम के मेंटर भी होंगे। चयनकर्ताओं ने ऑलराउंडर रोवमैन पावेल को भी वापिस बुलाया है जो टीम में 14वें खिलाड़ी होंगे।

वर्ल्ड कप में खेलेंगी जौनपुर की राधा

जौनपुर (वार्ता)। 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता,एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों' दुष्यंत कुमार की यह पंक्तियां पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिले जौनपुर के एक छोटे से गांव में रहने वाली क्रिकेट खिलाड़ी राधा यादव ने चरितार्थ कर दिखायी है। जिले में विकास क्षेत्र मड़ियाहूं के अजोशी ग्राम निवासी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राधा यादव का चयन टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। 21 फरवरी से नौ मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में महिला विश्व कप खेला जायेगा। 20वर्षीय हरफनमौला खिलाड़ी राधा ने 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। मुंबई में अपने पिता प्रकाश चंद्र यादव के साथ रहकर क्रिकेट खेलने वाली राधा वर्तमान में गुजरात से क्रिकेट खेलती है। केएन इंटर कालेज बाँकी सिकरारा से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने वाली राधा यादव वर्तमान में गुजरात प्रांत से क्रिकेट खेलती है। जिले के खिलाड़ियों ने राधा यादव को विश्वकप में सफलता प्राप्त करने के लिए कामना की है।

बंगलादेश को पाकिस्तान के संक्षिप्त दौरे की मंजूरी मिली

ढाका(वार्ता)। बंगलादेश को पाकिस्तान के संक्षिप्त दौरे की मंजूरी मिल गयी है जिसमें सिर्फ टी-20 सीरीज खेली जायेगी और कोई टेस्ट मैच नहीं होगा।

बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन ने बताया कि उनकी सरकार ने ईरान-अमेरिका तनाव को देखते हुए सिर्फसंक्षिप्त दौरे के लिए अपनी मंजूरी दी है जिसका मतलब है कि बंगलादेश की टीम पाकिस्तान में केवल टी-20 सीरीज खेल सकती है कोई टेस्ट नहीं। बंगलादेश बोर्ड का दिसम्बर में भी यही रुख रहा था। बंगलादेश बोर्ड को अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपने फैसले से अवगत कराना है।

बड़ौदा के खिलाफ ड्रा मैच में यूपी ने जुटाये 3 अंक

उत्तर प्रदेश और बड़ौदा के बीच मौसम बाधित रणजी ट्राफी ग्रुप ए और बी मुकाबला मंगलवार को यहां हारजीत के फैसले के बगैर समाप्त हो गया। यूपी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि बड़ौदा को एक अंक से संतोष करना पड़ा।

कानपुर (वार्ता)। ग्रीनपार्क मैदान पर उत्तर प्रदेश ने टास जीतकर पहले खेलते हुये पहली पारी में 431 रन बनाये जिसके जवाब में बड़ौदा की टीम पहली पारी में 230 रन बनाकर आउट हो गयी। यूपी के कप्तान अंकित राजपूत ने बड़ौदा को फालोआन खिलाने का फैसला किया हालांकि केदार देवधर (51 नाबाद) और विष्णु सोलंकी (58 नाबाद) की टिकाऊ पारी के चलते उनकी टीम की कठिन जीत दिलाने की हसरत धरी की धरी रह गयी। यूपी ने अब तक खेले गये पांच मैचों में 13 अंक हासिल किये है जबकि बड़ौदा दो जीत के साथ चार मैचों में 13 अंक बटोर चुकी है। चार दिवसीय मैच में मौसम ने खलनायक की भूमिका अदा की। इस दौरान खराब रोशनी और कोहरे के कारण करीब 95 ओवरों का खेल बर्बाद हो गया। सोमवार को भोजनावकाश के बाद शुरू हुये खेल में बड़ौदा ने दिन की समाप्ति तक मात्र 179 रनों पर आठ विकेट टपका दिये थे हालांकि विराज भोसले (39) और भार्गव भट्ट (20) ने आज निर्धारित समय से करीब 45 मिनट देर से शुरू हुये मैच में संयम से खेलते हुये फालोआन टालने की पुरजोर कोशिश की लेकिन एक रन की कमी से टीम को दोबारा बैटिंग के लिये मैदान पर उतरना पड़ा।

बिहार ने मणिपुर को पारी और 183 रन से हराया

बालुरघाट (वार्ता)। अभिजीत साकेत (सात और तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मुकाबले के तीसरे ही दिन सोमवार को पारी और 183 रन के बड़े अंतर से हराकर बोनस सहित सात अंक हासिल कर लिए। बिहार ने ओपनर इंद्रजीत कुमार (134) के शानदार शतक से पहली पारी में 431 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसके जवाब में मणिपुर को पहली पारी में 94 रन पर ढेर होने के बाद फॉलोआन खेलना पड़ा। अभिजीत ने 14 ओवर में 43 रन देकर सात विकेट झटके। मणिपुर की टीम दूसरी पारी में 154 रन पर सिमट गयी और उसे पारी की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। मणिपुर के लिए रेक्स सिंह ने नाबाद 77 रन बनाये।

जम्मू-कश्मीर ने सर्विसिस को ग्रुप सी मैच में 173 रन से हराया

नई दिल्ली (वार्ता)। कप्तान परवेज रसूल (182 और 45 तथा एक और तीन विकेट) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन से जम्मू- कश्मीर ने पालम मैदान में सर्विसिस को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के अंतिम दिन मंगलवार को 173 रन से हराकर छह अंक हासिल कर लिए। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 360 रन बनाये जबकि सर्विसिस की टीम 242 रन पर सिमट गयी। जम्मू-कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 201 रन पर घोषित कर दी। सर्विसिस की दूसरी पारी 146 रन पर सिमट गयी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। जम्मू-कश्मीर के लिए मोहम्मद मुदासिर और रसूल ने तीन-तीन विकेट लिए। जम्मू-कश्मीर की पांच मैचों में यह चौथी जीत है और वह 26 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया है।

महाराष्ट्र ने झारखंड को हराया

नागोथाने (वार्ता)। महाराष्ट्र ने झारखंड को ग्रुप सी मैच में आठ विकेट से हराकर छह अंक हासिल कर लिए। महाराष्ट्र ने पहली पारी में 434 और झारखंड ने 170 रन बनाये। फॉलोआन करने के बाद झारखंड ने दूसरी पारी में 311 रन बनाये। महाराष्ट्र ने दो विकेट पर 48 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। महाराष्ट्र की पांच मैचों में यह पहली जीत है और उसके नौ अंक हो गए हैं। झारखंड की पांच मैचों में यह दूसरी हार है और उसके 16 अंक हैं।

आंध्र और यूपी का मैच ड्रा

मेरठ (वार्ता)। मेजबान उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के बीच कूच बिहार ट्राफी एलीट ग्रुप ए और बी का चार दिवसीय मुकाबला मंगलवार को ड्रा समाप्त हो गया। प्रतियोगिता में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली यूपी के इस मुकाबले के बाद सात मैचों में मात्र आठ अंक है। टीम को अब तक मात्र एक मैच में जीत मिली है जबकि चार में उसे हार का मुंह देखना पडा है। वहीं आंध्र ने इतने ही मैचों में 21 अंक अर्जित कर लिये है। भामाशाह पार्क ग्राउंड में टास हार कर पहले खेलते हुये आंध्र प्रदेश ने पहली पारी में 313 रनो का सम्मानजनक स्कोर बनाया जिसके जवाब में यूपी की पहली पारी 254 रनो पर सिमट गयी। पहली पारी में 59 रनो की महत्वपूर्ण बढत हासिल करने के बाद आंध्र ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 143 रन बनाकर पारी घोषित कर दी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन बॉल किड्स इंडिया प्रोग्राम 2020

किआ मोटर्स इंडिया ने की विजेताओं की घोषणा

नई दिल्ली। किआ मोटर्स कॉर्पोरेषन की पूर्ण अधिग्रहीत सब्सिडियरी तथा दुनिया की 8वीं सबसे बड़ी ऑटोनिर्माता, किआ मोटर्स इंडिया ने आज अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन बॉलकिड्स इंडिया प्रोग्राम के दूसरे सीज़न के विजेताओं की घोशणा की। 12 साल से 15 साल के बीच के 10 चयनित बच्चों को गहन प्रषिक्षण दिया गया और अब वो जनवरी 2020 में होने वाले ग्रांड स्लैम में दुनिया के अन्य बॉलकिड्स के बीच भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विजेताओं के नाम - आदित्य बीएमवी, हैदराबाद, अथर्व हितेंद्र, अहमदाबाद, अत्रिजो सेनगुप्ता, कोलकाता, दिव्यांषु पांडे, गुरुग्राम, हर्शित पंडिता, गुरुग्राम, रिजुल भाटिया, पंचकुला, संस्कृति वादकत्तू, हैदराबाद, सरगम सिंगला, चंडीगढ़, षर्विन कौस्तुभ, मुंबई, यषवर्धन गौर, चंडीगढ। 2019 में बॉलकिड्स प्रोग्राम के

पहले संस्करण की सफलता के बाद इस साल भारत से 250 से ज्यादा युवा टेनिसप्रेमियों ने ट्रायल्स में हिस्सा लिया और टेनिस खेलने की अपनी कला, चुस्ती एवं कम्युनिकेषन स्किल्स का प्रदर्षन किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन बॉलकिड्स इंडिया प्रोग्राम के दूसरे सीज़न के ट्रायल 10 षहरों में आयोजित हुए और टेनिसप्रेमियों को जीवन का यह सुनहरा अवसर प्रदान किया। प्रोग्राम की ऑफिषियल स्क्वैड भारत के विभिन्न हिस्सों से है, जो पूरे देष में युवाओं के अपार उत्साह का प्रमाण है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के अधिकारियों ने 10 किड्स की अंतिम स्क्वैड को चुना और इन किड्स के कठोर परीक्षण किए, जिसमें रॉलिंग टेकनीक एवं सर्विंग टेकनीक आदि षामिल हैं, ताकि उनकी एथलेटिसिज़्म और ऑन-कोर्ट कम्युनिकेषन स्किल्स का आंकलन हो सके। श्री मनोहर भट्ट, वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड-सेल्स व मार्केटिंग, किआ मोटर्स इंडिया ने कहा, ''मैं उन सभी किड्स को षुभकामनाएं देता हूँ, जिनका चयन ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020 के ऑफिषियल बॉलकिड्स के रूप में हुआ है। अपनी महत्वाकांक्षा की ओर बढ़ने और उसमें सफल होने से अच्छी बात और कोई नहीं।

जीत की उम्मीद | **भारत अपने घरेलू मैच 15000 दर्शकों की क्षमता वाले कलिंगा स्टेडियम में खेलेगा**

भारत का प्रो लीग में पहला मुकाबला हॉलैंड से

टोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुका भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पहली बार हिस्सा लेने जा रहा है और उसका पहला मुकाबला 18 और 19 जनवरी को यहां के कलिंगा स्टेडियम में होगा।

इस बार पहले संस्करण के मुकाबले कुछ परिवर्तन किया गया है। पहले सत्र की समाप्ति पर ग्रैंड फाइनल हुआ था जिसे इस बार समाप्त कर दिया गया है। इस बार पुरूष और महिला चैंपियन टीम वो होगी जो प्रतियोगिता की समाप्ति पर सबसे अधिक अंक जुटाएगी। भारतीय टीम को प्रो लीग के पहले विजेता और ओसनिया चैंपियन आस्ट्रेलिया (रैंकिंग-1), विश्व और यूरोपियन चैंपियन बेल्जियम (2), ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना (4), हॉलैंड (3), जर्मनी (6), ब्रिटेन (7), स्पेन (8) और न्यूजीलैंड (9) से होम एंड अवे आधार पर भिड़ना है।

भुवनेश्वर (वार्ता)। हॉलैंड विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि भारत पांचवें स्थान पर है। हॉलैंड ने पिछले साल प्रो लीग के पहले संस्करण में तीसरा स्थान हासिल किया था जबकि भारतीय टीम इस लीग में पदार्पण करने जा रही है। भारत अपने घरेलू मैच 15000 दर्शकों की क्षमता वाले कलिंगा स्टेडियम में खेलेगा। विश्व की पांचवें नंबर की टीम भारत ने गत वर्ष नवंबर में ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में रूस को आसानी से हराकर टोक्यो ओलंपिक का टिकट पाया था। भारत आठ बार का ओलंपिक चैंपियन है और उसने ओलम्पिक में आखिरी बार स्वर्ण पदक 1980 के मॉस्को ओलंपिक में जीता था, लेकिन उसके बाद से भारतीय हॉकी को अपने पहले ओलंपिक पदक का इंतजार है। प्रो लीग की शुरूआत 11 जनवरी से हो गयी है और चैंपियन हॉलैंड की महिला टीम ने चीन के जांग झोऊ स्थित वुजिन हॉकी स्टेडियम में उद्घाटन मुकाबले में चीन को 11 और 12 जनवरी को क्रमशः 3-0 और 4-2 से हराया था। भारत और हॉलैंड का आखिरी मुकाबला 2018 के विश्व कप में कलिंगा स्टेडियम में ही हुआ था और हॉलैंड ने मेजबान भारत को क्वार्टरफाइनल में 2-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। दोनों टीमों के बीच 2013 से पिछले 10 मुकाबलों में हॉलैंड ने पांच और भारत ने चार जीते हैं। जनवरी से जून 2020 के बीच चलने वाली इस प्रो लीग में 144 मैच खेले जाएंगे और दुनिया की श्रेष्ठ पुरूष और महिला टीमें खिताब जीतने का प्रयास करेंगी। इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण 2019 में हुआ था। वर्ष 2020 का संस्करण टोक्यो ओलंपिक को देखते हुये खासा महत्वपूर्ण हो गया है। 11 देशों में 20 स्थल प्रो लीग के मैचों की मेजबानी करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रो लीग में हिस्सा ले रही 18 टीमों में से 16 टीमें इस साल के टोक्यो ओलम्पिक में हिस्सा लेने जा रही हैं और इन सभी टीमों को अपनी ओलंपिक तैयारियों को मजबूत करने का मौका मिलेगा।

एशियाई चैंपियनशिप के लिए साक्षी ने जीता ट्रायल

नई दिल्ली (वार्ता)। ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मालिक का चयन दिल्ली में होने वाली सीनियर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता के लिए 65 किग्रा के गैर ओलम्पिक वजन वर्ग में हो गया है। गैर ओलम्पिक वजन वर्गों के चयन ट्रायल लखनऊ और सोनीपत में 12 और 13 जनवरी को आयोजित किये गए जिसमें फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला श्रेणी में चार-चार पहलवानों का चयन किया गया।

पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में 61 किग्रा में राहुल अवारे, 70 किग्रा में नवीन, 79 किग्रा में गौरव बालियान और 92 किग्रा में सोमवीर का चयन किया गया जबकि ग्रीको रोमन वर्ग में 55 किग्रा में अर्जुन, 63 किग्रा में सचिन राणा, 72 किग्रा में आदित्य कुंडू और 82 किग्रा में हरप्रीत सिंह ट्रायल जीतकर भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे। महिला वर्ग में पिंकी ने 55 किग्रा, सरिता ने 59 किग्रा, साक्षी ने 65 किग्रा और गुरशरनप्रीत कौर ने 72 किग्रा में अपने-अपने ट्रायल जीते।

मा. सोनिया गांधी
मा. राहुल गांधी
मा. पी.एल. पुनिया
मा. टी.एस. सिंहदेव
मा. ताम्रध्वज साहू
मा. रविन्द्र चौबे
मा. प्रेमसाय सिंह टेकाम
मा. मो. अकबर
मा. शिव डहरिया
नगरीय मंत्री, छ.ग. शासन
मा. कवासी लखमा
मा. अनिला भेंडिया
मा. जयसिंह अग्रवाल
मा. रुद्र कुमार
मा. उमेश पटेल
मा. अमरजीत भगत
मा. मनोज मंडावी
मा. अनूप नाग
नगर पालिका कांकेर के
नवनिर्वाचति अध्यक्ष और
उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण
समारोह में पधार रहे
-:: मुख्य अतिथि ::-
मान. श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. मोहन मरकाम
प्रदेशाध्यक्ष
मा. शिशुपाल शोरी
विधायक कांकेर
मा. राजेश तिवारी
संसदीय सलाहकार
मा. जितेन्द्र सिंह ठाकुर
अध्यक्ष नगर पालिका निगम
-:: अध्यक्षता ::-
मा. डॉ शिवकुमार डहरिया
मंत्री नगरीय प्रशासन एवं निवास
तथा श्रमविभाग, छ.ग. शासन
-:: अति विशिष्ट अतिथि ::-
मा. श्री मोहन मरकाम
मा. श्री मनोज मंडावी
मा. श्री शिशुपाल सोरी
मा. श्री अनूप नाग
मा. श्री राजेश तिवारी
का कांकेर की धरा पर
हार्दिक अभिनंदन....
मा. सरोज जितेन्द्र सिंह ठाकुर
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
-:: कार्यक्रम ::-
दिनांक : 15 जनवरी 2020
दिन: गुरूवार,
समय : दोपहर 1.30 बजे
स्थान : पुलिस ग्राउण्ड, पुलिस
अधीक्षक कार्यालय, कांकेर
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मा. मकबूल खान
नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष
श्रीमति उगेश्वरी उइके
पार्षद वार्ड क्र. 01
श्रीमति विजय लक्ष्मी कौशिक
पार्षद वार्ड क्र. 02
श्रीमति लीना जैन
पार्षद वार्ड क्र. 03
श्री दीपक शोरी
पार्षद वार्ड क्र. 04
श्री जयंत अटमिया
पार्षद वार्ड क्र. 05
श्री सतीश दीपक
पार्षद वार्ड क्र. 07
श्री अजय सिंह रैना
पार्षद वार्ड क्र. 09
श्रीमती सुशीला यादव
पार्षद वार्ड क्र. 10
शहदाब खान
पार्षद वार्ड क्र. 11
श्रीमति आरती श्रीवास्तव
पार्षद वार्ड क्र.-12
श्रीमति मीना उके
पार्षद वार्ड क्र.-13
श्री राजकिशोर ठाकुर
पार्षद वार्ड क्र.-14
श्री शैलेन्द्र शोरी
पार्षद वार्ड क्र.-15
श्रीमति रमशीला साहू
पार्षद वार्ड क्र.-16
श्रीमति माला तिवारी
पार्षद वार्ड क्र.-17
श्री जितेन्द्र बैद्य
पार्षद वार्ड क्र.-18
श्रीमति जागेश्वरी साहू
पार्षद वार्ड क्र.-19
श्री नरेश बिछिया
पार्षद वार्ड क्र.-20
श्री आनंद चौरसिया
पार्षद वार्ड क्र.-21